ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • चैत्र शुक्ल पक्ष 01 • विक्रम संवत 2080 • बुधवार, 22 मार्च 2023 • वर्ष-29 • अंक-155 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 1.50

कामाख्या मंदिर में रानी मुखर्जी ने लिया देवी मां... पेज 10 पर



## वासंतिक नवरात्र

### प्रथम : शैलपुत्री



**यह** देवी दुर्गा के नौ रूपों में से प्रथम रूप है। मां शैलपुत्री चंद्रमा को दर्शाती हैं और इनकी पूजा से चंद्रमा से संबंधित दोष समाप्त हो जाते हैं।

वन्दे वांछित लाभाय
चन्द्रार्द्धकृत शेखराम।
वृषारूढ़ा शूलधरां शैलपुत्री
यशस्विनीम॥

**नवरात्र** पूजन के प्रथम दिन मां शैलपुत्री का पूजन होता है। पर्वतराज हिमालय की कन्या होने के कारण इन्हें शैलपुत्री कहा गया है। मां शैलपुत्री दाहिने हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल का पुष्प लिये अपने वाहन वृषभ पर विराजमान होती हैं। नवरात्र के इस प्रथम दिन की उपासना में साधक अपने मन को 'मूलाधार' चक्र में स्थित करते हैं। शैलपुत्री का पूजन करने से 'मूलाधार चक्र' जागृत होता है और यहीं से योग साधना आरंभ होती है, जिससे अनेक प्रकार की शक्तियां प्राप्त होती हैं।

## हाइवा ने स्कूटी सवार को रौंदा, दो की मौत



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
जिले में तेज रफ्तार का कहर जारी है। तेज रफ्तार के कारण सड़क हादसों में बढ़ोतरी हो रही है बावजूद लोग रफ्तार को कम करने का नाम नहीं ले रहे हैं। इस क्रम में मंगलवार को तेज रफ्तार के कारण दो युवकों की मौत हो गई जबकि हादसे में एक युवक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार लोहरदगा-रांची मुख्य पथ में कुडू थाना क्षेत्र के चिरी के समीप एक तेज रफ्तार हाइवा ने स्कूटी पर सवार तीन युवकों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे दो युवकों की मौत हो गई। वहीं, घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना मंगलवार की दोपहर करीब तीन बजे की है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के हेंजला गांव निवासी किशोर किंडो के पुत्र ज्योतिष किंडो (18), रूपलाल के पुत्र नवीन कुमार (15) और बेतर नावाटांड़ निवासी देव प्रसाद सिंह के पुत्र मयंक सिंह (14) स्कूटी से लोहरदगा जा रहे थे। तभी कड़ाक पुल के ऊपर दूसरी ओर से आ रहे हाइवा से सीधी टक्कर हो गयी। हादसे में ज्योतिष किंडो की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि नवीन कुमार की मौत लोहरदगा में इलाज के दौरान हो गयी। वहीं, घायल मयंक को कुडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया जहां से उसे गंभीर हालत में रांची रिम्स रेफर किया गया है। घटना के बाद कुडू पुलिस ने हाइवा को जब्त कर थाना ले आई। शव को पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच और आगे की कार्रवाई में जुट गई है। घटना के बाद सड़क के दोनों ओर दर्जनों वाहनों की कतार लग गई थी, जिसे पुलिस ने त्वरित रूप से कार्रवाई करते हुए सड़क जाम खत्म कराया।

## भाजपा विधायकों ने लगाए जय श्री राम के नारे

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में मंगलवार को हजारीबाग की रामनवमी में लगाए गए प्रतिबंधों को लेकर सदन के अंदर और बाहर भाजपा विधायकों ने जय श्री राम के नारे लगाए और प्रदर्शन किया। हंगामे के कारण स्पीकर रबींद्रनाथ महतो ने सदन की कार्यवाही 12 बजे तक स्थगित कर दी थी। इसके बाद जब दोबारा सदन की कार्यवाही शुरू हुई तो भाजपा के विधायक वेल में आकर हंगामा करने लगे। हजारीबाग में रामनवमी पर जिला प्रशासने के दिशा-निर्देशों का भाजपा विधायक विरोध कर रहे थे। स्पीकर बार-बार विधायकों से सीट पर बैठने का आग्रह करते रहे, लेकिन हंगामा जारी रहा। हंगामे के बीच स्पीकर ने शून्यकाल की कार्यवाही शुरू की। कांग्रेस ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



चैत्र नवरात्रि आज से शुरू

# हेमंत सोरेन ने गदा उठाकर जय श्री राम का किया उद्घोष

### मुख्यमंत्री ने तपोवन मंदिर क्षेत्र के सौंदर्यीकरण की रखी आधारशिला

### मंदिर में शीश झुकाकर राज्य की उन्नति और सुख-शांति की कामना की

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
ऐतिहासिक तपोवन मंदिर, निवारणपुर का स्वरूप बदलेगा। मंदिर और आसपास का क्षेत्र विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर तपोवन मंदिर के आसपास के क्षेत्रों के सौंदर्यीकरण और पुनर्निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। इसके पहले मुख्यमंत्री और विधायक सीपी सिंह ने मंदिर में शीश झुकाकर राज्य की उन्नति, सुख-शांति, सद्भाव और समृद्धि की कामना की। गदा उठाकर मुख्यमंत्री ने कहा : जय श्रीराम। इसके बाद विधानसभा सत्र की व्यस्तता का हवाला देते वे जल्द ही वहां से निकल गये। उन्होंने जनसमुदाय से कहा कि उन्हें फिर खुशी होगी जब वे रामनवमी के दिन इस मंदिर में आएंगे। लोगों ने उनका आभार जताते इसे सरकार की बड़ी सौगात बताया। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान रांची विधायक सीपी सिंह, नगर विकास सचिव विनय कुमार चौबे, डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय, जुडको, रांची नगर निगम के पदाधिकारी और अन्य अन्य लोग भी उपस्थित थे।



**सौंदर्यीकरण और पुनर्निर्माण कार्य का एक्शन प्लान :** तपोवन मंदिर परिसर और आसपास के सात हजार वर्ग मीटर के क्षेत्रों के सौंदर्यीकरण और पुनर्निर्माण कार्य पर 14 करोड़ 67 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। जुडको ने इसका एक्शन प्लान तैयार कर लिया है। इसके तहत कडरू से तपोवन मंदिर तक पुल का चौड़ीकरण और हरमू नदी को कवर किया जाएगा। ओवरब्रिज से निवारणपुर जाने वाली सड़क का भी चौड़ीकरण होगा। मंदिर आने के लिए वैकल्पिक मार्ग और अप्रोच रोड भी बनाया जाएगा। मंदिर के दोनों ओर तोरणद्वार बनेंगे। सौंदर्यीकरण के तहत कडरू साइड वाले पुल को डबल लेन का बनाया ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### रामनवमी पर रहेंगे सुरक्षा के कड़े इंतजाम

**रांची।** झारखंड में रामनवमी के पर्व पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जाएंगे। राजधानी रांची सहित राज्य के 24 जिलों में लगभग दस हजार अतिरिक्त बलों की प्रतिनियुक्ति की जायेगी। इसमें सशस्त्र बल और लाठी बल भी शामिल हैं। पुलिस मुख्यालय ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश के अनुसार 27 मार्च तक प्रतिनियुक्त बलों को संबंधित जिलों में पहुंचना होगा। पुलिस बल को हथियार, गोली, लाठी, हेलमेट, ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

स्वास्थ्य मंत्री पर सरयू राय ने लगाया झूठ बोलने का आरोप

## गलत जानकारी देने पर अवमानना की कार्रवाई की मांग



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता पर गलत जानकारी देने के आरोप में विधानसभाध्यक्ष से अवमानना की कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। यहां जारी एक बयान में सरयू राय ने कहा कि बन्ना गुप्ता ने सदन को गुमराह किया है, भ्रष्टाचार को छुपाने की कोशिश की है। सरयू राय ने पत्र में लिखा हैः मंगलवार को सदन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा दवाओं के खरीद में अनियमितता पर कार्रवाई करने के सबंध में मेरा अल्पसूचित प्रश्न सूचीबद्ध था। मेरा सवाल था कि क्या भारत सरकार के रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय तथा स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा भारत सरकार के लोक उपक्रमों से दवाएं खरीदने का दिशा-निर्देश सरकार के लिए बाध्यकारी हैं या सलाहनुमा? इस पर मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि यह बाध्यकारी है। मंत्री ने जो उत्तर दिया, वह सरासर गलत है। उन्होंने सदन को गुमराह किया है, असत्य कहा है और अपना भ्रष्टाचार छुपाने की कोशिश की है। उन्होंने भारत सरकार के रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय का पत्र संख्या- एफ न.50(9)/2010-पीI-IV, दिनांक 31.03.2014 की प्रति का हवाला देते हुए कहा कि इस पत्र में रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय ने स्पष्ट रुप से कहा है कि सरकारी संस्थाओं से ही दवा खरीद करना बाध्यकारी नहीं है। यह उन्होंने रेलवे की पृच्छा के उत्तर में दिया है। स्पष्ट है कि स्वास्थ्य मंत्री ने इस बारे में सदन को गुमराह किया है और असत्य कहा है। सरयू राय ने लिखा है कि सेफोपेराजोन इंजेक्शन 1. जीएम को राज्य सरकार ने भारत सरकार की कंपनी कर्नाटका एंटिबायोटिक्स से रू. 41.56 प्रति भॉयल की दर से खरीदा है और उसी को निविदा के माध्यम ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### मुख्यमंत्री ने रघुनाथ महतो की जयंती पर किया नमन

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को जल, जंगल, जमीन की रक्षा और अंग्रेज शोषकों के खिलाफ विद्रोह करने वाले चुआड़ विद्रोह के महानायक, वीर माटी पुत्र, अमर वीर शहीद रघुनाथ महतो की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

### भारतीय नववर्ष पर आज होगा दीपदान

**रांची।** रांची में हर वर्ष की भांति इस बार भी भारतीय नववर्ष चैत्र प्रतिपदा के दिन बुधवार की सुबह बड़ा तालाब में सूर्य मंदिर के समक्ष दीपदान का कार्यक्रम होगा। यह आयोजन संस्कृति संवर्द्धन समिति झारखंड के तत्वावधान में होगा। समिति के अध्यक्ष शहर के प्रसिद्ध सर्जन डॉक्टर एमपी सिंह ने बताया कि 22 मार्च की सुबह प्रार्थना एवं भजन के साथ कार्यक्रम आरंभ होगा। इसके बाद चिन्मय मिशन आश्रम के स्वामी परिपूर्णानंद जी नव वर्ष कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को अपना आशीर्वचन देंगे। डॉ. सिंह ने बताया कि सूर्योदय होते ही बड़ा तालाब में दीपदान कर भगवान सूर्य की आरती होगी। इस अवसर उन्होंने सनातन समाज से अपील की कि अधिक से अधिक संख्या में दीपदान कार्यक्रम में शामिल होकर भारतीय नववर्ष की खुशियां मनाएं।

## पलामू में नक्सलियों ने पांच ट्रैक्टर फूंके



**नवीन मेल संवाददाता। मेदनीनगर**
पलामू के नावा बाजार थाना क्षेत्र में प्रतिबंधित नक्सली संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमिटी (टीपीसी) के नक्सलियों ने सोमवार देररात कंडा घाटी में स्थित एसकेएम ईंट भट्ठा में खड़े पांच ट्रैक्टरों को आग के हवाले कर फूंक दिया। घटना को अंजाम देने के बाद नक्सली मौके से फरार हो गए। सूचना पाकर पुलिस मंगलवार सुबह पहुंची। बताया जा रहा है कि ईंट भट्ठा मालिक को करीब 14 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने घटना की पुष्टि की है। ईंट भट्ठा के कर्मियों ने बताया कि हथियारबंद करीब 15-20 नक्सलियों ने मजदूरों को बंधक बनाकर एक ट्रैक्टर से तेल निकालकर सभी पांच ट्रैक्टर में आग लगा दी। तीन ट्रैक्टर पूरी तरह राख हो गए। आशंका जताई जा रही है कि ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### पलामू में 50 हजार की अवैध शराब जब्त

**मेदिनीनगर।** जिले के विश्रामपुर थाना से महज पांच सौ मीटर की दूरी पर ट्रक में लदे अवैध शराब जब्त किया गया। उत्पाद विभाग के इंस्पेक्टर संजय कुमार ने मंगलवार को बताया कि सूचना मिली थी कि विश्रामपुर थाना के समीप एक ट्रक में अवैध शराब लदा हुआ है। सूचना के आधार पर ट्रक को जब्त किया गया। ट्रक की तलाशी में चावल के बोरी में छिपा कर करीब 500 पेटी अवैध शराब बरामद किया गया है, जिसकी कीमत लगभग 50 लाख रुपए है। ट्रक चालक पप्पू राम को गिरफ्तार किया गया है। पंजाब के गुरुदासपुर से अवैध शराब पलामू के रास्ते बिहार ले ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## दुनिया की सबसे अहम पार्टी है भाजपा

### अमेरिका के प्रतिष्ठित अखबार वॉल स्ट्रीट जर्नल में छपा लेख

### 2024 में जीत की भविष्यवाणी



**एजेंसी। नई दिल्ली**
अमेरिका के प्रतिष्ठित अखबार 'वॉल स्ट्रीट जर्नल' ने भारतीय जनता पार्टी को दुनिया का सबसे महत्वपूर्ण राजनीतिक दल करार दिया है। अखबार में छपे एक लेख में बताया गया है कि बीजेपी दुनिया की सबसे अहम पॉलिटिकल पार्टी है। साथ ही इसमें लेखक ने 2024 लोकसभा में भी बीजेपी की जीत की भविष्यवाणी की है। बीजेपी को लेकर छपे इस लेख की चर्चा काफी है, क्योंकि वॉल स्ट्रीट जर्नल एक वामपंथी झुकाव वाला अखबार माना जाता है, जबकि बीजेपी भारत की एक दक्षिणपंथी पार्टी है। अखबार में छपे लेख के लेखक वॉल्टर रसेल मीड हैं। मीड दरअसल एक एकेडमिशियन हैं और अमेरिका के प्रतिष्ठित हडसन इंस्टिट्यूट में प्रमुख स्ट्रैटजिक और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों की शिक्षा देते हैं। इसके अलावा इटली के एस्पेन इंस्टिट्यूट के सदस्य भी हैं। दुनिया की टॉप थिंक टैंक में शुमार रहे हैं। बीजेपी के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए वॉल्टर रसेल लिखते हैंः बीजेपी, जो 2014 में सत्ता में आई थी, उसने 2019 में दूसरा कार्यकाल जीता और 2024 में फिर से जीत की ओर बढ़ रही है। बीजेपी ऐसे समय में भारतीय राजनीति के शीर्ष पर बैठी है, जब भारत जापान के साथ इंडो-पैसिफिक में अमेरिका के लिए अहम रणनीतिकार और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में उभर रहा है। निकट भविष्य में बीजेपी एक ऐसे देश में निर्णायक की भूमिका निभाएगी, जिसकी मदद के बिना बढ़ती चीनी शक्ति को संतुलित करने में अमेरिका सफल नहीं हो सकता। वॉल स्ट्रीट जर्नल के छपे लेख में बीजेपी के प्रति अमेरिका में बनी छवि पर भी रौशनी डाली गई है। साथ ही लेखक ने यह भी बताया ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

**शुरुआत** मंत्री बोले- 80 प्रखंडों में मुख्यमंत्री सारथी योजना होगी शुरू

# श्रम विभाग का अनुदान मांग पारित



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में मंगलवार को भोजनावकाश के बाद सदन में श्रम विभाग के अनुदान मांग पर चर्चा हुई। विपक्ष ने सरकार के जवाब का बहिष्कार किया। विपक्ष के बहिष्कार के बीच वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए श्रम विभाग का 985 करोड़ रुपये का अनुदान मांग पारित हुआ। चर्चा का जवाब देते हुए श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि हमारी सरकार रोजगार के नाम पर हाथी नहीं उड़ाती बल्कि धरातल पर काम करती है। राज्य के 80 प्रखंडों में मुख्यमंत्री सारथी योजना अप्रैल महीने से शुरू की जा रही है, इसके तहत एक साल के लिए बेरोजगार युवकों को एक हजार प्रतिमाह और युवतियों को डेढ़ हजार रुपये प्रतिमाह दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने 16 जुलाई को 11 हजार युवक-युवतियों को रोजगार दिया। बंद पड़े आईटीआई को चालू कराया। मंत्री ने कहा कि नियोजन विधेयक 2021 के तहत निजी क्षेत्र में 75 प्रतिशत नौकरी स्थानीय को निजी क्षेत्र में देंगें। मजदूर हित में काम हो रहा है। मजदूरों की लाश लाने के लिए 50 हजार की व्यवस्था की। सभी जगहों से कोविड में मजदूर लाए गए।

### प्रवासी मजदूरों के लिए देशव्यापी कानून बने : बिनोद सिंह

चर्चा में भाग लेते हुए माले विधायक बिनोद सिंह ने कहा कि प्रवासी मजदूरों के संदर्भ में सरकार ने व्यापक सुधार किए हैं। लेकिन इसमें दो-तीन सुधार की जरूरत है। प्रवासी मजदूरों के लिए देशव्यापी कानून बने। झारखंड के कई मजदूर विदेशों में काम कर रहे हैं, उनका बीमा जरूरी है। न्यूनतम मजदूरी का कानून बने। सरकार खुद न्यूनतम मजदूरी नहीं दिला पाती। ऐसे में सरकार को बताना चाहिए कि कितने सरकारी लोगों पर न्यूनतम मजदूरी नहीं देने के कारण कार्रवाई हुई।

**दो-तीन घंटे भी नहीं मिल रही बिजली : ढुलू महतो**
भाजपा विधायक ढुल्लू महतो ने कहा कि वर्तमान समय में ऊर्जा विभाग की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। राज्य में स्थिति खराब है। दो-तीन घंटे बिजली रहती है। दो साल से 80 पावर ग्रिड शुरू नहीं हो पाया। कमी विभाग में है या सरकार की इच्छा शक्ति में है। गर्मी आ रही है, ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### राहुल गांधी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक बरकरार

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट में मंगलवार को अमित शाह पर टिप्पणी मामले में राहुल गांधी की याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में वादी राहुल गांधी की ओर से हस्तक्षेप याचिका दाखिल की गई, जिसका जवाब देने के लिए प्रतिवादी प्रताप कुमार की ओर से अधिवक्ता गौतम कुमार एवं विनोद साहू ने समय लिया। अब मामले की अगली सुनवाई 18 मई तक राहुल गांधी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक जारी रहेगी। यह मामला राहुल गांधी द्वारा वर्ष 2019 में कांग्रेस के अधिवेशन में तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ टिप्पणी करने से जुड़ा है। इसमें राहुल गांधी ने कहा था कि कांग्रेस में कोई हत्यारा राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं बन सकता है। कांग्रेसजन किसी हत्यारा को राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वीकार नहीं कर सकते हैं, यह भाजपा में ही पॉसिबल है।

## दुर्गा सोरेन विश्वविद्यालय समेत दो विवि विधेयक पारित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
बजट सत्र के दौरान मंगलवार को दुर्गा सोरेन विश्वविद्यालय और जैन विश्वविद्यालय विधेयक पारित हुआ। दोनों विधेयक पर विधायक विनोद सिंह, मनीष जयसवाल, अमित मंडल, अनंत ओझा, बिरंची नारायण और अमर कुमार बाउरी ने विचार के लिए प्रवर समिति में भेजने का आग्रह किया था। दोनों विधेयक प्रवर समिति में भेजने की मांग खारिज हो गयी। विधायक विनोद सिंह ने कहा कि सरकार सदन से निजी विश्विद्यालयों को खोलने की अनुमति देती है, लेकिन इनके द्वारा सरकार के मापदंड को पूरा नहीं किया जाता। उन्होंने कहा कि पिछले सत्र में अरका जैन विश्वविद्यालय विधेयक के समय मुख्यमंत्री ने निजी विश्वविद्यालय की जांच को लेकर स्पीकर से एक कमिटी बनाने का आग्रह किया था। उस कमिटी की रिपोर्ट आने के बाद ही नए निजी विश्वविद्यालय को खोलने की अनुमति दी जाए। विधायक मनीष जयसवाल ने कहा कि पहले भी सदन से निजी विश्वविद्यालय को खोलने की अनुमति दी गयी है। वे अप टू मार्क नहीं हैं। दो कमरे में विश्वविद्यालय चल रहे हैं। विधायक अमित मंडल ने कहा कि स्पीकर महोदय ने निजी विश्वविद्यालयों की जांच के लिए झामुमो विधायक स्टीफन मरांडी की अध्यक्षता में कमिटी बनाई है उसका रिपोर्ट आ जाय तब नए निजी विश्वविद्यालय को खोलने की अनुमति दी जाए। अमित मंडल ने कहा कि अबतक स्थानीयता परिभाषित ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## NEWS इन ब्रीफ

### शांति समिति की बैठक आज

**पांकी।** रामनवमी पर्व को लेकर 22 मार्च बुधवार को दोपहर 3 बजे से थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की जायेगी। उक्त जानकारी पांकी थाना प्रभारी रंजीत प्रसाद यादव ने क्षेत्र के सभी प्रबुद्ध लोगों एवं आखड़ो, पूजा समिति व प्रखंड के आम आवाम सभी जनप्रतिनिधियों, समाजसेवी को बैठक में शामिल होने की अपील की है।

### अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

**सतबरवा ।** थाना क्षेत्र से अंचलाधिकारी प्रशांत कुमार साह ने सोमवार को अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त कर थाना को सौंप दिया । उन्होंने बताया कि बालू लदा ट्रैक्टर के पास चालान नहीं था। जिसे पकड़कर सतबरवा थाना को सौंप दिया गया और आगे की कार्रवाई के लिए जिला खनन पदाधिकारी को भेज दिया गया। पोंची पंचायत के मुखिया गिरवर प्रसाद राम ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र में अवैध बालू का कारोबार खुलेआम हो रही है । प्रतिदिन सैकड़ों ट्रैक्टर बालू अवैध तरीके से डम्प कर जेसीबी से हाइवा में लोड कर बाहर भेजा जा रहा है। सिर्फ नाम के लिए खाता संख्या 1 प्लॉट संख्या 468 रकबा 1 एकड़ में बालू का स्टोक दिखावे का है। जिससे झारखंड सरकार राजस्व की प्रतिदिन लाखों की हानि हो रही है। उन्होंने कहा कि 5 अगस्त 2022 को पलामू उपायुक्त के साथ कई पदाधिकारी को आवेदन देकर वस्तु स्थिति से अवगत कराया गया था। लेकिन अवैध बालू का गोरख धंधा रुकने के बजाय खुलेआम बड़े पैमाने पर हो रहीं है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के आदेश का खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है।

### श्रीरामचरित मानस का 18वां अधिवेशन शुरू

**सतबरवा ।** प्रखंड के बकोरिया में नवाह परायण महायज्ञ का 18 वां अधिवेशन जल यात्रा के साथ मंगलवार को शुरू हो गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि मनिका विधानसभा के पूर्व विधायक व लातेहार जिला अध्यक्ष हरे कृष्णा सिंह जल यात्रा में शामिल हुए। जल यात्रा की शुरूआत पूर्व विधायक हरे कृष्णा सिंह व सतबरवा थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी ने कलश उठा कर किया । कलश यात्रा महावीर मंदिर बकोरिया से निकल कर बकोरिया का भ्रमण करते हुए कलश यात्रा सुगी झरना नदी पहुंची। जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलश में जल भर कर पुनः बकोरिया यज्ञ मंडप पहुंची ।

# लापता युवक का शव कुएं से बरामद, हत्या की आशंका



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत क्षेत्र के मधुशाला रोड से सोमवार की सुबह से लापता युवक का शव रेलवे ट्रैक के हरही नदी के समीप मंगलवार को एक कुआं से बरामद किया गया। इस संबंध में हुसैनाबाद थाना के पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी जगन्नाथ धान ने बताया कि मृतक मधुशाला रोड निवासी जितेंद्र पाल का 30 वर्षीय पुत्र मनोज पाल सोमवार से ही घर से लापता था। परिजन अपने स्तर से खोजबीन कर रहे थे, मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे सूचना मिली की एक युवक का शव कुआं में पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस उक्त स्थल पर पहुंच कर ग्रामीणों के सहयोग से शव को कुआं से बाहर निकाला। इस शव की पहचान मनोज पाल के रूप में की गई।पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भेज दिया। इधर मृतक के परिजनों ने बताया कि घर मे किसी तरह का कोई विवाद नहीं था, दो साल पूर्व उसकी शादी हुई थी एक पांच माह का बेटा भी है, सोमवार की शाम घर से निकला था। उधर मृतक के पिता जितेंद्र पाल ने अज्ञात लोगों द्वारा अपने पुत्र की हत्या होने की आशंका जताई है।

### मजदूर पलायन को विवशः निरंजन

**पाटन।** प्रखंड के हिसरा बरवाडीह पंचायत मे कई महीनों से बाधित मनरेगा कार्य चालू कराने के लिए पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार से मिलकर भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य पलामू के निरंजन पासवान ने सवाल उठाया की मनरेगा के मजदूर का पलायन हो रहा हैं । भूखमरी की स्थिति मे निर्बाधित मनरेगा मजदूर का पलायन हो रहा है । वर्तमान मुखिया पर शेड निर्माण में दोषी पाए जाने पर पंचायत में कार्य बाधित है।

# प्रमुख ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

**नवीन मेल संवादाता**

**पांकी।** प्रखंड समेत पूरे पलामू जिले के पंचायत समिति सदस्यों की समस्याओं को लेकर पांकी प्रखंड प्रमुख सह जिला प्रमुख संघ सचिव पंचम प्रसाद ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत कई विभाग के मंत्रियों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न जिलों से पहुंचे दर्जनों प्रमुखों के साथ 32 सूत्री मांग पत्र भी सरकार को सौंपा । उन्होंने सरकार से बिहार राज्य की तरह झारखंड राज्य के भी पंचायत समिति सदस्यों को हक अधिकार देने की मांग की। इस दौरान उनके साथ पलामू जिला प्रमुख संघ अध्यक्ष गीता मेहता, संतोष प्रसाद, रिंकू पांडेय, प्रमुख शोभा गुप्ता सहित अन्य लोग शामिल थे।

# सड़क दुर्घटना में पिता पुत्री घायल, सीएचसी रेफर



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** बिश्रामपुर बीमोड़ सोरडीहा में स्टेट बैंक के समीप सोमवार को भीषण सड़क दुर्घटना में पिता पुत्री सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए । जिनकी पहचान सोरडीहा निवासी संजय साव व उनकी पन्द्रह वर्षीय पुत्री सिवानी कुमारी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार संजय साव अपने पुत्री के साथ विश्रामपुर स्टैंड में स्थापित अपने लोहा दुकान को बंद कर बाइक से अपने सोरडीहा स्थित आवास पर जा रहे थे। इसी क्रम में विश्रामपुर स्टेट बैंक के समीप पहूंचते ही पीछे से आ रही अनियंत्रित बाइक से उनकी भीषण टक्कर हो गई। जिसमे संजय साव बुरी तरह जख्मी हो गए। वहीं पुत्री सिवानी को मामूली चोट आई है। जिन्हें स्थानीय लोगों ने आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र विश्रामपुर में भर्ती करवाया । जहां चिकित्सा प्रभारी डॉ लिली स्टेला पूर्ति ने प्राथमिक उपचार के उपरांत उनकी नाजुक स्थिति को देखते हुए एम्बुलेंस की मदद से बेहतर इलाज हेतु एमएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, मनीष गुप्ता, राजन पाण्डेय, राहुल दुबे सहित कई स्थानीय लोगों की मौजूदगी रही।

### ग्रामीणों ने पैक्स चुनाव को रद्द करने की मांग की

**सतबरवा।** प्रखंड के बकोरिया में 17 मार्च को फर्जी तरीके से पैक्स का चुनाव कराने का आरोप लगाते हुए इसे रद्द कर पुनः चुनाव कराने की मांग ग्रामीणों ने मनिका विधायक रामचंद्र सिंह से की है। ग्रामीणों की मांग पर विधायक रामचंद्र सिंह ने पलामू उपायुक्त के नाम पत्र भेज कर पैक्स चुनाव की स्थलीय जांच कर ग्रामसभा के माध्यम से चुनाव कराने को कहा। सतबरवा विधायक प्रतिनिधि प्रमोद यादव ने 21 मार्च को विधायक के द्वारा लिखा गया पत्र उपायुक्त को दिया है। प्रतिनिधि प्रमोद यादव ने कहा कि चुनाव प्रवेक्षक के मिली भगत से फर्जी तरीके से आमसभा करा कर चुनाव कराया है। इसे रद्द कर पुनः चुनाव कराया जाये।

# रेहला में मानस महायज्ञ शुरू

**श्रीरामचरित मानस नवाह्न परायण महायज्ञ को लेकर मंगलवार प्रातः कलश शोभायात्रा निकाली जायेगी।**



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** नगर परिषद के रेहला स्टेशन क्षेत्र में प्राचीन काल से अवस्थित धार्मिक स्थल सिद्धपीठ श्री योगीबीर देवस्थल पर वासंतिक चैत्र नवरात्र आयोजित श्रीरामचरित मानस नवाह्न परायण महायज्ञ को लेकर मंगलवार प्रातः कलश शोभायात्रा निकाली जायेगी। महायज्ञ आयोजन समिति के प्रधान संरक्षक रामनाथ कश्यप, अध्यक्ष श्याम कुमार चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष ज्वाला गुप्ता, मंगल गुप्ता और सचिव डॉ बीपी शुक्ल ने बताया कि योगीबीर देवस्थल और यज्ञमंडप का कायाकल्प कर आकर्षक सजावट किया गया है। जबकि गाजे बाजे के साथ विशाल कलश शोभायात्रा रेहला स्टेशन रोड होकर कोयल नदी तट तक निकाली जाएगी। पूरे मंदिर परिसर और बाह्य भाग का फूलों से आकर्षक सजावट किया गया है। बुधवार से यज्ञाचार्य पंडित बृंदावन पाठक की अध्यक्षता से अगले महानवमी तक यज्ञ कार्य हवन पूजन अहर्रनिश चलता रहेगा। वही महानवमी पूजन उपरांत पूणार्हुति तत्पश्चात बृहत महाभंडारा का आयोजन होगा। वहीं चैत्र प्रतिपदा 22 मार्च से 30 मार्च तक नित्य संध्याकाल में काशी पधारे अंतर्राष्ट्रीय मानस कथाकार मारूति किंकर महाराज की रामकथा व भागवद प्रसंगों का संगीतमय आख्यान होगें।

**जयकारा** | **श्रीरामचरित मानस यज्ञ की निकली भव्य कलश यात्रा**

# यज्ञ से आयेगी क्षेत्र में समृद्धि : नगर अध्यक्ष

**वैदिक मंत्रोच्चार एवं जय श्रीराम के जयकारे से पूरा क्षेत्र हुआ भक्तिमय**



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** महावीर जी भवन समिति के तत्वावधान में रामनवमी के अवसर पर नौ दिवसीय श्रीरामचरित मानस नवाह्न परायण यज्ञ को लेकर मंगलवार को शहर के महावीर जी भवन से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चार एवं जय श्रीराम के जयकारे से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। कलश यात्रा के दौरान बाजे-गाजे एवं श्रद्धालुओं के जयकारे तथा कलश यात्रा में महिलाओं की पंक्तिबद्ध शैली मनोरम दृश्य प्रस्तुत कर रहा था। कलश यात्रा में शामिल युवतियां, महिलाएं एवं प्रबुद्ध लोगों ने शहर का भ्रमण कर देवरी सोन नदी पहुंचे। जहां आचार्य गोपाल पाठक के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जलभरी कराया गया। पुनःश्रद्धालु महावीर जी भवन पहुंचे, जहां यज्ञ मंडप में कलश की स्थापना की गई। 22 मार्च से यज्ञ की शुरूआत की जाएगी। जिसका समापन हवन व भंडारा के साथ आगामी 30 मार्च को किया जाएगा। जबकि शोभा यात्रा 31 मार्च को निकाली जाएगी। मौके पर नगर अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा कि रामनवमी के पावन अवसर पर नौ दिनों तक चलने वाला यह महा अनुष्ठान नवाह्न परायण यज्ञ क्षेत्र वासियों के जीवन मे सुख,शांति और समृद्धि का संचार करें, यही कामना है। उन्होंने कहा कि रामनवमी पर्व पर हम सबो को यह संकल्प लेना चाहिए कि मर्यादा पुरुषोत्तम राम के जीवनकाल के आदर्शों को अपनाकर समाज और राष्ट्र के सर्वांगीण विकास में अपना बेहतर योगदान दें। मौके पर एनसीपी के विनय कुमार सिंह, भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह, कर्नल संजय सिंह, रविन्द्र कुमार सिंह,वार्ड पार्षद राजेन्द्र पाल, उदय विश्वकर्मा, दिनेश कश्यप, घनश्याम विश्वकर्मा, राकेश तिवारी, ओमप्रकाश अग्रवाल, अजय गुप्ता, मिंटू अग्रवाल, कामाख्या सिंह, कल्लू ठाकुर, मुरारी अग्रवाल, लोकनाथ केशरी, संतोष अग्रवाल, आलोक सिन्हा, दीना सोनी, सोनू कुमार, मंजय चौधरी, अनिल गुप्ता, नवल सिंह, सुबोध कश्यप, समेत गुप्ता, संजय सोनी, टिंकू अग्रवाल समेत काफी संख्या में धर्मप्रेमी श्रद्धालु मौजूद थे।

# शिक्षकों के तबादले का शिड्यूल जारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राज्य के सरकारी स्कूलों के शिक्षकों के तबादले की प्रक्रिया 28 मार्च से शुरू होने जा रही है। इसमें वैसे स्कूल जहां बच्चों के अनुपात में ज्यादा शिक्षक कार्यरत हैं । सबसे पहले उनका तबदला किया जायेगा। वहीं, दूसरे चरण में 25 अप्रैल से विशेष परिस्थिति में शिक्षकों का स्थानांतरण किया जायेगा। 30 जून तक शिक्षकों का तबादले की प्रक्रिया पूरी की जायेगी। स्कूली शिक्षा व साक्षरता विभाग ने इसका शिड्यूल जारी कर दिया है। शिक्षा सचिव के.रवि कुमार ने इस संबंध में सभी जिलों के उपायुक्त, डीईओ व डीएसई को निर्देश दे दिया गया है। इससे पहले सभी जिलों टीचर ट्रांसफर पोर्टल पर शिक्षकों का डाटा 27 मार्च तक अपडेट कर लेने का निर्देश दिया गया है। वैसे सरकारी स्कूल जहां बच्चों के अनुपात में ज्यादा शिक्षक कार्यरत हैं ।उनके चयन की प्रक्रिया 28 मार्च तक पूरी कर ली जायेगी। एक अप्रैल तक ऐसे शिक्षकों की सूची टीचर ट्रांसफर पोर्टल पर जारी री-अप्लीकेशन लिया जायेगा। 18 मई तक शिक्षकों के स्कोर, रैंकिंग और स्कूल की जायेगी। इस पर शिक्षक छह अप्रैल तक अपनी आपत्ति दर्ज करा सकेंगे। 12अप्रैल तक उन आपत्तियों का निराकरण विभाग करेगा। स्कूलों में अधिक पाए गए शिक्षक तबादले के लिए 18 से 28 अप्रैल तक आवेदन दे सकेंगे। इसके बाद जिला के डीईओ और डीएसइ उसका सत्यापन करेंगे। वेरिफिकेशन के बाद छह से 12 मई तक रि-एप्लीकेशन लिया जायेगा। 18 मई तक शिक्षकों के स्कोर,रैंकिंग और स्कूल आवंटन की सूची प्रकाशित किया जायेगा। 19 से 26 मई तक शिक्षक प्रकाशित सूची पर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। जिसका निराकरण पांच जून तक किया जायेगा। 15 जून तक शिक्षकों के तबादले की अंतिम सूची पोर्टल पर प्रकाशित की जायेगी और इसके बाद 30 जून तक तबादला कर दिया जायेगा।


**Govt. of Jharkhand**
**Drinking Water & Sanitation Mech. Division, Medininagar**

e-Procurement

Very Short Terms INVITATION FOR BIDS (IFB)

Tender reference no.- DWSMD/03 (2nd Call) (2022-23) Date: - 21.03.2023

| Sl. No. | Name of Schemes | Estimated Cost ( Rs in lakh) | Earnest Money (Rs) | Cost of Tender Paper (Rs) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | Supplying, Installation, Testing & Commissioning of 1000KVA 11KV/0.433KV Outdoor type Copper wound Distribution Transformer, ACB and other accessories 1(One) Set for Belwatika under Drinking Water & Sanitation Mechanical Division, Medininagar | 28.29562 | 57000 | 5000.00 | 2 Months |

2. Date of publication of Tender on Web site :- 23/03/2023 at 01.30 PM
3. Last date & Time for receipt of Bid :- 31/03/2023 at 03.00 PM
4. Cost of Bidding document & bid security (Hard Copy) is received date & time :- 01/04/2023 at 04.00 PM
5. Date of opening of Tender :- 03/04/2023 at 02.00 PM
6. Place for opening of Bids :- Executive Engineer, D.W.&.S Mech. Division Medininagar (Palamau)
7. Name & address of office inviting tender :- Executive Engineer, D.W.&.S Mech. Division, Medininagar (Palamau)
8. Contact no of Procurement office :- 9471163627 9931809532
9. Helpline no of e-procurement cell :- 06562-230060

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
D.W.& S. Mech. Division, Medininagar (Palamau)

PR.NO.293229 Drinking Water and Sanitation(22-23):D


# अवैध बालू उठाव कर रहे तीन ट्रैक्टर जब्त

### ट्रैक्टर लेकर भागे मालिक पर एफआईआर दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद में अवैध बालू का उठाव कर रहे तीन ट्रैक्टरों को पुलिस ने पकड़ कर थाना ला रही थी। बीच रास्ते से ट्रैक्टर मालिकों ने पुलिस से जबरन ट्रैक्टर लेकर फरार हो गए। इस मामले में राजस्व कर्मचारी और एसआई ने अलग अलग प्राथमिकी दर्ज कराई है। हुसैनाबाद के राजस्व कर्मचारी संतोष कुमार ने हुसैनाबाद थाना में आवेदन देकर कहा है कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि हुसैनाबाद के बड़ेपुर बालू घाट में अवैध रूप से सोन नदी से बालू उठाव हो रहा था। उन्होंने हुसैनाबाद थाना प्रभारी को सूचना किया एवं सशस्त्र सुरक्षा बल के साथ पुलिस पदाधिकारी ठाकुर दास मरांडी, आरक्षी शंकर राम, शैलेंद्र गोस्वामी व द्वारिका प्रजापति को लेकर आवश्यक कार्रवाई हेतु बडेपुर बालू घाट सोन नदी पर पहुंचे, तो देखा कि अवैध रूप से बालू का उठाव हो रहा है। जिसके नजदीक पहुंचने पर देखकर तीन ट्रैक्टर के चालक गाड़ी को लेकर भाग गए। जिसके बाद सशस्त्र बल के सहयोग से पकड़ने का प्रयास किया गया। परंतु वह लोग भागने में सफल हो गए। काफी प्रयास के बाद टीम में शामिल सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों के द्वारा पकड़कर तीनों ट्रैक्टरों का निरीक्षण किया गया। तीनों ट्रैक्टरों पर रजिस्ट्रेशन नंबर अंकित नहीं था। एक पर 100 सीएफटी और दो पर 40- 40 सीएफटी बालू लदा हुआ था। तीनों ट्रैक्टर को जब्त किया गया। राजस्व कर्मचारी के आवेदन पर हुसैनाबाद थाना प्रभारी ने मामला दर्ज कर लिया है। उधर एसआई ठाकुर दास मरांडी ने हुसैनाबाद थाना में आवेदन देकर कहा है कि राजस्व कर्मचारी संतोष कुमार के द्वारा सूचना दिए जाने के बाद बड़ेपुर बालू घाट से बरामद ट्रैक्टर को लेकर थाना आने के क्रम में ट्रैक्टर मालिक आनंद सिंह व रवि सिंह समेत 14-15 अज्ञात लोगों ने गाड़ी को जबरन रोक दिया। काफी समझाने के बाद भी वह नहीं माने। उन्होंने बल प्रयोग करते हुए चालक के साथ गाड़ी लेकर भाग गए। काफी खोज बीन के बाद भी पता नहीं चल सका है। उन्होंने इस घटना की सूचना वरीय अधिकारियों को दे दिया है। इस संबंध में गाड़ी मालिको समेत 14-15 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। जिसमें अवैध बालू का उठाव करने परिवहन और सरकारी कार्य में बाधा डालने का आरोप है।


**OFFICE OF THE DISTRICT MAGISTRATE -CUM- DEPUTY COMMISSIONER, PALAMU.**

Phone no.06562 224033 (District Sports Section) email id:- palamukhel@gmail.com

Ref No ..............................Date ..........................

Very Short Tender for Selection of Agency for Rate Contract for Purchasing Adventure and water Sports Equipment .

| Sl. No. | INFORMATION/SUBJECT | DETAIL |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | NAME OF WORK | Selection of Agency for Rate Contract for Purchasing Adventure Sports Equipment |
| 2 | DATE OF PUBLICATION OF BID | |
| 3 | Tender Fee (Non Refundable) | 20000.00 (Twenty Thousand only) In favour of DISTRICT TOURISUM OFFICER, PALAMAU. |
| 4 | LAST DATE & TIME FOR BID SUBMISSION | 29-03-2023- 01:00pm |
| 5 | BID SUBMISSION PLACE | District Sports Office, Palamu |
| 6 | DATE AND TIME FOR BID OPENING | 29-03-2023 - 01:30pm |
| 7 | BID OPENING PLACE | Deputy Commissioner meeting hall 'A' Block |
| 8 | NAME AND OFFICE FOR INVITIONG TENDER | District Sports Office, Palamu |
| 9 | HELPLINE NO AND EMAIL ADDRESS | email id:- palamukhel@gmail.com |

NOTE : FOR FURTHER DETAILS PLEASE VISIT palamu.nic.in

District Sports Officer, Palamu | Deputy Development Commissioner, Palamu. | Deputy Commissioner, Palamu.

PR 293220 Palamu(22-23)D



**Govt. of Jharkhand**
**Drinking Water & Sanitation Mech. Division, Medininagar**

e-Procurement

Very Short Terms INVITATION FOR BIDS (IFB)

Tender reference no.- DWSMD/04 (2nd Call) (2022-23) Date: - 21.03.2023

| Sl. No. | Name of Schemes | Estimated Cost ( Rs in lakh) | Earnest Money (Rs) | Cost of Tender Paper (Rs) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | Supplying, Installation, Testing & Commissioning of 1000KVA HT AVR at Belwatikar WTP under Drinking Water & Sanitation Mechanical Division, Medininagar | 36.78957 | 74000 | 5000.00 | 2 Months |

2. Date of publication of Tender on Web site :- 23/03/2023 at 01.30 PM
3. Last date & Time for receipt of Bid :- 31/03/2023 at 03.00 PM
4. Cost of Bidding document & bid security (Hard Copy) is received date & time :- 01/04/2023 at 04.00 PM
5. Date of opening of Tender :- 03/04/2023 at 02.00 PM
6. Place for opening of Bids :- Executive Engineer, D.W.&.S Mech. Division Medininagar (Palamau)
7. Name & address of office inviting tender :- Executive Engineer, D.W.&.S Mech. Division, Medininagar (Palamau)
8. Contact no of Procurement office :- 9471163627 9931809532
9. Helpline no of e-procurement cell :- 06562-230060

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
D.W.& S. Mech. Division, Medininagar (Palamau)

PR.NO.293228 Drinking Water and Sanitation(22-23):D



**कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार**

**आम-सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि लातेहार एवं डुरूआ शहरी जलापूर्ति योजना के तहत विभिन्न उपभौक्ताओं के द्वारा नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय से तीन नोटिस निर्गत किये जाने के उपरान्त अपने आवासीय/व्यवसायीक परिसर में लगाये गये जल संयोजन (Water Connection) के बकाया राशि का भुगतान अबतक नगर पंचायत, लातेहार के जन सुविधा केन्द्र में नही किया गया है। वैसे सभी उपभौक्ताओं को निदेशित किया जाता है कि आम-सूचना प्रकाशन की तिथि से सात दिनों के अन्दर अपने नामों के सामने अंकीत राशि को नगर पंचायत, लातेहार के जन सुविधा केन्द्र में आकर जमा कर दें, अन्यथा सात दिनों की अवधि बित जाने के उपरान्त नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय द्वारा आपके आवासीय/व्यवसायीक परिसर में लगाये गये जल संयोजन (Water Connection) का कनेक्शन काटते हुए बकाया राशि की वसूली हेतु आपके विरूद्व निलाम पत्र (Certificate Case) दायर कर दिया जायेगा, तथा इस संबंध में आपके द्वारा बाद में किया गया कोई भी दावा मान्य नही होगा। जलकर के बकायदारों का विवरण निम्नवत है:-

| क्र. सं | जलकर के बकायदारों का नाम एवं पता | जल संयोजन संख्या | अंतीम (तिसरा) भेजे गये नोटिस का विवरण | कुल बकाया राशि (फरवरी 2023 तक) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 |
| 01 | अकलु साव, चटनाही, लातेहार। | LAT25000 70044571 | पत्रांक 461 / 24.02.2023 | 19656.00 |
| 02 | महाबीर प्रसाद गुप्ता पिता- स्व0 हरी साव, मस्जिद रोड, लातेहार | LAT25000 70044565 | पत्रांक 460 / 24.02.2023 | 26470.00 |
| 03 | रामेश्वर प्रसाद साहु, स्टेशन रोड, लातेहार | LAT25000 60044635 | पत्रांक 462 / 24.02.2023 | 24705.00 |
| 04 | साधुचरण अग्रवाल, पिता- जगदीश अग्रवाल, लातेहार। | LAT25000 70044594 | पत्रांक 466 / 24.02.2023 | 25775.00 |
| 05 | राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, पिता- शिवशंकर साहु ,वैष्णों मंदीर के नजदीक, लातेहार | LAT25000 60045072 | पत्रांक 465 / 24.02.2023 | 24935.00 |
| 06 | शिव कुमार भाष्कर, राजहार, लातेहार | LAT 151019064231202354 | पत्रांक 457 / 24.02.2023 | 8400.00 |
| 07 | संजय कुमार, स्टेशन रोड, लातेहार | LAT25000 60044639 | पत्रांक 463 / 24.02.2023 | 9120.00 |
| 08 | राज किशोर प्रसाद गुप्ता, चटनाही लातेहार | LAT25000 60044718 | पत्रांक 464 / 24.02.2023 | 15480.00 |
| 09 | अलीयार साहु, लातेहार | LAT25000 60044737 | पत्रांक 467 / 24.02.2023 | 25420.00 |
| 10 | भुनेश्वर सिंह, पिता- पति सिंह, मेनरोड, लातेहार | LAT25000 80044524 | पत्रांक 459 / 24.02.2023 | 9120.00 |
| 11 | महादेव बरई, पिता- नन्हक बरई, मेनरोड लातेहार | LAT25000 80044632 | पत्रांक 269 / 04.02.2023 | 19632.00 |
| 12 | श्रवण कुमार अग्रवाल, डुरूआ लातेहार | LAT25000 40044862 | पत्रांक 90 / 12.01.2023 | 37520.00 |

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत, लातेहार

PR 293200 Urban Development (22-23)_D

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND



## मरङ गोमके जयपाल सिंह मुण्डा

# पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना

**शैक्षणिक सत्र - 2023-24**

**आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि: 15 मई 2023**

## युवाओं के सपनों को मिल रही उड़ान



1 अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक वर्ग के छात्रों को मिलेगा लाभ

2 31 विषयों में Masters/M Phil करने का अवसर

3 युनाइटेड किंगडम और नॉर्दन आयरलैण्ड के 110 विश्वविद्यालयों/संस्थानों में उच्च शिक्षा

4 अधिकतम 25 छात्र/छात्राओं के लिए नि:शुल्क पढ़ाई की व्यवस्था

5 छात्रवृत्ति योजना के तहत ट्यूशन शुल्क, हवाई यात्रा शुल्क, वार्षिक देय भत्ता, वीजा शुल्क, मेडिकल इंश्योरेंस के प्रीमियम का भुगतान एवं अन्य व्यय का भी भुगतान

6 अधिकतम 35 वर्ष के छात्र/छात्राएं योजना का ले सकेंगे लाभ

**आवेदन निम्न लिंक से करें**

**आवेदन करें:- www.mgos.jharkhand.gov.in**

**हेमन्त सोरेन**
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

PR No. 293287 (Schedule Tribe, Schedule Caste, Minority and Backward Class Welfare Department) 2022-23

अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्यान विभाग, झारखण्ड सरकार

# निर्धारित बालू घाटों के कई जगहों पर बालू उत्खनन को ले कारवाई, 7 ट्रैक्टर जब्त

**नवीन मेल संवाददाता। बिशुनपुरा**

बिशुनपुरा सीओ निधि रजवार ने सोमवार की देर शाम में प्रखंड के पिपरी ग्राम स्थित बाकी नदी बालू घाट पर छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान मौके पर से 7 ट्रैक्टर को जब्त किया। इसके बाद स्थानीय थाने को सुपुर्द कर दिया। जिला प्रशासन के निर्देश पर पिपरी पंचायत मुखिया द्वारा पिपरी बालू घाट पर चालान(रसीद) काटकर बालू का उठाव किया जाता है। इसी दौरान सीओ ने बालू खनन को लेकर पिपरी स्थित बालू घाट का निरीक्षण किया। इस दौरान बालू घाट से बालू उठाव कर रहे ट्रैक्टरों से कागजात की मांग की गयी। लेकिन ट्रैक्टर चालक द्वारा मौके पर गाड़ी संबंधित कोई भी कागजात नही दिखाया गया। जिसके बाद सीओ के निर्देश पर विशुनपुरा थाना पुलिस ने 7 ट्रैक्टर को जब्त कर थाने ले गई। उन्होंने बताया की सभी जप्त ट्रैक्टरों की जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। सीओ ने बताया की जिला प्रशासन अवैध खनन को लेकर गंभीर है। निर्धारित बालू घाटों के अलावे अन्य जगहों पर बालू उत्खनन को लेकर कारवाई की जाएगी। वही पिपरी में कई जगहों पर अवैध रूप से बड़े पैमाने पर बालू डंप किये गए थे। सीओ ने डंप किये गए बालू का भी जायजा लिया। उन्होंने कहा की अवैध बालू का खनन करने वाले को किसी भी हाल में नहीं बख्शा जाएगा। इधर बताते चलें कि राज्य सरकार अवैध खनन के मामले पर पूरी सख्ती अपनाए हुए हैं लेकिन बिशुनपुरा प्रखंड क्षेत्र में बालू माफियाओं का बोलबाला है। बालू माफियाओं द्वारा बड़े पैमाने पर अवैध खनन किया जा रहा है। जिससे सरकार को राजस्व की भारी क्षति हो रही है।



सूत्रों के अनुसार प्रशासन की मिलीभगत से बिशुनपुरा प्रखंड के दर, जोगीराल, जतपुरा, संध्या, कोचेया, महुली, सोनडीहा, पिपरी कला गांव स्थित बाकी नदी मे बालू माफियाओं द्वारा बड़े पैमाने पर बालू का अवैध खनन कर दिया गया है। सबसे बड़ी बात है कि बालू माफियाओं द्वारा दिन के उजाले से लेकर रात के अंधेरे तक धड़ल्ले से प्रत्येक दिन तीन से चार सौ ट्रैक्टर बालू का उठाव किया जा रहा है। खनन माफिया इतने बेखौफ है कि बाकी नदी में कई जगहों पर बालू निकाल कर मौत के कुआं के रूप में तब्दील कर दिया गया है। बालू माफियाओ ने अवैध बालू से काली कमाई करने में सोनडीहा गांव से चितरी गांव बाकी नदी तक लगभग 7 किलो मीटर में बालू का अवैध उखन्न कर बाकी नदी को एक मौत का कुआ का रूप दे दिया गया है। जगह जगह 5 से 10 फिट गहरा गढ़ा बन गया है। बालू माफियाओ ने 7 किलोमीटर में जगह जगह नदी में पड़ने वाली समसान घाट, छठ घाट को भी नही छोड़ा है। इस जगह से भी बालू का अवैध उत्खन्न कर लिया गया है।

वही बालू माफियाओ का अवैध बालू को उत्खन्न करने में इतना मनोबल बढ़ गया है। कि बालू उठाव करने के लिए सोनडीहा बाकी नदी में बना सिचाई परियोजना बराज के गेट को खोल कर नदी में जमा पानी को बहा दिया गया। इस्थिति इतनी भयावह हो गयी है कि आज नदी में एक डिसमिल खेत को भी पटवन नही किया जा सकता है। बालू माफियाओ ने नदी का पानी बहा कर बराज के पास से अवैध बालू का उत्खन्न कर रात के अंधेरे में बालू का उठाव धड़ल्ले से करने में लगे हुए है।

ग्रामीणों के अनुसार बताया गया कि बाकी नदी बराज के पास से बालू का उठाव कर दूसरे जगह किसी के खेत मे लगभग 500 ट्रेक्टर बालू डंप किया गया है। यह बालू डंप बाकी नदी बराज से उतर तरफ खेत मे एवम पूरब की ओर नहर किनारे खेत मे किया गया है। जबकि पूछे जाने पर इस डंप बालू के बारे में प्रशासन द्वारा कोई ठोस जवाब नही मिल पाया है।

वही जोगिराल छठ घाट से भी बालू का उठाव किया गया। बालू उठाव करने से छठ घाट पर 5 से 10 फिट का गढ़ा हो गया है। बालू उठाव करने से जगह जगह गढ़ा कुआ का रूप ले लिया है। जिस कारण आये दिन माल मवेशियों एवम बच्चे को गढ्ढे में गिर जाने का खतरा बना हुआ है। वही बाकी नदी दर घाट पर अवैध बालू का उठाव करने से जल स्तर नीचे की ओर जाने लगा है। बाकी नदी खंडहर का रूप लेते जारहा है। बालू उठाव करने से बाकी नदी में मौत का कुआ बना हुआ है। एक बड़ी घटना घटने की आशंका बनी हुई है। मालूम हो कि बाकी नदी के दर घाट पर अवैध बालू के उठाव करने से बना गढ्ढे में डूब कर 2017 में एक 14 वर्षीय पीर मोहम्मद अंसारी नामक बच्चे की मौत हो गयी थी। जिसके बाद विशुनपुरा प्रखंड के बांकी नदी के प्रत्येक घाट काफी विवादित एवम भयावह रहा है। वही उसके बाद 19 मई 2017 में जतपुरा बाकी नदी बालू घाट पर अवैध बालू उठाव के प्रति ग्रामीणों के विरोध करने पर चार नरसंहार कर दिया गया था। दिन के उजाले में चार लोगों को मौत के घाट उतार दिया गया था। इस घटना में दर्जनों ट्रक, पोकलेन, वाहनों को आग के हवाले कर दिया गया था। जिसके बाद खनन विभाग ने जतपुरा बालू घाट को प्रतिबंधित बालू घाट कर दिया गया था।

## NEWS इन ब्रीफ

### प्रधान सहायक पर अभद्र व्यवहार करने का आरोप

**केतार।** प्रखंड बीससुत्री सदस्य सुनील राम ने मंगलवार को बीडीओ मुकेश मछुआ को आवेदन देकर प्रधान सहायक सिदेश्वर नाथ पर दुर्व्यवहार और अभद्र भाषा का प्रयोग करने की शिकायत की है। उन्होंने कहा की मंगलवार को 11 बजे मैं बीससुत्री कक्ष में बैठा था इसी बीच प्रधान सहायक सिदेश्वर नाथ जाकर वहां से भागने के लिए बोले और अभद्र व्यवहार किया। बीससुत्री सदस्य ने प्रधान सहायक पर कारवाई करने की मांग बीडीओ से की। कार्रवाई नहीं होने पर उपायुक्त के पास जाने की बात कही।

### अवैध शराब कारोबारी गिरफ्तार, जेल

**मेराल।** मेराल पुलिस ने मंगलवार को अवैध शराब कारोबारी दुलदुलवा गांव निवासी महेंद्र साहू पिता शिवकुमार साहू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी नीतीश कुमार के अनुसार गिरफ्तार महेंद्र साहू के खिलाफ थाने में उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज था। पुलिस द्वारा मंगलवार को उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### जंगल से एक व्यक्ति का शव बरामद

**रमकंडा।** रमकंडा थाना के बरवा गांव निवासी बिहारी सिंह के शव को उसके घर के पास जंगल से बरामद किया गया है। रमकंडा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया है। जानकारी के अनुसार मृतक बिहारी सिंह सोमवार को बैरिया बाजार गया था। देर शाम तक घर नहीं लौटा। रात्रि में घर के लोगों ने काफी खोजबीन की परंतु नहीं मिला। सुबह में उसका शव घर के पास जंगल में पड़ा मिला। ग्रामीणों ने इसकी सूचना भंडरिया थाना को दी।

### 22से 30 मार्च तक श्री रामकथा का आयोजन

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड के चितविश्राम ग्राम में वासंतिक नवरात्रि के पावन अवसर पर श्री रामचरितमानस सेवा समिति के तत्वावधान में 22 से 30 मार्च तक श्री रामकथा का आयोजन किया जायेगा उक्त आशय की जानकारी देते हुये कमलेश पांडेय ने बताया कि बिहार के भोजपुर की संगीतमयी श्री रामकथा वाचिका मानस प्रिया सुमित्रा देवी के मुखारविंद से कथा होगी। उन्होंने बताया कि श्रीराम कथा शाम 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक होगी।

मंत्री मिथिलेश ठाकुर के आवास पर पहुंचे कार्यकर्ता

# लोगों ने बसपा और भाजपा छोड़ थामा झामुमो का दामन

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

जिले के रंका प्रखंड अंतर्गत चुतरू पंचायत के बरदरी गांव से लगभग एक सौ से अधिक की संख्या में बहुजन समाज पार्टी एवं भाजपा के कार्यकर्ताओं ने पार्टी छोड़ कर झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर के कार्यों से प्रभावित होकर सभी कार्यकर्ता रांची स्थित मंत्री ठाकुर के आवास पर पहुंचे। वहां मंत्री ठाकुर ने सभी को माला पहनाकर स्वागत करते हुए पार्टी में शामिल किया। सभी लोग झामुमो की सदस्यता ग्रहण कर काफी खुश थे। पार्टी में शामिल होने वाले लोगों ने कहा कि वे लोग अब सही जगह पहुंचकर माटी के पार्टी झामुमो में शामिल हुए हैं। झामुमो ही एकमात्र पार्टी है जिससे झारखंड एवं झारखंड वासियों का कल्याण हो सकता है। अब तक के अपने कार्यकाल में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं मंत्री ठाकुर ने राज्य एवं राज्य



वासियों के हित के लिए बेहतर कार्य कर यह साबित कर दिया है कि झामुमो ही राज्य की हितेषी पार्टी है। गढ़वा में आज तक जो हो नहीं सका था, वह मंत्री ठाकुर ने कर दिखाया। पूरे गढ़वा में विकास का ऐसा कार्य हो रहा है जो अन्य कोइ जनप्रतिनिधि कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। आज के समय में प्रत्येक व्यक्ति को यह महसूस हो रहा है अब गढ़वा को सही नेतृत्व एवं जनप्रतिनिधि मिला है। मंत्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा वासियों का जिस तरह से प्रेम, स्नेह और आशीर्वाद उन्हें मिल रहा है यह साबित करता है कि कहीं भी काम की ही कद्र होती है। जनता के साथ छल, कपट एवं धोखेबाजी करने वाले लोग स्वतः हाशिए पर चले जाते हैं। मंत्री ने कहा कि गढ़वा के लोगों ने उन्हें जिस उम्मीद से आशीर्वाद दिया है वे उनकी उम्मीदों पर पूरी तरह खरा उतरेंगे। आज के समय में पूरे गढ़वा वासियों का जिस प्रकार उन्हें स्नेह एवं आशीर्वाद मिल रहा है आने वाले समय में पूरा गढ़वा झामुमोमय हो जाएगा। जनता से मिल रहे ऐसी सहयोग एवं आशीर्वाद से विरोधियों में खलबली मच गई है। लोग नकारात्मक राजनीति के साथ-साथ हर प्रकार के छल, प्रपंच, फरेब एवं साजिश पर भी उतारू हो गए हैं। परंतु इन सबसे उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। गढ़वा के विकास में यहां की जनता की पूरी शक्ति एवं इमानदारी लगी हुई है। आमजनों के सहयोग से ही गढ़वा का बेहतर विकास हो रहा है। पार्टी में शामिल होने वाले लोगों में मुख्य रूप से मनबसिया कुंवर, शंकर राम मोची, रामदेव कोरवा, रामदेव मोची, भगवत राम, बिगन राम, मनोज मोची, विश्वनाथ मोची, सुनेश्वर मोची, सुरेंद्र देवार, सिकंदर राम, लखन मोची, कृष्णा सिंह, बलराम सिंह, यमुना साव, रामनाथ मोची, रामगहन राम, लक्ष्मण मिस्त्री, गिरवर मोची, सुखाड़ी मोची, दशरथ बैठा, राजेश कोरवा, रामेश्वर मोची, अवधेश राम, विनोद राम, धर्मेंद्र राम, लीलावती देवी, संपूर्णी देवी, रिंकी देवी, रंभा देवी, फगुनी कुंवर, सुशीला देवी, अनीता देवी, कोशीला देवी, राजा बैठा, मंजय राम, लीलावती देवी, लालो देवी, प्रीति देवी, बिरझिनिया देवी, शोभा देवी आदि सहित 100 से अधिक लोगों का नाम शामिल है।

## भाकपा जिला परिषद के सदस्यों की बैठक



**श्री बंशीधर नगर।** भारकपा जिला परिषद की बैठक मंगलवार को डाक बंगला परिसर में गणेश सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सदस्यों ने जंगली जानवरों, असमय हुई वर्षा व ओलावृष्टि से रवि फसलों के हुये नुकसान पर चिंता व्यक्त करते हुए सरकार से किसानों के फसलों को हुये नुकसान की जांच कराकर उसकी भरपाई करने की मांग किया। सदस्यों ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना तथा सुखाड़ राहत योजना में व्याप्त धांधली की जांच कराने की मांग की। बैठक में सर्वसम्मति से केन्द्र की मोदी सरकार के जन विरोधी नीतियों के खिलाफ जनमत तैयार करने के लिये पदयात्रा व सभा आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में जिला सचिव राजकुमार राम, कार्यकारी सचिव रामेश्वर प्रसाद अकेला, नौरंगी पाल, खलील खां, रामनाथ उरांव, विद्या पासवान, राजकुमार भुइयां, अयोध्या यादव, नगीना राम, गोपाल यादव, रामविजय सिंह, किशुन उरांव सहित अन्य उपस्थित थे।

## दर्द : रात दिन बच्चे की तरह देखभाल कर फसल को बड़ा किया, ओलावृष्टि ने बर्बाद किया

**रमना।** कुछ दिनों से रुक-रुक कर हो रही बारिश के कारण रबी फसलो का नुकसान हो रही है। वही मंगलवार को दोपहर में इस क्षेत्र में हलकी बारिश, तेज आंधी-तूफान के साथ-साथ जमकर हुयी ओलावृष्टि ने किसानो के फसल को बर्बाद कर दिया।आसमान से गिरे ओले से किसानों की खेतों में खड़ी फसल जमीन पर बिछ गई है। पके फसलो के दाने झर गये। आसमान से गिरी इस आफत से किसानों की फसलों में भारी नुकसान हुआ। बारिश और ओलावृष्टि के बाद कुछ किसानों दर्द सामने आया है। भागोडीह के झुरहा एवं सिलिदाग के दूधवनिया गांव के किसान का कहना है कि खेतो में खड़ी फसल की उन्होंने रात दिन बच्चे की तरह देखभाल कर उसे बड़ा किया था लेकिन उनके क्षेत्र में हुई ओलावृष्टि की मार से उनकी खेत मे खड़ी फसल बर्बाद हो गई। इस ओलावृष्टि से किसानों को आर्थिक एवं मानसीक रूप से छती हुई।

## एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**चिनियां।** जल जीवन मिशन गढ़वा के आईएसए,एसीइ रांची के निर्देशानुसार चिनिया प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में मंगलवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जल रिसर्च सेंटर की रिचार्ज हेतु प्रत्येक पेयजल स्त्रोत के साथ सोख्ता गड्ढा का निर्माण करवाने हेतु स्वयंसेवक धनंजय यादव के द्वारा विस्तृत रूप से जानकारी दी गई साथ ही सोख्ता गड्ढा का निर्माण करने हेतु लोगों को प्रेरित किया गया ताकि भविष्य में भूमि जल स्तर को मेंटेन किया जा सके। साथ ही घर से निकलने वाली सूखे एवं गीले कचरे को अलग-अलग जगह पर डिस्पोज करने के लिए लोगों को कहा गया एवं सभी के घरों में जल निकासी के बाद चौक का गड्ढा निर्माण करने की बात कहीं गए वहीं लोगों को संबोधित करते हुए बीडीओ कालिदास मुंडा ने प्रशिक्षण के दौरान कहा की हर घर शुद्ध पेयजल की आपूर्ति के साथ-साथ लोगों को जल संरक्षण के प्रति भी जागरूक होना होगा। तभी इस मिशन को सार्थक रूप दिया जा सकता है. वहीं समुचित जल संरक्षण करने जल प्रबंधन के साथ-साथ भूमिगत एवं सतत जल का दुरुपयोग नहीं करने पर भी विशेष रूप से जोड़ दिया गया है। साथ ही व्यवहार में परिवर्तन लाकर जल को बचाने की प्ले जागरूक अभियान चलाने पर भी विशेष बल दिया गया है। मौके पर बीडीओ कालिदास मुंडा, जेइ सुकेश कुमार, बिलैती खैर पंचायत मुखिया गोपाल कुमार यादव, बेता पंचायत मुखिया रामेश्वर सिंह, ढोल पंचायत के बीडीसी नागेंद्र सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## मुखिया ने की गार्डवाल निर्माण कार्य का शिलान्यास

**डंडाई।** मुखिया धनवंती देवी ने मंगलवार को एक लाख की लागत से कार्यान्वित होने वाली एक योजना का नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। इस दौरान उनके द्वारा देवनाथ राम के घर से दसरथ राम के घर तक गार्डवाल निर्माण कार्य को लेकर शिलान्यास करने का काम किया गया। मौके पर मुखिया ने कहा कि गार्डवाल के बिना पूर्व से निर्मित सड़क हर साल के वर्षात में बह जा रहा था। उक्त कारण उसके अगल-बगल के खेतों की कटाई धीरे-धीरे दूर तक बढ़ती चली जा रही थी जिसका असर उसके भूस्वामियों के ऊपर पड़ रहा था। उन्होंने कहा कि गार्डवाल का निर्माण हो जाने से जहां पास पड़ोस के लोगों को आने जाने में सहूलियत होगी वही दिन पर दिन बरसात के दिनों में खेतों की जो मिट्टी काटती चली जा रही थी उस पर भी अब विराम लग जाएगा। उन्होंने कहा कि स्थानीय ग्रामीणों की यह पुरानी मांग थी जिसका शिलमुखिया कर आज मैं उसे पूरा की हूँ। मौके पर पंचायत सचिव सुदर्शन राम, मुखिया प्रतिनिधि महेश्वर राम, बीडीसी पश्चिमी प्रतिनिधि मिथलेश प्रसाद, विजय राम, रामसागर राम, प्रमोद राम, दीपक कुमार इत्यादि लोग उपस्थित थे ।

## रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक

**धुरकी।** धुरकी थाना परिसर में रामनवमी पूजा को लेकर मंगलवार को शांति समिति की बैठक हुई। थाना क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों से आए पंचायत प्रतिनिधियों और दोनों समुदायों के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता धुरकी बीडीओ अरूण कुमार सिंह ने किया। इस बैठक में उपप्रमुख, जिप सदस्य, बीससुत्री मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में धुरकी थाना प्रभारी सदानंद कुमार ने कहा कि पूजा के दौरान शराब बिक्री पर प्रतिबंध लगाने, दूसरे समुदाय के धार्मिक भावनाओं का ध्यान रखने, निर्धारित रूट पर अखाड़ा जुलूस निकालने, संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल तैनात करने और स्थानीय लोगों का सहयोग लेने, हुड़दंगियों पर नजर रखने आदि पर विमर्श किया गया। अध्यक्षता कर रहे धुरकी बीडीओ अरूण कुमार सिंह ने पूजा के दौरान निर्धारित डेसिबल पर ध्वनि विस्तारक यंत्र को बजाने का निर्देश देते हुए कहा कि साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले गानों और शराब बिक्री पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। बैठक में आए लोगों से पूजा के दौरान साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वालों पर नजर रखने और इसकी सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। बैठक में उपस्थित विधायक प्रतिनिधि अखिलेश यादव, इंद्रमणि जयसवाल, शहादत अंसारी, मोबिन सरपंच, मुखिया प्रतिनिधि हरिलाल सिंह, महबूब अंसारी आदि गणमान्य लोग मौजूद थे।

## एक्सिस बैंक की नए शाखा का उद्घाटन

**भवनाथपुर।** श्रीबंशीधर एसडीएम आलोक कुमार एवं क्लस्टर हेड कृष्णा कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से प्रखण्ड के बंसानी पंचायत के झगराखाड़ बाजार में एक्सिस बैंक की नए शाखा का फीता काटकर कर एवं दिप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया। एसडीएम आलोक कुमार ने कहा कि एक्सिस बैंक के नए शाखा को खुलने से ग्राहकों को बैंकिंग सेवा में सुविधा मिलेगा। वहीं एक्सिस बैंक के सभी कर्मी एवं अधिकारियों को सुभकामनाएं दिया। मौके पर क्लस्टर हेड कृष्णा कुमार सिंह ने कहा कि हमारी बैंक ग्राहकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करेगी। खाता खुलते ही साथ मे एटीएम, चेकबुक ग्राहक को तुरंत उपलब्ध कराया जाएगा ग्राहकों को न्यूनतम बैलेंस पच्चीस सौ रुपये खाता में रखना होगा। ग्राहकों को चालू खाता, बचत खाता, लोन के साथ-साथ अन्य तरह की बैंकिंग सेवा उपलब्ध कराई जाएगी। इस मौके पर शाखा प्रबन्ध नवीन कुमार शर्मा, सर्किल मैनेजर प्रीतम सिन्हा, डिप्टी मैनेजर सूर्या भूमिक, सेल्स ऑफिसर अभय प्रजापती, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनोज प्रसाद यादव, जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा, राम प्रसाद इंदवार, प्रमुख शोभा देवी, पूर्व विससूत्री ब्रजेश सिंह, राजेश्वर पासवान, विजय यादव, अमित कुमार पासवान, राकेश विश्वकर्मा, चंद्रजीत पासवान सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# ट्रैक्टर के नीचे आने से 8 वर्षीय बच्चे की मौत, एक घायल

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**

थाना अन्तर्गत चंदनी पंचायत के कुशवादामर में ट्रैक्टर के टायर के नीचे आ जाने से 8 वर्षीय नाबालिक बीटू कुमार का मौत हो गया। वही मृतक का भाई अरविंद कुमार धायल हो गया। स्वजनों ने बताया गांव के ही परीखा राम का ट्रैक्टर घर से खरौंधी बाजार की ओर आ रही थी। उक्त ट्रैक्टर पर मृतक बीटू कुमार तथा उसका भाई अरविंद कुमार बैठ गए। परीखा राम के घर से खरौंधी भवनाथपुर मुख्य पथ तक 300 मीटर कच्ची सड़क है। ड्राइवर ट्रैक्टर को खरौंधी तरफ आने के लिए मुख्य पथ पर जैसे ही घुमाया। टर्निंग पर ही बीटू कुमार तथा अरविंद कुमार ट्रैक्टर से गिरकर ट्रॉली के नीचे चला गया। बीटू कुमार पर ट्रैक्टर के ट्रॉली का पहिया चढ़ गया। जिससे दोनों भाई बुरी तरह से घायल हो गए। जिससे देखकर दर्जनों ग्रामीण ट्रैक्टर के पास दौड़े। दोनों को स्वजन तथा स्थानीय ग्रामीण के सहयोग से इलाज के लिए खरौंधी बाजार में निजी क्लीनिक में लाया। जहां डाक्टरों ने गम्भीर स्थिति को देखते हुए भवनाथपुर भेज दिया। स्वजनों दोनो बच्चो को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने 8 वर्षीय बीटू कुमार को मृत घोषित कर दिया। वही अरविंद कुमार के स्वास्थ्य में इलाज के बाद लगातार सुधार हो रहा है। बीटू कुमार के मौत से स्वजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया है। सूचना के बाद थाना प्रभारी अभय कुमार, एसआई सोनू कुमार दल बाल के साथ घटना स्थल पहुंचकर जायजा लिया। वही ट्रैक्टर को जप्त कर थाना ले आए। वही 20 सूत्री अध्यक्ष राजेश कुमार रजक, भाजपा नेता बसंत कुमार यादव, मुखिया रामगहन मेहता आदि जनप्रतिनिधियों ने स्वजनों से मिलकर सांत्वना दिया।

# बीडीओ ने किया ताली गांव के लाभुकों के बीच राशन वितरित

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ ने मंगलवार को ताली गांव स्थित सरस्वती महिला समुह के पीडीएस दुकान पर जाकर लाभुकों के बीच राशन वितरण कराया। आरोप था की जनवितरण प्रणाली के दुकानदार शनिचरी देवी के द्वारा लाभुकों को चार माह का राशन का वितरण नहीं किया गया है।इसकी शिकायत नाराज लाभुकों ने प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी और उपायुक्त से की थी। जिस पर बीडीओ सह एमओ मुकेश मछुआ ने जनवितरण प्रणाली की दुकान पर जाकर स्टांक



पंजी का जांच किया। इसके पश्चात लाभुकों के बीच फरवरी और मार्च माह का राशन वितरण कराया। बीडीओ मुकेश मछुआ ने डीलर शनीचरी देवी को समय से राशन का उठाव कर लाभुकों के बीच वितरण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा की मार्च माह का राशन 25 मार्च तक वितरण करना सुनिश्चित करें। बी डीओ ने चेतावनी देते हुए कहा की भविष्य में कभी भी लाभुकों द्वारा राशन वितरण करने में अनियमितता की शिकायत और अभद्र व्यवहार करने की शिकायत मिली तो डीलर का लाइसेंस रद्द करने के लिए जिला आपूर्ति अधिकारी को भेजा जायेगा। मौके पर वार्ड सदस्य फुल कुमारी देवी सुदामा सिंह, पंकज सिंह, महेंद्र साह, राजकुमार साह, दिना नाथ साह, दिवाकर साह, श्याम साह, आशा देवी,लीला देवी, राजा डोम, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

**हर्षोल्लास** रामनवमी को ले मेराल थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

# आपसी प्रेम व भाईचारे के साथ मनायें रामनवमी

**नवीन मेल संवाददाता। मेराल**

रामनवमी पूजा को लेकर मंगलवार को मेराल थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें दोनों समुदाय के बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। थाना प्रभारी नीतीश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में उपस्थित लोगों ने आपस में मिलजुल कर त्यौहार को शांतिपूर्वक मनाने का निर्णय लिया। बीडीओ सह सीओ प्रवेश कुमार साव ने लोगों से आपसी भाईचारे के साथ सौहार्दपूर्ण तरीके से रामनवमी त्यौहार मनाने की अपील की। साथ ही कहा कि जुलूस के दौरान दोनों समुदाय के लोग मिलकर जुलूस का नेतृत्व करें ताकि असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगाह रखी जा सके। प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी ने भी रामनवमी त्योहार शांतिपूर्वक मानने का अपील किया। थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने कहा कि नया जुलूस नहीं निकाला जाएगा तथा पूर्व निर्धारित मार्ग से ही जुलूस गुजरेगी। जुलूस के दौरान अग्नियास्त्र या अर्थशास्त्र का प्रदर्शन पूर्णतया प्रतिबंधित होगा। उन्होंने आयोजन समिति के लोगों को निर्देश दिया कि जुलूस के दौरान अश्लील तथा भड़काऊ गाना नहीं बजना चाहिए अन्यथा डीजे मालिक एवं आयोजन कर्ता पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सोशल मीडिया पर भी कड़ी निगाह रखी जारही है। थाना प्रभारी ने सभी जनप्रतिनिधियों से अपने अपने क्षेत्र में शांति बनाए रखने तथा अशांति की स्थिति में तुरंत प्रशासन को सूचित करने को कहा। बैठक में आए जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोगों ने पदाधिकारियों को शांतिपूर्ण ढंग से त्यौहार मनाने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम का संचालन संजय भगत द्वारा किया गया। मौके पर जिप सदस्य संजय सिंह, 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष शंभू प्रसाद, भूतपूर्व मुखिया बाल्मिकी चौबे, झामुमो नेता सह दक्षिणी जिला परिषद प्रतिनिधि करीब अंसारी, दशरथ प्रसाद, समाजसेवी सह झामुमो नेता अजय प्रसाद गुप्ता, भाजपा नेता हरेंद्र कुमार द्विवेदी, मुखिया रामसागर महतो, मंदीप सिंह, सुरेश राम, रामप्रताप साव, प्रतिमा देवी, संजय राम, अजीज अंसारी, बिरेंद्र नाथ तिवारी, प्रतिमा देवी मुखिया पति मुन्ना राम, सुरेंद्र गोस्वामी, सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## रामनवमी व सरहुल पर्व शांतिपूर्ण मनाएं

**बड़गड़।** रामनवमी एवं सरहुल पर्व को लेकर मंगलवार को बड़गड़ पिकेट परिसर में शांति समिति की बैठक अंचलाधिकारी मदन महली की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें प्रखंड के सभी पूजा समिति एवं अखाड़े के पदाधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि व सभी समुदायों के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। बैठक में उपस्थित पूजा समिति के लोगों को संबोधित करते हुए अंचलाधिकारी ने कहा कि आने वाला रामनवमी एवं सरहुल पर्व शांतिपूर्ण ढंग से आपसी भाईचारे के साथ मनाएं। त्योहार के दौरान ऐसा कोई कार्य न करें जिससे कि आपसी सौहार्द खराब हो। भंडरिया इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी ने संजय कुमार खाखा ने कहां की रामनवमी जुलूस के दौरान अगर डीजे का उपयोग करते हैं तो सीमित आवाज में जयकारा या भक्ति गाना बजाएं। भड़काऊ गाने से परहेज करेंगे ताकि किसी की आस्था को ठेस ना पहुंचे। जुलूस मे धारदार या घातक हथियार का प्रदर्शन नहीं करेंगे। बैठक में पूजा समिति बड़गड़ के अध्यक्ष प्रेम सागर जायसवाल ने शांति समिति की बैठक में स्थानीय रामलीला मैदान में पूजा समिति बड़गड़ के द्वारा आयोजित होने वाले प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम की रूपरेखा से लोगों को अवगत कराया।

## रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक

**डंडाई।** रामनवमी पर्व को लेकर मंगलवार को शांति समिति की बैठक की गई। थाना प्रभारी शाहबाज अंसारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मुख्य रूप से पुलिस निरीक्षक के के साहू, वीडियो सोमा उरांव, सीओ चोनाराम हेंब्रम, 20 सूत्री अध्यक्ष कयामुद्दीन अंसारी, प्रमुख व उप प्रमुख प्रतिनिधि घूर बिगन बैठा व रामाशीष प्रसाद के अलावा सभी पंचायतों के पंचायत समिति सदस्य व मुखिया प्रतिनिधियों ने भाग लिया। वही आयोजित बैठक में हिंदू समाज के अलावा मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। दोनों समुदायों की संयुक्त बैठक में धूमधाम के साथ राम नवमी का पर्व बनाने का निर्णय लिया गया।

## NEWS इन ब्रीफ

### पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन 26 को

**मेदिनीनगर।** शहर के नई मोहल्ला स्थित आनंद मार्ग स्कूल में 26 मार्च को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस प्रतियोगिता का आयोजन वार्डन चैरिटेबल ट्रस्ट कर रही है। प्रतियोगिता में कक्षा 1 से 5 तक के बच्चे पर्यावरण विषय पर पेंटिंग बनायेंगे। वहीं कक्षा 6 से 10 तक के बच्चे रोड सेफ्टी विषय पर पेंटिंग बनायेंगे। प्रतियोगिता में 100 बच्चों के शामिल होने की उम्मीद है। फिलहाल 45 फॉर्म सबमिट कर चुके हैं। सभी प्रतिभागियों को चार्ट पेपर छोड़कर पेंटिंग से जुड़ी सभी सामग्री जैसे पेंसिल, कटर, इरेजर, कलर, ब्रश आदि अपने साथ लानी है। अच्छी पेंटिंग बनाने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया जायेगा। वार्डन चैरिटेबल ट्रस्ट की संचालिका शर्मिला वर्मा ने बताया कि जिले के बच्चों में हुनर की कोई कमी नहीं है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रति प्रतिभागी को सौ रुपये प्रवेश शुल्क निर्धारित किया गया है। फॉर्म लेने के लिए मोबाइल नंबर 6200258200, 7004084672, 8002839475 पर संपर्क कर सकते हैं।

### व्यास सिंह का निधन अपूरणीय क्षति : अविनाश

**मेदिनीनगर।** संत मरियम स्कूल के संचालक मंगलवार को समाजसेवी ज्योतिरीश्वर सिंह के आवास 2 नम्बर टाउन पहुंचे। उन्होंने पितृशोक पर मिल कर संवेदना व्यक्त किया। काफी देर तक इनके साथ बैठ कर पिता की मौत का कारण जाना। रोजमर्रा के जीवन में ज्योतिरीश्वर सिंह के पिता स्वर्गीय ब्यास सिंह से तो नहीं मिला था पर एक दो बार राम सलाम भर ही मिले थे। किंतु मौत के बाद उनकी सख्शियत के बारे में ज्योतिरीश्वर सिंह से जो सुना स्तब्ध रह गया। भारतीय वन सेवा में रहते उन्होंने जो उत्कृष्ट कार्य किया । उसे अपने स्मृति को बाघ वायलिन और बंदूक नाम से लिपिबद्ध कर वन्यजीव और इंसानी फितरत को उधृत कर किताब के शक्ल में कालजयी उपहार लोगों को दिया। इस किताब के कुछ चैप्टर पढ़ने से ही इसकी सारगर्भिता का एहसास हो गया। कैसे सत्ता के एक धर्मगुरु साथी दोस्ती का दुरुपयोग करते वायलिन की सुरीली आवाज को बंदूक के गड़गड़ाहट में वन्यजीवों का हत्यारा व सौदागर निकला। इससे भी ज्यादा रोमांचक शिकारी व शिकारी कुते को अदालत में चढ़ा हाजत में सजा फिर पोस्टमार्टम किया। वन मंत्री टी बोदरा के पादरी साथी और शिकारी निर्मल बाजरा को सश्रम कारावास दिलवाया जो आगे चल कर कानून का रूप लिया। वह बेतला के इतिहास में स्वर्ण अक्षर रहेगा। दिवंगत व्यास सिंह भौतिक रूप में भले नहीं हैं । किंतु पलामू को हमेशा मार्गदर्शन करते रहेंगें। शहीद-ए-आजम भगत सिंह के शहादत दिवस। हर समुदाय के लोग बड़े ही एहतराम से अदब से याद करते हैं। संयोग से उसी दिन उनकी श्राद्धकर्म है । हम उनके विशाल विचार व कर्म को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। प्रकृति यथोचित स्थान प्रदान करे यही हमारी कामना है।

### भाजयुमों ने एसडीओ के आदेश को राजनीति से प्रेरित बताया

**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा पलामू द्वारा प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर महापर्व रामनवमी को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी मेदिनीनगर के कार्यालय द्वारा जारी आदेश को राजनीति से प्रेरित बताया। मोर्चा जिला अध्यक्ष ज्योति पांडेय ने कहा कि जब से राज्य में गठबंधन वाली हेमंत सरकार सत्ता में आई है,तब से लगातार कई मौकों पर तुष्टिकरण की राजनीति देखने को मिल रही है। वर्तमान में रामनवमी महापर्व पर एसडीओ कार्यालय द्वारा जारी आदेश ताजा उदाहरण है। जब भी हिंदुओं का कोई भी पर्व आता है तब राज्य सरकार की मौन सहमति पर प्रशासन द्वारा प्रत्येक पर्व में खलल डालने के लिए कुछ ना कुछ अड़ंगा लगाया जाता है।

# आशिक ने मचाया हंगामा पुलिस को दी सूचना

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** एक युवक ने सोमवार को शहर के एक मुहल्ले में हाई वोल्टेज ड्रामा कर दिया। दरअसल, वह अपनी तथाकथित प्रेमिका से मिलने उसके घर पहुंचा और दरवाजा खोलने को कहा । लेकिन किसी ने दरवाजा नहीं खोला। इसके बाद लड़की के परिजनों ने इस मामले की सूचना पुलिस को दी। वहीं सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और समझा-बुझाकर युवक को घर भेज दिया। युवक के अनुसार लड़की से वह बचपन से प्यार करता है और उससे शादी भी करना चाहता है। इस कारण युवक डेढ़ सौ किलोमीटर का सफर तय कर सोमवार को मेदिनीनगर पहुंचा था। वह प्रेमिका से मिलने के लिए काफी देर तक उसके घर के दरवाजे को पीटता रहा। लेकिन प्रेमिका ने मिलना तो दूर, घर का दरवाजा तक नहीं खोला। इस दौरान युवक ने लड़की के घर के पास घंटों तक हंगामा किया। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई और युवक को अपने साथ थाना ले गई। युवक ने पुलिस की पूछताछ में अपने घर का पता बिहार के औरंगाबाद बताया। पूछताछ के दौरान उस युवक ने बताया कि मेदिनीनगर के रहने वाली लड़की से मेरा प्रेम संबंध था। उसने पुलिस को बताया कि बिहार के एक स्कूल में दोनों साथ में पढ़ाई करते थे।

# पलामू में बे मौसम बारिश से किसान परेशान



### बारिश से किसानों की फसलों को काफी नुकसान हो रहा है।

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में लगातार हो रही बारिश ने लोगों का जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया है। जहां अभी पर्व का माहौल चल रहा है। वैसे में बारिश सब काम मे विघ्न डाल दे रहा है। दोपहर होते ही आसमान में बादलों का डेरा जम जा रहा है और शाम होते ही मूसलाधार बारिश हो रही है। रात में ठंड का भी असर हो रहा है। बीमार लोग और बच्चे ज्यादा परेशान हो रहे है। बीते कई दिनों से पलामू में गरज चमक के साथ ही बारिश का सिलसिला जारी है। जिससे किसानों की फसलों को काफी नुकसान हो रहा है। मौसम विज्ञान विभाग की मानें तो आगामी दिनों में भी ऐसा ही मौसम जारी रहने का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रेरित चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र दक्षिण-पश्चिम राजस्थान और उससे सटे कच्छ पर बना हुआ है। जिसके प्रभाव से कई स्थानों पर आंधी बारिश के साथ ही ओला वृष्टि हो सकती है। पलामू में मौसम के अचानक करवट ली है। इससे किसानों के सामने मुश्किलें खड़ी हो गई हैं। असल में फरवरी की तेज धूप ने फसलों को नुकसान पहुंचाया था। वहीं अब मार्च में बदले मौसम ने फसलों को काफी नुकसान पहुंचाया है। मौसम विभाग ने अभी आने वाले दिनों में भी मौसम में उतार-चढ़ाव जारी रहने का पूवार्नुमान जारी किया है। ऐसे में किसानों के खेतों में खड़ी फसलों पर खतरा मंडराने लगा है। ऐसे में किसान चिंतित हैं, जिसे देखते हुए कृषि विभाग ने फसलों के बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की है।

**क्या कहना है किसान का :** शहर से सटे महुगावां के किसान सुमेर प्रजापति ने बताया कि बारिश और मेघ गर्जन से फसलों और मवेशियों को नुकसान हो रहा है। जहां फसल खराब हो रहे है ।वही मवेशियों को भी बीमारीं हो जा रही है। मेघ गर्जन के कारण खेत मे काम भी नहीं हो पा रहा है। सूखे फसल भी पानी में भींग जा रहे है।

### फसल की कटाई कर लें किसान

कृषि विभाग का सुझाव है कि यदि फसल पक चुकी है तो उसकी कटाई कर लें।अपने कटे हुए फसलों को पानी से बचाने के लिए स्थान और भंडारण का व्यवस्था करें। खराब मौसम के दौरान किसान के लिए सलाह दी गई है कि वो अपने पशुओं और खुद को सुरक्षित रखें। साथ ही विभाग ने खेत में काम कर रहे किसानों के लिए मेघ गर्जन सुनाई देने पर खेत में अपने और पेड़ के नीचे न रहने का सुझाव दिया है।

# आज से चैत्र नवरात्रि शुरू, सभी तैयारियां पूरी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में बुधवार से चैत्र नवरात्रि की धूम होगी। जिसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। मन्दिरों में साफ सफाई के साथ रंगोहन का भी कार्य संपन्न हो गया है। चैत्र नवरात्रि को वासंतीय नवरात्रि भी कहा जाता है। इस साल चैत्र नवरात्रि की शुरूआत आज बुधवार से हो रही है, जो कि 30 मार्च तक रहेगी। 30 तारीख को ही रामनवमी भी मनाई जायेगी। हिंदू धर्म में नवरात्रि को बेहद पवित्र माना गया है। इस दौरान मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधि-विधान से पूजा अर्चना की जाती है। इन नौ दिनों में माता रानी की पूजा-अर्चना करने से विशेष फलों की प्राप्ति होती है। इस बार की चैत्र नवरात्रि को बेहद ही खास माना जा रहा है, क्योंकि ये पूरे 9 दिन होगी। इस साल आज से 30 मार्च तक नवरात्रि है और 31 मार्च को दशमी के दिन पारण होगा। शास्त्रों के अनुसार, पूरे नौ दिन की नवरात्रि शुभ मानी जाती है। इसके अलावा इस बार मां दुर्गा का आगमन नाव यानी नौका पर हो रहा है। यह भी एक प्रकार का शुभ संकेत है। नवसंवत्सर के साथ ही नवरात्र आज से शुरू हो रहे हैं। इसमें पलामू के भक्त उपावस के साथ कलश स्थापित कर विधिवत पूजा-अर्चना करेंगे। पूजा-अर्चना के लिए माता रानी के दरबार सजने-संवरने लगे हैं। वहीं बाजारों में भी रौनक बढ़ गई है। लोगों ने बाजार से माता रानी की चुनरी, नारियल आदि सामग्री खरीदारी करनी शुरू कर दी है। पहले दिन मां के पहले स्वरूप शैलपुत्री की घर-घर कलश स्थापना की पूजा होगी। नवसंवत्सर के साथ ही नवरात्र की शुरूआत के चलते स्थानीय सप्तमातारमंदिर,सत्यनारायण मंदिर,दुर्गा बाड़ी काली मन्दिर में चैत्र नवरात्र को लेकर तैयारी अंतिम चरण में है। यहां पूजा के लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। इस बार घरों में सुबह ढाई घंटे के लिए घट स्थापना का शुभ मुहूर्त है।नौ दिनों तक चलने वाले नवरात्रि की शुरूआत में सुबह कलश की स्थापना की जाती है।

**कब है घट स्थापना :** आचार्य अनिकेत मिश्रा ने बताया कि नवरात्र के पहले दिन घट स्थापना का विशेष महत्व होता है। कहते हैं कि कलश स्थापना अगर शुभ मुहूर्त में की जाए तो मां दुर्गा पूरे नौ दिनों तक घर में वास करती हैं। घट स्थापना का शुभ मुहूर्त सुबह 6 बजकर 23 मिनट से 7 बजकर 32 तक है। आचार्य ने बताया कि इस बार नवरात्र पूरे नौ दिन के हैं। क्योंकि इस बार नवरात्र की सभी तिथि पूर्ण रूप से व्याप्त रहेगी।

**बाजारो में रौनक बढ़ी :** नवरात्र और रामनवमी को लेकर बाजारो में रौनक बढ़ी है। नवरात्र की खरीददारी को लेकर दुकानों में भीड़ उमड़ पड़ी है। पूजा के सामान बेचने वाले सुमित कुमार ने बताया कि साल में दो नवरात्र का विशेष महत्व है। जिसमें अच्छी बिक्री हो जाती है। वहीं रामनवमी को लेकर भी पूजा के सामानों की बिक्री बढ़ी है। कोरोना के बाद इस बार कुछ व्यापार में तेजी आई है।

**चैती छठ कब मनाई जायेगी :** चैती छठ पूजा भी बिहार, यूपी और झारखंड समेत देश के कई हिस्सों में मनाई जाती है। इस बार चैती पूजा 25 मार्च को नहाय खाय से शुरू होगी, 26 मार्च को खरना है, 27 मार्च को सांध्य अर्घ्य और 28 मार्च को सूर्योदय के समय सूर्य को अर्घ्य देकर समाप्त होगी। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस व्रत को करने से घर में सुख, शांति, समृद्धि बनी रहती है और परिवार के सदस्यों का स्वास्थ अच्छा रहता है।

## पलामू में मना चैत्र अमावस्या

**मेदिनीनगर।** पलामू में मंगलवार को चैत्र अमावस्या मनाया गया। हिंदू धर्म में चैत्र अमावस्या का विशेष महत्व है। अमावस्या हर महीने में एक बार पड़ती है और पूरे साल में 12 अमावस्या तिथियां होती हैं। चैत्र अमावस्या करने से पितृ दोष से मुक्ति मिलती है। चैत्र अमावस्या को हिंदू धर्म में बहुत ही शुभ माना जाता है। इस अमावस्या तिथि में मुख्यतः दान-पुण्य करने और पवित्र नदी में स्नान करने को फलदायी माना जाता है। सुबह से ही लोगों ने स्थानीय कोयल नदी में स्नान कर पितृ दोष से मुक्ति के लिए उपाय किया। पुरोहितों के द्वारा दान और पूजन कराया गया।

**चैत्र अमावस्या का महत्व :** पुरोहित ओम पाठक ने बताया कि चैत्र अमावस्या के दिन ही कई दोषों से मुक्ति मिलती है। इन दोषों में से प्रमुख है पितृ दोष और कालसर्प दोष। ज्योतिष में इस दिन चांदी के नाग-नागिन की पूजा करने की सलाह दी जाती है। ऐसा कहा जाता है कि आप जिन नाग और नागिन की पूजा करें उन्हें किसी पवित्र नदी में प्रवाहित करें। इसके साथ ही अमावस्या के दिन महामृत्युंजय मंत्र का जाप करना विशेष रूप से फलदायी माना जाता है।

### आज से शुरू हो रहा है नव-सवंत्सर 2080




आज से हिन्दू नववर्ष यानी नव-संवत्सर 2080 की शुरूआत हो रही है। हिंदू पंचांग के अनुसार, यह चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि होती है। इसी दिन से नवरात्रि की शुरूआत भी होती है। नव-संवत्सर शुरू होने के साथ ही सभी शुभ कार्य फिर से शुरू हो जाते हैं। पुराणों में 60 संवत्सरों के बारे में बताया गया है। इस बार के नव संवत्सर का नाम अनल सवंत्सर है। हेमाद्रि के ब्रह्म पुराण के अनुसार, ब्रह्मा जी ने पृथ्वी की रचना चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा के दिन की थी। इसलिए पंचांग के अनुसार हर साल चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि को नववर्ष शुरू हो जाता है। इसे नव संवत्सर भी कहा जाता है। इसकी शुरूआत महाराज विक्रमादित्य ने की थी। इसलिए इसे विक्रम संवत भी कहा जाता है। इस बार हिंदू नववर्ष 2023 के राजा बुध और मंत्री शुक्र ग्रह होंगे।

**अंग्रजी कैलेंडर से 57 साल आगे विक्रम संवत :** विक्रम संवत अंग्रेजी कैलेंडर से 57 वर्ष आगे है, 2023+57= 2080 विक्रम संवत चल रहा है। हिजरी संवत को छोड़कर सभी कैलेंडर में जनवरी या फरवरी में नए साल का अगाज होता है। भारत में कई कैलेंडर प्रचलित हैं । जिनमें विक्रम संवत और शक संवत प्रमुख हैं।

# डीसी ने लगाया जनता दरबार, ग्रामीणों की सुनी समस्याएं




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आंजनेयुलू दोड्डे ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने हेतु अनुरोध किया। जनता दरबार में आये समस्याओं का अवलोकन करते हुए डीसी ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा पर निष्पादन करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में नावाबाजार थाना क्षेत्र के ग्राम इटको निवासी जयप्रकाश प्रजापति ने उपायुक्त से शिकायत किया कि नावा बाजार के अंचल पदाधिकारी द्वारा वंशावली प्रमाण पत्र निर्गत नही किया जा रहा है। इसी तरह लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम महरजा निवासी श्रवण कुमार साहू ने उपायुक्त से अपनी कृषि भूमि क्षेत्र में गहरी डीप बोरिंग करवाने का अनुरोध किया। वही हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के मंतोष कुमार सहित कई क्षेत्र के लोगों ने उपायुक्त से प्रधानमंत्री आवास एवं भीमराव अंबेडकर आवास दिलाने का अनुरोध किया। हरिहरगंज प्रखंड के ग्राम पंचायत सलैया के ग्रामीणों ने उपायुक्त से राजकीय मध्य विद्यालय सलैया हरिहरगंज में हो रही अनियमितता की शिकायत की। खनवां पंचायत के विजय कुमार महतो और मोहम्मदगंज के शिला कुमारी ने उपायुक्त से केसीसी लोन माफ करने का अनुरोध किया। इसी तरह ग्राम मंझौली के पूनम कुमारी ने उपायुक्त से आंगनबाड़ी सेविका पद के चयन में भारी गड़बड़ी होने की शिकायत की। आज के जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी, प्रधानमंत्री आवास व जमीन दाखिल खारिज, जमीन हड़पने, राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन आदि से सबंधित कई आवेदन आये । जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

### एनसीपी के प्रदेश महासचिव ने की बैठक

**मेदिनीनगर।** एनसीपी के प्रदेश महासचिव सह इंटक के प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह ने हुसैनाबाद, हैदरनगर, हरिहरगंज, मोहम्मदगंज व पिपरा अंचलों के संबंध में कहा कि विधायक कमलेश कुमार सिंह री सर्वे कराने को लेकर विधानसभा में तीन बार पुरजोर तरीके से आवाज बुलंद की है। विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू ने कहा कि हुसैनाबाद, हरिहरगंज, मोहम्मदगंज, हैदरनगर, पिपरा में 1980-81 ई में हुए सर्वे को 2016-17 में ट्रायल ऑनलाइन कर भूमि मालिको को परेशानी में डाल दिया है। ऑनलाइन इंट्री में बड़े पैमाने पर त्रुटि है,जिसे विभागीय अधिकारी भी मानते हैं। उन्होंने कहा कि स्थिति को देखते हुए सरकार को तत्काल समाधान करने की जरूरत है। इस मामले में सरकार स्पष्ट करे की कब तक री सर्वे करा लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद, हैदरनगर , हरिहरगंज, मोहम्मदगंज व पिपरा में सर्वे के ट्रायल इंट्री को समाप्त कर 2016 तक के रजिस्टर टू से सभी भूमि की इंट्री की जाए।

# दो दिनों में दीनदयाल मार्ग चालू होगा : महापौर



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बहुत दिनों से बंद दीनदयाल मार्ग जो पूर्व के अध्यक्ष द्वारा सरकार को तालाब का नक्शा पारित करते वक्त बंद कर दिया गया था। उसे स्वयं महापौर एवं उप महापौर ने स्थल पर जाकर संवेदक को खोलने का निर्देश देते हुए बाउंड्री वॉल तोड़ने का कार्य अपने सामने प्रारंभ करा दिया। महापौर ने बताया कि मुझसे कई मोहल्ले के लोगों ने मिलकर असुविधा की शिकायत की थी। मैंने भी महसूस किया था कि यह मार्ग खोलना चाहिए पर तालाब के ठेकेदार के ऑब्जेक्शन की वजह से नहीं खुल पा रहा था। जिसे आज बोर्ड से पूर्व मैं अपने शक्ति का इस्तेमाल करते हुए स्वयं उपमहापौर के साथ स्थल पर जाकर अपने समक्ष गेट खोलने का आदेश संवेदक को देते हुए गेट खोलने हेतु बाउंड्री वॉल तोड़वाना शुरू करवा दी। जो पानी बरसने की वजह से पूरा नहीं टूट सका। जिसे एक-दो दिन में तोड़कर एक गोल गेट लगा दिया जाएगा। साथ ही यह गेट सुबह पार्क खुलने के साथ खोला जायेगा और रात्रि पार्क बंद होने के समय बंद कर दिया जाएगा । महापौर अरुणा शंकर ने बताया कि यह दुर्भाग्य की बात है कि पूर्व के अध्यक्ष ने मोहल्ले वालों की सुविधा को नजरअंदाज करते हुए इस पार्क के अधीन इस वर्षों पुरानी चालू दीनदयाल मार्ग को बंद करा दिया।। जिसके चलते कई मोहल्ले वाले परेशान हैं । लेकिन अब यह रास्ता एक-दो दिन के अंदर गेट लगने के साथ चालू हो जायेगा।

# शहर थाना में शांति समिति की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना परिसर में रामनवमी त्योहार को लेकर मंगलवार को शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मंच का संचालन विजय ओझा के द्वारा किया गया। जबकि अध्यक्षता एसडीओ राजेश कुमार साह ने की। बैठक में रामनवमी पूजा जनरल कमेटी के अध्यक्ष जुगल किशोर ने कहा कि पलामू में रामनवमी त्योहार और मोहर्रम हिंदू मुस्लिम एकता का मिसाल रहा है। दोनों समुदाय एक दूसरे के साथ मिलजुल कर शांति पूर्वक त्योहार मनाते हैं। इस बार भी रामनवमी का त्योहार शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया है। रामनवमी त्योहार में किसी भी प्रकार की परेशानी हमारे समुदाय की ओर से नहीं होगी। बैठक की अध्यक्षता कर रहे सदर अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार साह ने कहा कि रामनवमी पर्व शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाए । उन्होंने कहा कि रामनवमी त्योहार में लोग पहले की परंपरा को लाकर ढोल, नगाड़े ताशा बजाकर शांतिपूर्वक रामनवमी त्योहार को मनाए। ताकि लोगों को परेशानी ना हो। उन्होंने कहा कि रामनवमी पर डीजे बजाने को लेकर कोर्ट ने पाबंदी लगा दी है। जिसकी वजह से हर हाल में डीजे का प्रयोग लोग ना करें। यदि लोग प्रशासन के बातों का अवहेलना करते हैं तो उनके ऊपर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वही मौके पर उपस्थित सदर एसडीपीओ ऋषभ गर्ग ने कहा कि रामनवमी त्योहार को लेकर पुलिस प्रशासन के द्वारा सभी जगहों पर सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था रहेगी। उन्होंने कहा कि रामनवमी जुलूस पर लोग शराब का सेवन ना करें ,नशा पान आदि से बचे। यदि प्रशासन के द्वारा कोई भी व्यक्ति शराब पीकर किसी महिला से छेड़खानी या किसी से मारपीट करते नजर आते हैं तो उनके ऊपर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा, टीओपी वन प्रभारी रेवा शंकर राणा,टीओपी टू प्रभारी रूद्रानंद सरस, शहर थाना के एसआई रवि कुमार, जितेंद्र कुमार, अशोक दुबे, दुर्गा जौहरी, प्रमोद अग्रवाल, दीपू चौरसिया, मनोज गुप्ता, रामनाथ चंद्रवंशी, विक्की चंद्रवंशी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### हिंदी व अंग्रेजी विषय का मेधा सूची जारी

**मेदिनीनगर।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा सोमवार की देर शाम हिंदी और अंग्रेजी विषय के अभ्यर्थियों का मेघा सूची जारी किया गया। जिसमें हिंदी के 307 और अंग्रेजी के 230 अभ्यर्थियों का मेधा सूची जारी किया गया है । सभी अभ्यर्थियों को आयोग के द्वारा जल्द ही जिला विकल्प के लिए लिंक उपलब्ध कराया जायेगा। हिंदी और अंग्रेजी विषय में पलामू के भी कई अभ्यर्थियों ने सफलता अर्जित की है। वही,वाणिज्य और जनजातीय विषय के अभ्यर्थियों को जिला विकल्प का लिंक आयोग के द्वारा दिया गया है। जिसमें अभ्यर्थियों को आज तक का तिथि आयोग के द्वारा दिया गया है।

**सदर अस्पताल**

## अस्पताल कर्मचारियों ने दिया मानवता का परिचय

# अज्ञात मरीज का किया बेहतर ढंग से इलाज

### अस्पताल में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जायेगी : अस्पताल अधीक्षक

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** सदर अस्पताल में अक्सर लोगों को बुराइयां ही देखने को मिलता है। लेकिन आज मंगलवार को यहां के स्टाफ के द्वारा एक नेक काम किया गया जो लोगों के लिए एक सबक है। बताते चलें कि मंगलवार को 108 एंबुलेंस के द्वारा एक अज्ञात महिला को सड़क से उठाकर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल में लाया गया। महिला पूरी तरह से जख्मी और गंदगी से बजबजा रही थी। अज्ञात महिला के शरीर पर गंदगी को देखकर मानवता का परिचय देते हुए अस्पताल के मेट्रोन शीला देवी, इमरजेंसी वार्ड के इंचार्ज शबाना खातून, कैदी वार्ड इंचार्ज रेशमी कुमारी, ओम प्रकाश पांडे अभिषेक दुबे और रेनू कुमारी ने अज्ञात मरीज को नहला धुला कर उसे मलमपट्टी कर सेकंड फ्लोर वार्ड में भर्ती किया। जहां चिकित्सकों की देखरेख में अज्ञात मरीज का इलाज चल रहा है। वही मौके पर उपस्थित वार्ड के मेट्रोन शीला सिस्टर ने कहा कि अस्पताल में अज्ञात मरीजों की देखरेख के लिए यहां के कर्मचारी तन मन और धन से अज्ञात मरीजों की सेवा करते हैं। उन्होंने कहा कि अभी तक अस्पताल में सैकड़ों अज्ञात मरीज आ चुके हैं। जिन्हें अस्पताल कर्मचारियों के द्वारा सही ढंग से इलाज करा कर घर भेजने का काम किया जा चुका है। वहीं अस्पताल अधीक्षक डीके सिंह का साफ तौर पर कहना है कि अस्पताल में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जायेगी। इन्हीं के दिशा निर्देश पर अस्पताल के कर्मचारी मरीजों की सेवा मेहनत और लगन से कर रहे हैं।

# कलश स्थापना के साथ आज से वासंतिक नवरात्र शुरू



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
महाशक्ति की आराधना का पर्व नवरात्र के दौरान देवी दुर्गा के अलग-अलग नौ रूपों की पूजा-अर्चना की जाती है, जिन्हें नवदुर्गा की संज्ञा दी गई है। चैत्र नवरात्रि या वासन्तिक नवरात्र का आरम्भ 22 मार्च से होगा। सूर्योदय के साथ ही ब्रह्म मुहूर्त में ही कलश स्थापना कर दुर्गा शप्तसती और दुर्गा चालीसा पाठ आरंभ हो जाएंगे। इसके लिए घरों में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

इस वर्ष नौ दिनों का पूर्ण नवरात्र है। सविधि मंत्रों से मां का आह्वान कर कलश स्थापना की जाएगी। इसके साथ ही पुष्प, सुगंध और माला अर्पित कर मां का ध्यान किया जाएगा। महाशक्ति की आराधना का पर्व नवरात्र के दौरान देवी दुर्गा के अलग-अलग नौ रूपों की पूजा-अर्चना की जाती है, जिन्हें नवदुर्गा की संज्ञा दी गई है।इसी तिथि से हिंदू नववर्ष विक्रम संवत भी शुरू होगा। ब्रह्मपुराण के मुताबिक ब्रह्मा ने इसी संवत में सृष्टि के निर्माण की शुरूआत की थी. प्रकृति कई तरह का सृजन करती है. नवरात्रों का यह त्योहार हमारे भारतवर्ष में मनाये जाने वाले प्रमुख त्योहारों में से एक है, जिसका जिक्र पुराणों में भी अच्छे से मिलता है। वैसे तो पुराणों में एक वर्ष में चैत्र, आषाढ़, अश्विन और माघ के महीनों में कुल मिलाकर चार बार नवरात्रों का जिक्र किया गया है, लेकिन चैत्र और अश्विन माह के नवरात्रों को ही प्रमुखता से मनाया जाता है। बाकी दो नवरात्रों को तंत्र-मंत्र की साधना हेतु करने का विधान है।

पुरोहितों के अनुसार नवरात्रें में मां नवदुर्गा के नवरुपों की पूजा-आराधना, पाठ, जप, यज्ञ-अनुष्ठान, व्रत, दुर्गा सप्तशती का पाठ, रामचरित मानस का पाठ, श्रीसूक्त पाठ, कन्या पूजन इत्यादि से प्रसन्न होकर मां भगवती नवदुर्गा अपने साधक भक्त की हर मनोकामना पूरी करती हैं। नवसंवत्सर के शुभ अवसर पर सम्पूर्ण नवरात्रि में मां नवदुर्गा के पाठ, जप, यज्ञ, अनुष्ठान सभी भक्तों को स्वयं करना चाहिये या सुयोग्य ब्राह्मणों से अवश्य करवाना चाहिये।

ज्योतिषाचार्य पंडित आनन्द पाठक, रामाधार पाठक, ब्रजमोहन पाठक के मुताबिक इस बार नवरात्र में किसी भी तरह के भय-बाधा से मुक्ति के लिए दुर्गा सप्तशती के पाठ के साथ अखंड दीप जलाकर कर मां का ध्यान करना फलदायी रहेगा। इस अवधि में नौ दिन मां दुर्गा की आराधना से भक्तों की सफलता के मार्ग प्रशस्त होंगे। ग्रहों की युति से सुख-समृद्धि की प्राप्ति के योग हैं। इस नवरात्र में भक्तों को अपनी क्षमता के अनुसार मां को पुष्प, फल और उनके प्रिय भोग अर्पित कर आराधना करनी चाहिए।

### मासिक क्राइम कंट्रोल की बैठक में मामलों की हुई समीक्षा, दिया कई निर्देश

# त्यौहार पर रहेगी अभूतपूर्व सुरक्षा की व्यवस्था : आर रामकुमार



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
पुलिस कप्तान आर रामकुमार की अगुवाई में मंगलवार को हुई क्राइम कंट्रोल की बैठक में विभिन्न मामलों पर समीक्षा कर कई दिशा निर्देश दिया गया। इस बैठक में जिले की कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की गई। पुलिस मुख्यालय से प्राप्त निर्देश पर कार्य करने समेत कानून-व्यवस्था बनाए रखने के सम्बंध में दिशा-निर्देश दिए। विगत माह जिले में घटित घटनाओं, महिला उत्पीड़न, हत्या, आपराधिक मामले चोरी, गृहभेदन, वाहन चोरी, कुर्की जब्ती, पासपोर्ट, आदि मामलों की थानावार समीक्षा की गई। लंबित वारंट निष्पादन में और तेजी लाने तथा फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए निर्देश दिया। बैठक में कई थानों में लंबित कांडो की निष्पादन में शिथिलता बरतने पर नाराजगी व्यक्त किया। पुलिस कप्तान ने महिला उत्पीड़न, एससी/एसएसटी के कांडो में शीघ्र कार्रवाई पूर्ण कर समय पर न्यायालय में आरोप पत्र समर्पित करने का सख्त हिदायत दिया। सरहुल और रामनवमी पर सभी थानेदारों को विशेष विशेष सतर्कता के साथ विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्य करने का निर्देश दिया। सड़क दुर्घटना में कमी लाने के लिए एहतियात कदम उठाने का निर्देश दिया। इस दौरान रामनवमी और सरहुल पर विशेष रणनीति बनाकर काम करने की जरूरत बताया गया। लोहरदगा को 26 जोन में बांटकर दंडाधिकारी के साथ पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति पर चर्चा किया गया। रामनवमी के दौरान पूर्व की सांप्रदायिक घटनाओं से सबक लेकर ठोस रणनीति बनाने का निर्देश दिया गया। बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बीएन सिंह, मुख्यालय डीएसपी परमेश्वर प्रसाद, एसपी अभियान दीपक पांडे, इंस्पेक्टर मंटू कुमार, लोहरदगा सदर थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक अनिल उरांव, कुडू थानेदार विश्वजीत सिंह, सहित अन्य थानेदार उपस्थित थे।

## NEWS इन ब्रीफ

### अवैध गांजा व प्रतिबंधित पान मसाला जब्त

**लोहरदगा।** अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल के निर्देश पर सदर ब्लॉक मोड के निकट स्थित दुकान में छापामारी कर अवैध मादक पदार्थ और प्रतिबंधित पान मसाला जब्त किया गया। छापामारी में छोटे-छोटे पाउच पर भरा गया अवैध गांजा, गांजा भरा सिगरेट और डब्बा में भरा गया गांजा समेत रजनीगंधा, कमला पसंद पान मसाले की पेटी जब्त की गई है। बताया गया कि ब्लॉक मोड़ के निकट स्थित रेखा देवी की दुकान से सामान जब्त किया गया। दरअसल, स्थानीय प्रशासन को लगातार इस दुकान के माध्यम से प्रतिबंधित मादक पदार्थों की बिक्री की शिकायत मिल रही थी। फिलहाल, दुकान के मालिक रेखा देवी को हिरासत में लेकर छापामारी टीम के अधिकारी पूछताछ कर रहे हैं। छापामारी दल में सदर अंचलाधिकारी सनी कुमार दास, कार्यपालक दंडाधिकारी पवन कुमार, पूजा कुमारी, फूड सेफ्टी ऑफिसर राजा कुमार एवं सदर थाना की पुलिस शामिल थे।

### जहर खाकर 65 वर्षीय वृद्धा ने की आत्महत्या

**बानो।** बानो थाना क्षेत्र अंतर्गत सोयं सेमरटोली गांव में पारिवारिक विवाद में गांव की 65 वर्षीय वृद्ध महिला फूलों देवी ने कीटनाशक पीकर आत्महत्या कर ली। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मृतिका फूलों देवी अपने परिवार में किसी बात को लेकर नाराज चल रही थी और देर रात दरवाजा बंद कर कीटनाशक का सेवन कर ली। जब परिजनों को दरवाजा बंद होने की सूचना मिली तो उन्होंने दरवाजा तोड़कर उसे निकाला और बानो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां पर उसकी स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा भेज दिया। जहां पर इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई घर मौत के बाद उसके शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाते हुए शव परिजनों को सौंप दिया।

### बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में दो प्रतिभागियों ने किया उत्कृष्ट प्रर्दशन

**सिमडेगा।** रांची के मुरी में आयोजित झारखंड स्टेट बॉडी बिल्डिंग एंड फिटनेस चैम्पियनशिप में सिमडेगा के प्रतिभागियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। सिमडेगा के स्पार्टन जिम के सोएब अख्तर ने 65 किलो वजन में द्वितीय और 60 किलो वजन में तनवीर आलम ने सातवां स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में झारखंड के विभिन्न जिलों से काफी संख्या में प्रतिभागी शामिल हुए थे। जिसमें सिमडेगा के प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रर्दशन कर सिमडेगा का नाम रौशन किया। उक्त प्रतिभागियों को सिल्ली विधायक सुदेश महतो ने पुरस्कृत करते हुए शुभकामनाएं दीं। जिम के संचालक अली खान ने बताया कि सिमडेगा के उक्त दोनों प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उन्हांने दोनों प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी।

### सेन्हा प्रखंड परिसर में पुस्तकालय सह अध्ययन केंद्र का उद्घाटन, डीसी ने कहा

# छात्रों के लिए पुस्तकों का अध्ययन व मार्गदर्शन जरूरी



### छात्र पुस्तकालय से लाभ लेकर अपना लक्ष्य प्राप्त करें

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
सेन्हा प्रखंड परिसर में पुस्तकालय सह अध्ययन का उद्घाटन उपायुक्त डा0 वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि सभी प्रखंडों में पुस्तकालय की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। उसी कड़ी में मंगलवार से सेन्हा प्रखंड के पुस्तकालय सह अध्ययन कक्ष का उद्घाटन किया गया है। सेन्हा प्रखंड के अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के सुविधा के लिए व्यवस्था की गई है। अध्ययन में छात्रों को सहायता बहुत जरूरी होता है। कई छात्र- छात्राओं के परिवार में बहुत तरह की समस्या होती है। पुस्तकालय का उद्देश्य पढ़ने वालों की समस्या का समाधान हो। पुस्तकालय में विभिन्न प्रतियोगिता की पुस्तकें, विभिन्न फैकल्टी की पुस्तके उपलब्ध है। वर्तमान में 100 पुस्तकों से प्रारंभ किया गया है। आगे और किताबें उपलब्ध कराई जाएगी। समाज के बुद्धिजीवी, समाजसेवी एवं शिक्षाविदों के पास घर में पुस्तकें हो तो वह भी पुस्तकालय में दान दें। छात्र अपना लक्ष्य तय करें और इस पुस्तकालय का लाभ लेकर लक्ष्य प्राप्त करें। उपायुक्त ने कहा कि जिले में कोचिंग की व्यवस्था भी की गई है, जहां आकर मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं। छात्रों को परीक्षा का डर निकालना होता है। इसके लिए पुस्तकों का अध्ययन एवं मार्गदर्शन जरूरी है। कुछ छात्र-छात्राओं को पुस्तकालय निबंधन कार्ड भी उपलब्ध कराया गया। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी, गोपनीय प्रभारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी सहित प्रखंड एवं अंचल के कर्मी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### शिक्षकों की नियुक्ति के लिए जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक



**उपायुक्त** डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आदर्श विद्यालय योजना अंतर्गत जिला के उत्कृष्ट विद्यालयों एवं प्रखंड स्तरीय आदर्श विद्यालयों में संविदा आधारित शिक्षकों की नियुक्ति हेतु जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में शिक्षा विभाग की ओर से बताया गया कि संबंधित शिक्षकों की नियुक्ति हेतु प्रकाशित विज्ञापन के उपरांत कुल 1600 आवेदन प्राप्त हुए हैं। बैठक में उपायुक्त द्वारा अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा के आयोजन के लिए परीक्षा समिति का गठन किया गया जिसकी अध्यक्षता उप विकास आयुक्त करेंगी। सदस्य के रूप में अनुमण्डल पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिला शिक्षा अधीक्षक होंगी। इसी प्रकार परीक्षा बोर्ड का गठन किया गया जिसमे अनुमण्डल पदाधिकारी,जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक और विषयानुसार शिक्षाविद होंगे। इस बोर्ड का कार्य परीक्षा से संबंधित प्रश्न-पत्र तैयार करवाना, उत्तरपुस्तिका चेक करवाना, शिक्षकों के पैनल का गठन करना होगा। परीक्षा बोर्ड बैठक कर कदाचार रहित परीक्षा से संबंधित तैयारी की समीक्षा करेगा और लिखित परीक्षा का परिणाम का प्रकाशन कराने हेतु परीक्षा समिति को उपलब्ध कराएगा। बैठक में अनुमण्डल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को परीक्षा केंद्र निर्धारित किये जाने का निदेश दिया गया। साथ ही, परीक्षा के लिए प्रश्न-पत्र के संधारण, परीक्षा केंद्र तक ले जाने, सीलिंग, हॉल टिकट अभ्यर्थियों को उपलब्ध कराने संबंधित निदेश दिये गये। बैठक में पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, उप विकास आयुक्त समीरा एस, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी समेत अन्य उपस्थित थे।

### आपदा प्रबंधन प्राधिकार (डीडीएमए) की बैठक



**उपायुक्त** डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन प्राधिकार (डीडीएमए) की बैठक हुई। बैठक में विभिन्न मामलों में मुआवजा से संबंधित भुगतान की स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में सुखाड़ (श्रेणी-क एवं ग) अंतर्गत सत्यापित किसानों, वज्रपात से कुडू में मृत एक मामले, अतिवृष्टि/आंधी तूफान से मकान क्षति के कैरो के 24, किस्को अंचल के 16 और कुडू अंचल के 29 मामलों में मुआवजा भुगतान की स्वीकृति प्रदान की गई। सेन्हा में आगजनी के क्षतिग्रस्त मकान से संबंधित एक मामला, पानी में डूबने से मृत व्यक्ति के आश्रितों को मुआवजा भुगतान के किस्को के एक, सदर प्रखंड के एक और भंडरा प्रखंड के एक मामले में स्वीकृति प्रदान की गई। किस्को व कुडू प्रखण्ड में सर्पदंश के एक-एक मामले में मुआवजा राशि भुगतान की स्वीकृति प्रदान की गई। सड़क दुर्घटना से मृत 13 व्यक्यिों के आश्रितों को मुआवजा भुगतान की स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में कोविड कार्य हेतु सिविल सर्जन, लोहरदगा और प्रखंड विकास पदाधिकारी, लोहरदगा को अतिरिक्त बकाया राशि भुगतान की स्वीकृति प्रदान की गई। वन प्रमंडल पदाधिकारी, लोहरदगा द्वारा जंगल में आग की घटनाओं पर रोकथाम हेतु सभी पंचायतों में मुखिया, पंचायत सेवक, सरपंच को वन विभाग के वेबसाईट में फायर अलर्ट के लिए रजिस्ट्रेशन कराने की अपील की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, वन प्रमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार, नगर परिषद अध्यक्ष अनुपमा भगत, अपर समाहर्ता समीरा एस, अनुमंडल पदाधिकारी, सिविल सर्जन, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी उपस्थित थे।

# गोली कांड में छह के विरुद्ध प्राथमिकी, दो गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**
सेन्हा थाना की पुलिस ने सोमवार देर शाम आराहांसा गांव में हुक फायरिंग मामले में दो आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दी है। आरोपी की पहचान स्वर्गीय घनश्याम देव का पुत्र मोहित देव एवं स्वर्गीय राधेश्याम देव के पुत्र उत्तम देव के रूप में किया गया है। इस संदर्भ में सेन्हा थाना कांड संख्या 40/23 , धारा 323, 307, 34 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर पुलिस करवाई में जुट गई है। जानकारी के अनुसार इस मामले में छह पर नामजद प्राथमिकी दर्ज किया गया है जिसमे दो की गिरफ्तारी हो गई है जबकि चार फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। मामले में बताया गया कि बदला पंचायत स्थित आराहांसा ग्राम में सोमवार देर शाम आराहांसा लाल टोली में कार्तिक मुंडा के किराना दुकान के समीप संदीप उरांव पिता अगनु उरांव एवं भतीजा विष्णु उरांव पिता रोपा उरांव के साथ गांव के एवं दूसरे गांव के कुछ लोग बैठा हुए थे। वहा पर गांव का शिवम देव,पुरुषोत्तम देव,उत्तम देव, मोहित देव, आयुष यादव एवं रोशन शाहदेव पहले से बैठ हुए थे। और उन्ही लोगों के द्वारा मारपीट किया गया था। बीच बचाव के दौरान दो बार फायरिंग हुआ। भय बनाने के लिये फायरिंग करते हुए सभी लोग वहां से भाग निकले। घटना की सूचना सेन्हा थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान को मिलते ही दलबल के साथ घटना स्थल पहुंच जायजा लेते हुए घायल को सेन्हा समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां इलाज के उपरांत मंगलवार को थाना में लिखित आवेदन देते हुए सभी 6 नामजद के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया।

### झामुमो की परिसदन में हुई बैठक

# पाकरटांड कमेटी को किया गठन



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
झारखंड मुक्ति मोर्चा सिमडेगा जिला समिति की आवश्यक बैठक परिसदन भवन में मंगलवार को जिला अध्यक्ष अनिल कंडुलना की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। जिसमें सर्वप्रथम केंद्रीय समिति के निर्देश अनुसार 20000 में सदस्यता ग्रहण कराने को लेकर चर्चा हुई। इसके अलावा पाकरटांड प्रखंड कमेटी की पार्टी विरोधी गतिविधि को ध्यान में रखते हुए पाकरटांड प्रखंड अध्यक्ष को पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने के कारण पाकरटाड़ प्रखंड समिति को उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा सर्व सहमति से भंग कर दिया गया। साथ ही तेज कुमार लकड़ा को जिला समिति द्वारा सर्व सहमति से छः वर्षों के लिए निलंबित किया गया एवं यथाशीघ्र नये प्रखंड समिति का गठन करने का निर्णय लिया गया। वही अध्यक्ष कुरडेग के विरूद्ध प्रखंड समिति के अन्य पदाधिकारियों द्वारा लिखित सिकायत जिला समिति को मिला है। इस सिकायत को मद्देनजर रखते हुए जिला समिति द्वारा लिखित स्पष्टीकरण देने के लिए नोटीस जारी करने का निर्णय लिया गया एवं सभी वर्ग संगठनों के पुर्नगठन एवं विस्तार करने के लिए विचार विमर्श हेतु 13 अप्रैल 2023 गुरुवार को सभी प्रखंड समितियों, सभी वर्ग संगठनों के पूर्व पदाधिकारियों, सभी वरीष्ठ एवं सक्रिय कार्यकत्ताओं, पार्टी समर्थित सभी बीससूत्री सदस्यों और जिला के सभी केन्द्रीय समिति सदस्यों की बैठक बुलाई गई है। खतियानी जोहर यात्रा को सफलतापूर्वक संचालन को लेकर सभी का आभार व्यक्त किया गया। बैठक में जिला सचिव मो सफीक खान, झामुमो उपाध्यक्ष अनिल तिर्की, दीप्तिमान तिर्की, कोषाध्यक्ष नोवास केरकेट्टा, जिला संगठन सचिव विपिन कुल्लू, कल्याण मिंज, केन्द्रीय समिति सदस्य विरजो कन्डुलना, सदस्य नरायाण मांझी, जिला बीससूत्री सदस्य फुलकुवंरी समद, जिला बीससूत्री सदस्य संजीव डांग, प्रखंड अध्यक्ष सिमडेगा सुमन मिंज आदि उपस्थित थे।

### नववर्ष विक्रम संवत को ले तैयारी पूरी, आज निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**लोहरदगा।** जय श्रीराम समिति की बैठक जिला कार्यकारी अध्यक्ष दयाशंकर सिंह की अध्यक्षता में की गई। बैठक में सभी संगठन के पदाधिकारी उपस्थित हुए। बैठक में 22 मार्च नववर्ष विक्रम संवत शोभा यात्रा को लेकर खास चर्चा की गई जिसमें सभी संगठनों के पदाधिकारियों ने शोभा यात्रा को भव्य बनाने हेतु अपना अपना विचार दिए। ज्ञात हो कि नववर्ष के अवसर पर जय श्रीराम समिति के द्वारा ललित नारायण स्टेडियम से भव्य शोभायात्रा प्रातः 11:00 बजे निकाली जा रही है जो नगर भ्रमण कर पुनः ललित नारायण स्टेडियम में आएगी जिसमें काफी संख्या में सनातन धर्मलंबी शामिल होंगे तत्पश्चात भव्य भंडारा एवं भक्ति जागरण का आयोजन होगा। जगह जगह पानी शरबत की व्यवस्था एवं शोभा यात्रा के दौरान जगह-जगह पुष्पवर्षा की जाएगी। मौके पर विश्व हिंदू परिषद, केंद्रीय महावीर मंडल, सरना सनातन, योगी सेना एवं जय श्रीराम समिति के सभी पदाधिकारी मौजूद थे।

### भंडरा पंसस ने बीडीओ पर लगाया अपमानित करने का आरोप

**भंडरा।** भंडरा पंचायत के पंसस प्रतिमा उरांव ने भंडरा के प्रखंड विकास पदाधिकारी रणजीत कुमार सिन्हा पर अभद्र भाषा और अपमानित करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में पंसस ने उपायुक्त से लिखित शिकायत की है। पंसस ने आवेदन में कहा है कि प्रखंड विकास पदाधिकारी के कार्यालय में 15वे वित्त योजना के संबंध में चर्चा की तो उन्होंने अभद्र भाषा का प्रयोग किया और अपमानित किया। पंसस ने कहा कि पंचायत के जनप्रतिनिधि के साथ इस तरह का बर्ताव किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। वहीं इस सन्दर्भ में प्रखंड विकास पदाधिकारी रणजीत कुमार सिन्हा से पूछे जाने पर कहा कि भंडरा पंचायत के पंसस के आरोप गलत और बेबुनियाद है। उन्होंने कहा कि भंडरा पंसस अपने पति के साथ मिल कर 15 वे वित्त योजना का कार्य अपने तरीके से नियमों को ताक मे रख कर कराना चाहते थे। मेरे द्वारा योजनाओं के चयन मे पारदर्शिता एव नियमों से करने की बात कही गयी। इसी वजह से पंसस क्षुब्ध होकर इस तरह का मनगढ़ंत आरोप लगा कर मेरी प्रतिष्ठा धूमिल कर रही है। उन्होंने कहा की मेरे द्वारा आज तक किसी भी जनप्रतिनिधि का अपमान नही किया गया है।

### सुनील मेहता बने लोहरदगा राजद जिलाध्यक्ष

**लोहरदगा।** राष्ट्रीय जनता दल की हुए संगठनात्मक चुनाव में थाना रोड, गुदरी बाजार, नाई मोहल्ला निवासी सुनील कुमार मेहता को राष्ट्रीय जनता दल लोहरदगा जिला अध्यक्ष पद पर मनोनयन किया गया। इस संदर्भ में राजद प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव ने नव मनोनीत जिलाध्यक्ष सुनील मेहता को मंगलवार को पत्र जारी किया है। नव मनोनीत जिलाध्यक्ष सुनील मेहता को लोहरदगा में राजद संगठन को मजबूत और धारदार बनाने का निर्देश दिया गया। यथाशीघ्र राजद जिला कमेटी समेत सभी मंच मोर्चा का गठन करने का निर्देश दिया गया है। लोहरदगा राजद जिला अध्यक्ष पद पर सुनील मेहता का मनोनयन होने से स्थानीय राजद नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इसका गर्मजोशी से स्वागत कर सुनील मेहता को हार्दिक बधाई दिया है।

### शीतला माता मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर भव्य कलश यात्रा का हुआ आयोजन

**सिमडेगा।** शीतला माता मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर सिमडेगा शहर में भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया कलश यात्रा की शुरूआत गांधी मैदान स्थित देवरहा बाबा आश्रम से शुरू हुई। जहां पर भारी संख्या में महिलाओं की भीड़ रही ।कलश यात्रा सिमडेगा प्रिंस चौक झूलन सिंह चौक होते हुए नीचे बाजार जाकर सामटोली पहुंची जहां पर अधिवास पूजन के साथ शीतला माता की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा की कार्यक्रम किया गया। बताया गया कि यहां पर शीतला माता की प्रतिमा स्थापित की जा रही है।

### जागरूक
### डीएफओ ने फॉरेस्ट गार्ड टीम से की मंत्रणा, कहा

# आग बुझाने वाले ग्रामीणों को मिलेगी प्रोत्साहन राशि




### जंगल में अगलगी की घटना पर रोक लगाने की बनी रणनीति

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
स्थानीय पठारी जंगलों में गर्मी मौसम के दौरान आग लगने की होने वाली घटनाओं पर रोक लगाते हुए तत्काल आग को नियंत्रण करने को लेकर मंगलवार को वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार ने वनरक्षी फॉरेस्ट गार्ड की पूरी टीम से समीक्षा बैठक किया। इस दौरान पठारी जंगलों में विभिन्न कारणों से आग लगने पर तत्काल उसे बुझाने की रणनीति बनाई गई। पठारी ग्रामीणों को जागरूक कर अगलगी की घटना पर उनकी प्रत्यक्ष भागीदारी निभाने के लिए प्रोत्साहित करने को कहा गया। कहा गया कि इन दिनों पठारी जंगलों में अगलगी की घटनाओं में वृद्धि हुई है। इससे जंगल को गंभीर क्षति होने और कीट पतंगों के मारे जाने को पर चिंता व्यक्त किया गया। फॉरेस्ट गार्ड को अगलगी की घटना होने पर उससे निबटने का गुर बताया गया। इस दौरान वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार ने कहा कि मानवीय भूल के कारण जंगल में आग लगने की घटना हो रही है। इसे हर हाल पर नियंत्रण करने की जरूरत है। आग लगने पर तत्काल इसे फैलने से रोककर बुझाने की तकनीक ग्रामीणों को बताए फॉरेस्ट गार्ड। डीएफओ ने कहा जंगल में आग लगने के बाद इसे बुझाने में प्रत्यक्ष भागीदारी निभाने वाले लगभग 60 ग्रामीणों को अब तक तीन लाख 26 हजार प्रोत्साहन राशि दिया गया है। आग बुझाने वाले ग्रामीणों को चिन्हित कर उन्हें नगद प्रोत्साहन राशि दिया जाएगा।

डीएफओ ने कहा कि आग को लेकर पठारी ग्रामीणों में जागरूकता फैलाने की जरूरत है। कहा गया कि एफएसआई एनआईसी इन फायर अलर्ट साइड से अधिकतम पठारी ग्रामीणों को जोड़ने की जरूरत है। मोबाइल के माध्यम से इस साइट से जुड़ने पर सेटेलाइट के माध्यम से अगलगी की घटना होने पर तत्काल उसे रोका जा सकता है। कहा कि जंगल में आग लगने की घटना रोकने के लिए बनारी रेंज में 12 एवं लोहरदगा रेंज में 06 फायर ब्लॉवर की व्यवस्था मौजूद है। मौके पर रेंजर अरुण कुमार समेत बड़ी संख्या में फॉरेस्ट गार्ड मौजूद थे।

# शेयर बाजार में आई तेजी

**एजेंसी। नई दिल्ली**
भारतीय शेयर बाजार के लिए मंगलवार का दिन काफी शुभ साबित हुआ है। बेहतर वैश्विक संकेतों के चलते बाजार सुबह तेजी के साथ खुला और पूरे दिन बाजार में मजबूती रही। बैंकिंग शेयरों में



खरीदारी के चलते बाजार तेजी के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार के अंत में बीएसई सेंसेक्स 445 अंक की बढ़त के साथ 58,074 अंक ऊपर 58,000 पर बंद हुआ, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 119 अंक की बढ़त के साथ 17,107 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 17,000 के पार जाने में कामयाब रहा है। आज के कारोबार में बैंकिंग सेक्टर, एनर्जी, ऑटो, इंफ्रा, कमोडिटी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, ऑयल एंड गैस सेक्टर के शेयरों में खरीदारी देखने को मिली है. जबकि आईटी, हेल्थकेयर, फार्मा, एफएमसीजी सेक्टर के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई है। मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में जबरदस्त तेजी देखने को मिली। सेंसेक्स की 30 में से 18 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए जबकि 12 नुकसान के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी के 50 में से 27 शेयर लाभ के साथ और 23 नुकसान के साथ बंद हुए। आज के कारोबार में रिलायंस का शेयर 3.11 फीसदी की तेजी के साथ 2270 रुपये पर बंद हुआ. जबकि बजाज फाइनेंस 2.94 फीसदी, टाइटन 2.15 फीसदी, एक्सिस बैंक 2.14 फीसदी, इंडसइंड बैंक 1.94 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुए। पावर ग्रिड जहां 2.11 फीसदी, एचयूएल 1.88 फीसदी, टेक महिंद्रा 1.19 फीसदी, टीसीएस 1.12 फीसदी टूटकर बंद हुए। बाजार में आज की तेजी के दौर में निवेशकों की संपत्ति में तेजी आई है।
बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप घटकर 256.89 लाख करोड़ रुपए पर आ गया है, जो सोमवार को 255.64 लाख करोड़ रुपए था।

# तमिलनाडु सरकार 5 वर्ष के लिए शुरू करेगी मिलेट मिशन

**एजेंसी। चेन्नई**
तमिलनाडु सरकार ने अपने तमिलनाडु मिलेट मिशन के तहत 50 हजार एकड़ बंजर भूमि में मोटे अनाज की खेती करने के लिए सब्सिडी प्रदान करने का फैसला किया है। कृषि मंत्री एम.आर.के. पन्नीरसेल्वम ने यह जानकारी दी। पन्नीरसेल्वम ने मंगलवार को विधानसभा में वित्तीय वर्ष 24 के लिए राज्य का कृषि बजट पेश करते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2023 को अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष घोषित करने के साथ, राज्य सरकार पांच साल के लिए तमिलनाडु मिलेट मिशन को लागू करेगी। पन्नीरसेल्वम ने कहा, इस योजना के तहत, 50 हजार एकड़ में बाजरा की खेती के लिए सब्सिडी दी जाएगी। बाजरा उत्पादकों के सौ समूह बनाए जाएंगे और उनके लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि 12,500 एकड़ में स्प्रिंकलर सिंचाई प्रणाली स्थापित करने के लिए सब्सिडी प्रदान की जाएगी। मूल्यवर्धित बाजरा बेचने के लिए बाजरा प्रसंस्करण केंद्र स्थापित करने के लिए किसान उत्पादक समूहों को सब्सिडी सहायता प्रदान की जाएगी। बाजरे की अच्छाई के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए सरकार 'बाजरा उत्सव' मनाएगी। उनके अनुसार बाजरे का उत्पादन और खपत बढ़ाने के लिए रागी और बाजरा की सीधी खरीद की जाएगी और उचित मूल्य की दुकानों पर बाजरा की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।
पन्नीरसेल्वम ने कहा कि सरकारी संस्थानों और शैक्षणिक संस्थानों के छात्रावासों में बाजरा आधारित भोजन शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्ष में 82 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से केंद्र और राज्य सरकारों की वित्तीय सहायता से इस योजना को लागू किया जाएगा। इसके अलावा, तमिलनाडु में बाजरा को पुनर्जीवित करने और इसकी खेती, उत्पादन और बाजरा की खपत के तहत क्षेत्र को बढ़ाने के लिए, सरकार ने पांच और जिलों - नमक्कल, तिरुपुर, कोयम्बटूर, इरोड और पुदुकोट्टई को बाजरा क्षेत्र घोषित करने का निर्णय लिया है। पिछले साल के कृषि बजट में 20 जिलों को शामिल करते हुए दो बाजरा जोन घोषित किए गए थे। लोगों को बाजरा उपलब्ध कराने के लिए नीलगिरी और धर्मपुरी जिलों में परिवार कार्ड धारकों को पायलट आधार पर दो किलोग्राम रागी वितरित करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। पन्नीरसेल्वम ने



कहा, इसके अलावा, किसानों को उचित मूल्य प्राप्त करने की सुविधा के लिए, सहकारी समितियों के माध्यम से प्रसंस्कृत लघु बाजरा खरीदा जाता है और चेन्नई और कोयम्बटूर शहरों में अमुथम, चिंतामणि और कामधेनु सहकारी बिक्री आउटलेट के माध्यम से वितरित किया जाता है।

# 'पवेलियन एयरो 13' एचपी ने किया लैपटॉप लॉन्च

**एजेंसी। नई दिल्ली**
पीसी और प्रिंटर प्रमुख एचपी ने मंगलवार को भारत में रैडॉन ग्राफिक्स के साथ एएमडी राइजेन 7 प्रोसेसर द्वारा संचालित अपना लेटेस्ट लैपटॉप-पैवेलियन एयरो 13 लॉन्च किया। नया एचपी पवेलियन एयरो 13 रोज पेल गोल्ड, वार्म गोल्ड और नेचुरल सिल्वर कलर विकल्पों में 72,999 रुपये की शुरूआती कीमत पर उपलब्ध है। कंपनी के मुताबिक नए लैपटॉप का वजन 1 किलो से कम है, जो इसे हाइब्रिड वर्कस्टाइल के लिए उपयुक्त बनाता है। एचपी इंडिया में पर्सनल सिस्टम्स के सीनियर डायरेक्टर, विक्रम बेदी ने एक बयान में कहा, ₹हमें नए एचपी पैवेलियन एयरो 13 को पेश करने पर गर्व है, जिसे आज की दुनिया में बहुमुखी और शक्तिशाली कंप्यूटिंग समाधानों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह असाधारण प्रदर्शन और गतिशीलता प्रदान करता है, जिससे उपयोगकर्ता चलते-फिरते उत्पादक बने रहते हैं और मनोरंजन करते हैं। नया लैपटॉप वाई-फाई6 के साथ तेज और विश्वसनीय कनेक्टिविटी और 10.5 घंटे तक की बैटरी लाइफ से लैस है, जो इसे किसी भी स्थान से काम करने, ब्राउजिंग और स्ट्रीमिंग के लिए आदर्श बनाता है। इसके अलावा, यह काम के लिए या दोस्तों के साथ स्पष्ट वीडियो कॉल के लिए अनवॉन्टेड बैकग्राउंड साउंड्स को पहचानने और कम करने के लिए एआई शोर हटाने के फीचर के साथ आता है। कंपनी ने कहा कि 100 प्रतिशत आरजीबी के साथ एक व्यापक कलर पैलेट वेब सर्फि ग और वीडियो स्ट्रीमिंग करते समय अधिक जीवंत इमेजिस को देखने में सक्षम बनाता है।

## नई हुंडई वरना भारत में हुई लॉन्च

**नई दिल्ली।** हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड ने आज (मंगलवार, 21 मार्च) को भारत में मिड-साइज सेडान सेगमेंट में अपनी नेक्स्ट जेनरेशन वरना लॉन्च की। इसकी शुरूआती कीमत 10.89 लाख रुपए है, जो टॉप एंड वैरिएंट में 17.38 लाख रुपए तक जाती है। इसमें 20 किमी/ माइलेज मिलेगा। कंपनी ने पिछले महीने 25 हजार रुपए टोकन मनी पर बुकिंग लेना शुरू किया था। अभी तक उसे 8,000 से बुकिंग मिल चुकी है। कार की डिलीवरी अप्रैल 2023 के पहले हफ्ते से शुरू होगी। वहीं कंपनी इस कार में साथ 3 साल की अनलिमिटेड किलोमीटर वारंटी भी दे रही है। नई वरना को 4 ट्रिम्स और 2 इंजन ऑप्शन के साथ पेश किया गया है।

# पेट्रोल-डीजल के मूल्य स्थिर

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में उतार-चढ़ाव का सिलसिला जारी है। ब्रेंट क्रूड 74 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 67 डॉलर प्रति बैरल के करीब ट्रेंड कर रहा है।सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक मंगलवार को दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के दूसरे दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 0.44 डॉलर यानी 0.60 फीसदी की गिरावट के साथ 73.35 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.35 डॉलर यानी 0.52 फीसदी लुढ़ककर 66.29 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।


## कार्यालय– समेकित जनजाति विकास अभिकरण (I.T.D.A) लोहरदगा।
(अ0ज0जा0, अ0जा0, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग)

प्रवेशिकोत्तर पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछडी जाति के छात्र/छात्राओं के लिए छात्रवृति योजना हेतु आवेदन से संबंधित आवश्यक सूचना

(P.R No.- 292650)

**आम सूचना**

निदेशानुसार शैक्षणिक सत्र–2022–23 के लिए झारखण्ड राज्य एवं राज्य के बाहर नामांकन लेने वाले छात्र–छात्राओं हेतु शैक्षणिक संस्थानों द्वारा ई–कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण हेतु अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ी जाति प्रवेशिकोत्तर छात्रवृति योजना के अन्तर्गत प्रकियात्मक कारवाई से संबंधित पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन (P.R No.- 292650) के कम में पूर्व में निर्धारित तिथि को संशोधित करते हुए निम्न प्रकार तिथि विस्तारित की जाती है :–

ऑनलाईन आवेदन की समय सीमा :–

| क0 | प्रकियात्मक कार्रवाई | ई–कल्याण पोर्टल पर कार्यवाही के लिए विस्तारित अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| 1 | शैक्षणिक संस्थानों द्वारा ई–कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण हेतु आवेदन की तिथि | 27.03.2023 |
| 2 | शैक्षणिक सत्र–2022–23 हेतु छात्र/छात्राओं के आवेदन प्रकिया की तिथि | 10.04.2023 |
| 3 | संबंधित शैक्षणिक संस्थान के INO द्वारा छात्र/छात्राओं के आवेदन का सत्यापन की तिथि | 11.04.2023 |

अन्य दिशा निर्देश पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन के अनुसार Website-ekalyan.cgg.gov.in पर उपलब्ध है।

ह0/–
जिला कल्याण पदाधिकारी, लोहरदगा।
PR 293259 (Lohardaga) 22-23 (D)



## कार्यालय :- नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर
email-npnagaruntari@gmail.com

**आवश्यक-सूचना**

एतद् द्वारा नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर अन्तर्गत वर्ष 2015–16 से 2019–20 तक स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के चतुर्थ घटक अन्तर्गत निम्न लाभुकों द्वारा आवास निर्माण के कार्य को रूफ स्तर पर लंबित रखा गया है, जो अत्यन्त ही खेद का विषय है। उक्त लाभुको को पर्याप्त समय एवं नोटिस निर्गत किया जा चुका है। इस कारण सरकार की इस महत्वकांक्षी योजना को ससमय पूर्ण कराने में कठिनाई हो रही है। लाभुकों की विवरणी निम्नवत् है :–

| क्र0 सं0 | लाभुक का नाम | पिता/पति का नाम | वार्ड सं0 | डी0पी0आर/वर्ष |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अफरीना बीबी | कलीमुल्लाह अंसारी | 1 | 269/2018-19 |
| 2 | शैदा बीबी | जसमुदीन अंसारी | 1 | 50/2017-18/2017-18 |
| 3 | महरूम बीबी | अकलीम अंसारी | 1 | 50/2017-18/2017-18 |
| 4 | शाबरा बीबी | कईमुद्दीन अंसारी | 1 | 1375/2017-18 |
| 5 | शोभा बीबी | नसरूद्दीन खान | 1 | 1375/2017-18 |
| 6 | मोतीजा बीबी | तबरेज खान | 1 | 1375/2017-18 |
| 7 | कसीदा बीबी | रेयाज खान | 1 | 1375/2017-18 |
| 8 | इसरत फातमा | अजिमुल्लाह खान | 2 | 382/2017-18 |
| 9 | शाबीया बीबी | एकराम खान | 3 | 382/2017-18 |
| 10 | सस्या देवी | सुरेन्द्र चन्द्रवंशी | 3 | 1375/2017-18 |
| 11 | रीमा देवी | स्व0 पिन्टू पासवान | 4 | 1375/2017-18 |
| 12 | बसंती देवी | जगू राम | 4 | 1375/2017-18 |
| 13 | मुंतरी बीबी | ओहतियाज अंसारी | 4 | 1375/2017-18 |
| 14 | सुमित्री देवी | इन्द्रदेव उॅराव | 5 | 382/2017-18 |
| 15 | कमला देवी | अनील विश्वकर्मा | 6 | 50/2017-18 |
| 16 | सितापती देवी | कन्हाई उॅराव | 6 | 382/2017-18 |
| 17 | कुसुमरी देवी | मोती उॅराव | 6 | 382/2017-18 |
| 18 | बुधनी देवी | राजेश्वर राम | 6 | 1375/2017-18 |
| 19 | कुसुमरी देवी | रामजन्म उॅराव | 6 | 1375/2017-18 |
| 20 | रेणुका रंजन वर्मा | अशोक कुमार मेहता | 7 | 382/2017-18 |
| 21 | देवन्ती देवी | अशोक राम | 7 | 382/2017-18 |
| 22 | जुगती देवी | बसंत राम | 7 | 382/2017-18 |
| 23 | चन्दा देवी | भोला राम | 7 | 382/2017-18 |
| 24 | प्रेमा देवी | कृष्णनन्द तिवारी | 7 | 1375/2017-18 |
| 25 | विमला देवी | प्रगास राम | 7 | 1375/2017-18 |
| 26 | सरोज देवी | राधेश्याम शुक्ल | 7 | 1375/2017-18 |
| 27 | उर्मीला देवी | विद्या राम | 7 | 1375/2017-18 |
| 28 | गायत्री देवी | विजयकान्त पाण्डेय | 7 | 1375/2017-18 |
| 29 | रीना देवी | अशोक कुमार | 7 | 1375/2017-18 |
| 30 | बिमला देवी | कमलेश कुमार | 7 | 1375/2017-18 |
| 31 | शोभा देवी | राजेश कुमार राम | 7 | 1375/2017-18 |
| 32 | श्रीकान्ती देवी | सुग्रीव राम | 7 | 1375/2017-18 |
| 33 | ममता देवी | धर्मेन्द्र तिवारी | 7 | 1375/2017-18 |
| 34 | नितू देवी | नवल राम | 7 | 1375/2017-18 |
| 35 | रिन्ता देवी | अजय पासवान | 7 | 1375/2017-18 |
| 36 | दुर्गावती देवी | रामस्वरूप प्रसाद | 8 | 1375/2017-18 |
| 37 | रेखा देवी | सुनील प्रसाद | 9 | 269/2018-19 |
| 38 | रम्भा देवी | इन्द्रदेव प्रसाद | 9 | 269/2018-19 |
| 39 | संगीता देवी | मदन पासवान | 9 | 269/2018-19 |
| 40 | अमरावती देवी | शिवशंकर प्रसाद | 9 | 1375/2017-18 |
| 41 | रीता देवी | सुरेन्द्र प्रसाद | 9 | 1375/2017-18 |
| 42 | देवन्ती देवी | अनील पाल | 9 | 1375/2017-18 |
| 43 | कलावती देवी | रामसुरत प्रसाद | 10 | 269/2018-19 |
| 44 | पुजा कुमारी | विकाश कुमार पाल | 10 | 269/2018-19 |
| 45 | अफसाना प्रवीण | मंसूर आलम | 10 | 1375/2017-18 |
| 46 | आशा देवी | ओम प्रकाश चन्द्रवंशी | 11 | 1375/2017-18 |
| 47 | भागमनी देवी | रामधनी साव | 11 | 1375/2017-18 |
| 48 | मीना देवी | संजय राम | 11 | 1375/2017-18 |
| 49 | आरती देवी | संजय साव | 11 | 1375/2017-18 |
| 50 | माया देवी | जीतेन्द्र कुमार मेहता | 12 | 269/2018-19 |
| 51 | गीता देवी | राजेश चन्द्रवंशी | 12 | 269/2018-19 |
| 52 | सुहैला खातून | शाकीर अली | 12 | 269/2018-19 |
| 53 | मसीरा बीबी | अजमुद्दीन अंसारी | 12 | 269/2018-19 |
| 54 | सरीता देवी | अनुप विश्वकर्मा | 12 | 269/2018-19 |
| 55 | रूही निशा | मोबीन खलीफा | 12 | 1375/2017-18 |
| 56 | संध्या देवी | सत्येन्द्र प्रसाद | 12 | 1375/2017-18 |
| 57 | दुलारी देवी | दयाराम पासवान | 12 | 1375/2017-18 |
| 58 | खुशबुन बीबी | मो0 मुस्तफा चुड़ीहार | 12 | 1375/2017-18 |
| 59 | जुलेखा बीबी | मो0 रफीक खलीफा | 12 | 1375/2017-18 |
| 60 | गोखुला देवी | योगेन्द्र राम | 12 | 1375/2017-18 |
| 61 | दिलीप राम | स्व0 शिवटहल राम | 13 | 269/2018-19 |
| 62 | दुर्गावती देवी | राजेश्वर ठाकुर | 13 | 269/2018-19 |
| 63 | सुनीता देवी | अनील पासवान | 13 | 269/2018-19 |
| 64 | आरती देवी | संतोष प्रसाद | 13 | 1375/2017-18 |
| 65 | पार्वती देवी | मुरली राम | 14 | 269/2018-19 |
| 66 | फुलमती देवी | मनोज कुमार | 14 | 382/2017-18 |
| 67 | मधु देवी | मुन्ना मेहता | 14 | 1375/2017-18 |
| 68 | अमरून बीबी | नवीजान शेख | 14 | 1375/2017-18 |
| 69 | पूजा देवी | राजन गोस्वामी | 14 | 1375/2017-18 |
| 70 | सीमा देवी | राजू कुमार राम | 14 | 1375/2017-18 |
| 71 | नागवंती देवी | रामनाथ गोस्वामी | 14 | 1375/2017-18 |
| 72 | अफसाना बीबी | ईबरार अंसारी | 14 | 1375/2017-18 |
| 73 | सुनगुन बीबी | नईमुद्दीन अंसारी | 14 | 1375/2017-18 |
| 74 | सुमन देवी | विशाल कुमार | 15 | 1375/2017-18 |
| 75 | सबीता देवी | विजय कुमार पासवान | 15 | 1375/2017-18 |
| 76 | आरती कुमारी | नन्दगोपाल धर दुबे | 16 | 1375/2017-18 |
| 77 | मंजीता देवी | रामनाथ राम | 16 | 1375/2017-18 |
| 78 | सुषमा देवी | जवाहीर राम | 16 | 1375/2017-18 |
| 79 | बेबी चौबे | राजकुमार चौबे | 17 | 269/2018-19 |
| 80 | रामावती देवी | राजेश्वर राम | 17 | 269/2018-19 |
| 81 | विश्वनाथ मेहता | जीतन मेहता | 17 | 269/2018-19 |
| 82 | पुष्पा देवी | संतोष राम | 17 | 37/2016-17 |
| 83 | प्रमिला देवी | लालमन राम | 17 | 382/2017-18 |
| 84 | शीलू देवी | पंकज कुमार चौबे | 17 | 382/2017-18 |
| 85 | गायत्री देवी | राजेश्वर राम | 17 | 1375/2017-18 |
| 86 | लीलावती देवी | रामजी राम | 17 | 1375/2017-18 |
| 87 | कुन्ती देवी | सुरेन्द्र राम | 17 | 1375/2017-18 |
| 88 | चम्पा देवी | अयोध्या राम | 17 | 1375/2017-18 |
| 89 | सानिया कुमारी | हरीहर राम | 17 | 1375/2017-18 |
| 90 | सावित्री देवी | लाल बहादुर राम | 17 | 1375/2017-18 |
| 91 | आशा देवी | मिथलेश राम | 17 | 1375/2017-18 |
| 92 | मघोईया देवी | पतीला राम | 17 | 1375/2017-18 |
| 93 | रजवंती देवी | राजू राम | 17 | 1375/2017-18 |
| 94 | नीलम देवी | संजय राम | 17 | 1375/2017-18 |
| 95 | मीना देवी | चन्द्रदीप राम | 17 | 1375/2017-18 |
| 96 | चन्द्रावती कुँवर | दशरथनाथ चौबे | 17 | 1375/2017-18 |

उपरोक्त वर्णित लाभुकों को समाचार पत्र के माध्यम से अंतिम रूप से सूचित किया जाता है कि दिनांक 31.03.2023 तक लंबित कार्य को पूर्ण करना सुनिश्चित करेंगे अन्यथा बाध्य होकर संबंधितो के विरूद्ध अब तक भुगतेय राशि की वसुली हेतु सर्टिफिकेट वाद/FIR दायर करने की कार्यवाई की जायगी, जिसके लिए लाभुक स्वंय जिम्मेवार होंगे एवं बाद में इस संबंध में आपका कोई भी दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जायगा।

अनुमण्डल पदाधिकारी
–सह–कार्यपालक पदाधिकारी
PR 293251 Urban Development (22-23)_D नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर



## GOVERNMENT OF JHARKHAND
## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
## DRINKING WATER & SANITATION DIVISION, MEDININAGAR

E-Procurement Notice (2nd Call)
Short E-Tender Notice Reference no. DWSD/SVS/CLUSTER/MED-21/2022-23 Dated : 20-03-2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the Department | Drinking Water and Sanitation Department, Jharkhand, Ranchi |
| 2 | Date of publication of Tender on Web site | 22.03.2023 / 12.30 P.M. |
| 3 | Date of Pre-bid Meeting | 27.03.2023 / 12.30 P.M. Office of the Engineer-In-Chief, D.W.S.D, Nepal House, Ranchi |
| 4 | Last date / Time for receipt of Bid | 03.04.2023 / 05.00 P.M. |
| 5 | Last date / Time for receipt of EMD Cost & BOQ Cost. (in Hard Copy) | 05.04.2023 / 05.00 P.M. 1. Office of the Regional Chief Engineer, Ranchi Zone Ranchi, D.W.S.D, Doranda, Ranchi 2. Office of the Superintending Engineer, DW&S Circle, Medininagar 3. Office of the Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar |
| 6 | Date & time of Opening of Tender | 06.04.2023 / 04.00 P.M. |
| 7 | Name & Address of Office inviting tender | Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar |
| 8 | Name & Address of Tender Opening officer | Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar |
| 9 | Contact No. of Procurement office | 9835068475 |
| 10 | Help No. of e-Procurement Cell | 0651-2490920 |
| 11 | Detailed survey, designing and drawing, construction of 26946 nos. FHTC in different block of Palamau District comprising of suitable R.C.C/Frame Structure ESR, Distribution Line, Source (as required) & 5 years Operation and Maintenance all complete job "On Turnkey Basis" under DW&S Division, Medininagar for the year 2022-23. | |

| SL. No. | Group No. | No. of Panchayat | No. of Village | No. of Scheme | Estimated Cost (In Lakh) | Earnest Money (In Lakh) | Cost of BOQ (In Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | SVS/CLUSTER-23 | 1 | 10 | 58 | 570.93 | 5.71 | 10000.00 | 9 Months |
| 2 | SVS/CLUSTER-26 | 2 | 3 | 74 | 829.70 | 8.30 | 10000.00 | 9 Months |
| 3 | SVS/CLUSTER-30 | 2 | 18 | 101 | 916.70 | 9.17 | 10000.00 | 9 Months |

- Estimated Cost & EMD Cost may vary.
- Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
DW&S Division, Medininagar
PR 293248 Drinking Water and Sanitation (22-23)_D



## कार्यालय
## समेकित जनजाति विकास अभिकरण (I.T.D.A) लातेहार
(अ०ज०जा०, अ०जा०, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग)

प्रवेशिकोत्तर पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछडी जाति के छात्र/छात्राओं के लिए छात्रवृति योजना वर्ष 2022–23 हेतु ऑनलाईन आवेदन से संबंधित आवश्यक सूचना

पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना 2022–23 के लिए झारखण्ड राज्य एवं राज्य से बाहर नामांकन लेने वाले अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ी जाति के छात्र–छात्राओं हेतु शैक्षणिक संस्थानों द्वारा ई–कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण हेतु पूर्व से निर्धारित तिथि को संशोधित करते हुए निम्न प्रकार तिथि का विस्तारण किया गया है :–

❖ ऑनलाईन आवेदन की समय सीमा :–

| क्र0 | प्रक्रियात्मक कार्यवाही | ई0कल्याण पोर्टल पर कार्यवाही के लिए विस्तारित अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| 1 | नए शैक्षणिक संस्थानों द्वारा ई–कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण हेतु आवेदन की तिथि। | 27.03.2023 |
| 2 | शैक्षणिक सत्र– 2022–23 हेतु छात्र/छात्राओं के आवेदन प्रक्रिया की तिथि। | 10.04.2023 |
| 3 | संबंधित शैक्षणिक संस्थान के द्वारा छात्र/छात्राओं के आवेदन का सत्यापन की तिथि। | 11.04.2023 |

नोट :–
- पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृति योजना से संबंधित अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार, राँची से निर्गत दिशा–निर्देश एवं अन्य अनुवर्ती सूचना वेबसाईट (Website- ekalyan.cgg.gov .in) पर देखा जा सकता है। ऑनलाईन आवेदन करने के पूर्व कृप्या उक्त वेबसाईट पर दिए गए निर्देश को अवश्य देख लिया जाये।
- उपबंधित बजट राशि की सीमा के अन्तर्गत प्रवेशिकोत्तर छात्रवृति स्वीकृति हो सकेगी।
- निश्चित समय सीमा की समाप्ति के पश्चात् किसी प्रकार के आवेदन–पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा।
- छात्र–छात्रा को अपना आधार संख्या देना अनिवार्य होगा।
- छात्र–छात्रा को अपना आधार अपडेट कराना अनिवार्य होगा साथ ही अपने बैंक खाता संख्या से आधार संख्या को भी लिंक/सीड कराना अनिवार्य होगा।
- एक से अधिक आवेदन–पत्र भरने पर छात्र/छात्रा का आवेदन–पत्र रद्द कर दिया जायेगा।
- ऑनलाईन आवेदन में त्रुटि/अशुद्धि/गलत अथवा भ्रामक सूचना देने पर आवेदन रद्द कर दिया जायेगा।

PR.NO.293245 Welfare(22-23):D
जिला कल्याण पदाधिकारी, लातेहार।



## GOVERNMENT OF JHARKHAND
## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
## DRINKING WATER & SANITATION DIVISION, MEDININAGAR

E-Procurement Notice
(2nd Call)
Short E-Tender Notice Reference no. DWSD/SVS/CLUSTER/MED-29/2022-23
Dated : 20-03-2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the Department | Drinking Water and Sanitation Department, Jharkhand, Ranchi |
| 2 | Date of publication of Tender on Web site | 22.03.2023 / 12.30 P.M. |
| 3 | Date of Pre-bid Meeting | 27.03.2023 / 12.30 P.M. Office of the Engineer-In-Chief, D.W.S.D, Nepal House, Ranchi |
| 4 | Last date / Time for receipt of Bid | 03.04.2023 / 05.00 P.M. |
| 5 | Last date / Time for receipt of EMD Cost & BOQ Cost. (in Hard Copy) | 05.04.2023 / 05.00 P.M. 1. Office of the Regional Chief Engineer, Ranchi Zone Ranchi, D.W.S.D, Doranda, Ranchi 2. Office of the Superintending Engineer, DW&S Circle, Medininagar 3. Office of the Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar |
| 6 | Date & time of Opening of Tender | 06.04.2023 / 04.00 P.M. |
| 7 | Name & Address of Office inviting tender | Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar |
| 8 | Name & Address of Tender Opening officer | Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar |
| 9 | Contact No. of Procurement office | 9835068475 |
| 10 | Help No. of e-Procurement Cell | 0651-2490920 |
| 11 | Detailed survey, designing and dra wing, construction of 71469 nos. FHTC in different block of Palamau District comprising of suitable R.C.C/Frame Structure ESR, Distribution Line, Source (as required) & 5 years Operation and Maintenance all complete job "On Turnkey Basis" under DW&S Division, Medininagar for the year 2022-23. | |

| SL. No. | Group No. | Name of Block | No. of Panchayat | No. of Village | No. of Scheme | Estimated Cost (In Lakh) | Earnest Money (In Lakh) | Cost of BOQ (In Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | SVS/CLUSTER-11 | Ramgarh | 3 | 14 | 79 | 807.81 | 8.08 | 10000.00 | 9 Months |
| 2 | SVS/CLUSTER-56 | Nawa Bazar | 1 | 7 | 56 | 544.69 | 5.45 | 10000.00 | 9 Months |

- Estimated Cost & EMD Cost may vary.
- Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

SAVE WATER FOR COMING GENERATIONS

Executive Engineer
DW&S Division, Medininagar
PR.NO.293250 Drinking Water and Sanitation(22-23):D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा

ई– अति अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना

ई–अति अल्पकालीन् पुनर्निविदा संख्या–17/RI/2022-23/RWD/CHATRA दिनांक–18.03.2023

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा द्वारा जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) मद अन्तर्गत् निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पुनर्निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | आईडेन्टिफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य माप्ति की अवधि | कॉल सं. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/CHATRA/ 2022-23/05 | हण्टरगंज | नावाडीह पनारी | नावाडीह पनारी | कारू यादव के घर से अगजा घर तक पी.सी.सी. पथ निर्माण कार्य। (ल.–0.525 कि.मी.)। | 52,23,800.00 | बावन लाख तेइस हजार आठ सौ मात्र | 06 माह | द्वितीय |

2. वेबसाईट में पुनर्निविदा निविदा प्रकाशन की तिथि :– 23.03.2023
3. ई–पुनर्निविदा निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 29.03.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. (1) जिला नियंत्रण कक्ष, चतरा, (2) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा एवं (3) अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, हजारीबाग में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ–पत्र के मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं संमय :– 31.03.2023 पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. ई–पुनर्निविदा निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 03.04.2023 पूर्वाह्न 11.30 बजे।
6. ई–पुनर्निविदा निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा, द्वितीय तल, विकास भवन, चतरा।
7. ई–पुनर्निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :– 7091716441
8. ई–पुनर्निविदा निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/एकाउन्ट से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट् के रूप में कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा के पक्ष में एवं चतरा में भुगतेय होगा, जो लौटाया नहीं जायेगा।"
9. UCAN Registration की Photocopy Upload करना अनिवार्य है।
10. परिमाण–विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा।
PR.NO.293199 Rural Work Department(22-23):D

**ज्ञान की बात**

**ऋषि का चिंतन समाजहित में होता है और राजवंश का स्वार्थ से। ऋषि के पास देने के लिए केवल ज्ञान है, जो कि वह किसी भी योग्य पात्र को दे सकता है। एक को दे देने से उसका ज्ञान चूक नहीं जाता। वह दूसरों को बहुत कुछ दे सकता है। राजा के पास राज्य है जिसे वह अपनी मृत्यु के पश्चात भी अपनी संतान के माध्यम से अपने ही पास रखना चाहता है! यही तृष्णा है। - *ठाकुरजी***

# हां...बाघ है...

***झारखंड*** का टाइगर रिजर्व एक अबूझ पहेली के रूप में दशकों से हमारे सामने खड़ा है। बाघ को लेकर कयासों के बादलों का घुमड़ना जारी है। ऐसे में यहां किसी बाघ का देखा जाना बड़ी बात है। पीटीआर के आंगन में वर्षों इंतजार के बाद प्रकृति मेहरबान हुई है। इसका प्रत्यक्ष फोटो भी सामने आ गया है। यह बाघ पलामू टाइगर रिजर्व (पीटीआर) के कुटकू वन प्रक्षेत्र में स्पॉट किया गया है। यह नर बाघ है। ऐसे में कहा जा सकता है कि हां.. इस प्रक्षेत्र में बाघ है। पलामू टाइगर रिजर्व के नॉर्थ डिवीजन के डिप्टी डायरेक्टर ने स्वयं इस बाघ की तस्वीर ली है। उन्होंने बताया कि बाघ देखे जाने के बाद इलाके में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। सभी वनकर्मियों को पूरी चौकसी बरतने का निर्देश दिया गया है। इस प्रकार पीटीआर में बाघों के लिए ट्रांसलोकेशन का काम जारी है। मेहमान टाइगर के लिए निगरानी बढ़ा दी गई है। इन्हें सुरक्षित रखना और खाने की व्यवस्था और जवाबदेही का पालन करना जरूरी है। इन हलचलों के बीच पीटीआर अधिकारियों की जवाबदेही बढ़ गयी है। ऐसे में इन्हें तत्परता से काम करने की जरूरत है। कारण यह एक सुनहरा मौका है कि वह अपने मेहमान के रख रखाव की दिशा में कारगर कदम उठायें। बहरहाल 2018 का वह साल सबको याद होगा,जब देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सभी टाइगर रिजर्व के बाघों की संख्या प्रस्तुत कर रहे थे,तब उस समय बाघों की संख्या शून्य बतायी गयी थी। ऐसे में इस खुशी के पल को सहेज कर रखने की जरूरत है। सूत्रों की मानें तो नर बाघ पिछले दो दिनों से इसी क्षेत्र में घूम रहा है। अब तक दो मवेशियों को भी मारकर खा चुका है। पीटीआर के कैमरे में दो जगहों पर बाघ कैद हुआ है। बाघ व्यस्क है। उसके पग मार्क चार इंच से अधिक के हैं, जो बाघ के व्यस्क होने के प्रमाण हैं। ग्रामीणों को जंगल में जाने पर सावधानी बरतने की अपील की गई है। साथ ही बताया कि वर्ष 2019-20 में पलामू टाइगर रिजर्व के बेतला नेशनल पार्क में एक बाघिन मृत अवस्था में मिली थी। उसके बाद पहली बार बाघ की तस्वीर पलामू टाइगर रिजर्व के कैमरे में कैद हुई है। बताते चलें कि पलामू टाइगर रिजर्व में बाघ नहीं दिख रहा था। कुछ दिन पहले छत्तीसगढ़ सीमा पर एक बाघ दिखा था और यह भी बताया गया था कि बाघ पलामू टाइगर रिजर्व के इलाके में प्रवेश किया है। इसके बाद से रिजर्व के अधिकारियों के साथ-साथ वन विभाग के अधिकारी अलर्ट पर थे और लगातार निगरानी रख रहे थे। वन विभाग ने सुरक्षा कारणों से बाघ का वास्तविक लोकेशन सार्वजनिक नहीं किया है। जिस इलाके में बाघ दिखा है, वह अति नक्सल प्रभावित इलाका रहा है और बूढ़ा पहाड़ से कुछ ही किलोमीटर की दूरी पर है। बूढ़ा पहाड़ एक तरफ से छत्तीसगढ़ से सटा हुआ है। संभावना है कि छत्तीसगढ़ सीमा पर नजर आने वाला बाघ हो सकता है। पीटीआर अधिकारियों के अनुसार इलाके में अलर्ट जारी कर दिया गया है। पीटीआर के संबंध में अच्छी में अच्छी सूचनायें कम ही मिलती हैं। इसकी वजह यह है कि स्थानीय कुछ लोगों और वन्यकर्मियों की मिलीभगत से इसके दोहन की खबरें बार-बार आती रहती हैं। यही कारण है कि पर्यटकों की संख्या पहले से काफी कम हो गयी है। साथ ही जंगलों की अंधाधूंध कटाई ने इसकी सुन्दरता पर ग्रहण लगा दिया है। अब जरूरत है कि प्रकृति के इस आंगन को पुनः सजाया और संवारा जाये। यह तभी संभव होगा जब आम आदमी का सहयोग मिलेगा।

**बहरहाल 2018 का वह साल सबको याद होगा,जब देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सभी टाइगर रिजर्व के बाघों की संख्या प्रस्तुत कर रहे थे,तब उस समय बाघों की संख्या शून्य बतायी गयी थी।**

# अखिलेश-ममता क्यों कर रहे कांग्रेस का विरोध?





यशोदा श्रीवास्तव

***2024*** के लोकसभा चुनाव की सरगर्मियों के बीच एक ऐसे गैर कांग्रेस विपक्षी मोर्चा के प्रसव की भी चर्चा है जो इस निर्णय को लेकर कंफ्यूज है कि वह चुनाव के दरम्यान किसके साथ हो? बताने की जरूरत नहीं है कि विपक्षी दलों के नेतृत्व के कुछ ऐसे चेहरे जिन्होंने सत्ता में रहकर भारी संपत्ति बनाई है। कुछ चेहरे ऐसे हैं,कहने को उनके आगे पीछे भले न कोई हो लेकिन भाई भतीजे को मालामाल करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। आज की राजनीति के दौर में जब ईडी, सीबीआई, आईटी के जरिये सत्ता पर कब्जा करने की होड़ हो तब ऐसे लोग भला सत्ता के खिलाफ कैसे कोई गठबंधन बना सकते हैं? लेकिन जनता के समक्ष अपनी छवि भी तो चमकाये रखना है , ऐसे में भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबे लोग गैर कांग्रेस विपक्षी गठबंधन का राग अलापते हैं। अखिलेश यादव जिस समाजवादी पार्टी के मुखिया हैं, उस समाजवादी पार्टी को अपने दम पर खड़े होने की ताकत 1989 में कांग्रेस से मिली थी जब एनडी तिवारी ने कांग्रेस के एक मुश्त 95 विधायकों को मुलायम सिंह को समर्पित कर दिया था। और देखें तो यही वह काल था जब यूपी में कांग्रेस रसातल में जाती चली गई। यूपी में आज कांग्रेस कहां खड़ी है, दिख ही रहा है। हैरत है कि विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जब अखिलेश को ललकारते हुए कहते हैं कि आपका कच्चा चिट्ठा भी खुल सकता है, कहां टापू खरीद रखा है, कहां होटल! तब अखिलेश पलटवार की हिम्मत खो बैठते हैं, उनकी घिग्घी बंध जाती है। पाक साफ होते तो सदन के बाहर या भीतर पलटवार करते। अब यही अखिलेश गैर कांग्रेस विपक्षी मोर्चा के अभियान में लगे हैं। अभी कोलकाता में उनकी पार्टी के राष्ट्रीय सम्मेलन का निहितार्थ लोगों को समझ आ रहा है। इसके पहले वे तेलंगाना में भी केसीआर का कान फूंक आए हैं। इस बीच उनके कोलकाता के राष्ट्रीय सम्मेलन की तासीर सामने आनी शुरू हो गई है। कांग्रेस के खिलाफ ममता बनर्जी और अखिलेश का बयान एक ही रोज इस तरह सामने आया जैसे पहले से तय हो कि यूपी में कांग्रेस के खिलाफ वह क्या बोलेंगे और कोलकाता में ममता को क्या बोलना है। अखिलेश ने ऐलान किया है कि वे यूपी के सभी लोक सभा सीटों पर चुनाव लड़ेंगे और इस बार तो अमेठी और रायबरेली भी नहीं छोड़ेंगे! उन्होंने कहा कि अमेठी रायबरेली में लोग कहते हैं कि वे कांग्रेस को वोट देते हैं लेकिन कांग्रेस उनके लिए कुछ नहीं करती। अजीब बात है कि अमेठी और रायबरेली के उनके साहसी लोग और ये जनाब खुद सत्ता पक्ष का नाम लेने का साहस नहीं जुटा पाए। वे यह भी कहते हैं कि समान विचारधारा वाले क्षेत्रीय दलों से उनकी बात भी चल रही है। अखिलेश यादव जब यह कहते हैं तो उन्हें इसका स्पष्टीकरण भी करना चाहिए कि 2022 के विधानसभा चुनाव में सुभासपा से किया गया गठबंधन किस मायने में उनकी विचारधारा से अलग था जो टूट गया। अमेठी रायबरेली से मिली शिकायतों के संदर्भ में देखें तो आजम, अब्दुल्ला या इरफान को लेकर अखिलेश की आवाज की गूंज कहां तक सुनी गई? उनके ही लोग इस पर भी गौर कर रहे हैं। अब जरा बंगाल की दीदी की सुनें! वे अखिलेश से कहीं आगे निकल कर बोलती हैं कि राहुल गांधी के विपक्ष का चेहरा बने रहने से भाजपा कभी नहीं हारेगी। इतना ही नहीं

**कांग्रेस के खिलाफ ममता बनर्जी और अखिलेश का बयान एक ही रोज इस तरह सामने आया जैसे पहले से तय हो कि यूपी में कांग्रेस के खिलाफ वह क्या बोलेंगे और कोलकाता में ममता को क्या बोलना है।**

**इन दिनों**

संसद में राहुल गांधी से माफी की मांग को उन्होंने भाजपा की स्टेटजी करार दिया ताकि राहुल ही विपक्ष का चेहरा बने रहे और भाजपा को फायदा मिलता रहे। अखिलेश हों या ममता ,ये सारे के सारे लोग जब कांग्रेस या राहुल पर गलत बयानी कर रहे होते हैं तो इन्हें नहीं लगता कि आखिर कहीं न कहीं जनता नाम की भी कोई चीज है जो सब देख रही है। अखिलेश को भी, ममता को भी। कांग्रेस के प.बंगाल की केवल एक उपचुनाव जीत लेने से ममता की ऐसी बोखलाहट का अंदाजा तो नहीं था। ममता यह भूल जाती हैं कि वे तीसरी बार जो मुख्यमंत्री बन पाई हैं उसमें कहीं न कहीं कांग्रेस का भी योगदान है। कांग्रेस ज्यादा नहीं दो चार बार भी वहां मन से चुनाव प्रचार की होती ऐसा नहीं है कि उसे 15-20 सीट नहीं मिली होती और ऐसा होता तो ममता बाहर होतीं और भाजपा सत्ता में होती। कांग्रेस यही नहीं सोच पाती की भले ही भाजपा सत्ता में आ जाय, ममता न आने पाएं। अफसोस कि गैर कांग्रेस विपक्षी मोर्चा की सोच इसके इतर है। उसकी सोच है कि भाजपा सत्ता में आए तो आए, कांग्रेस न आने पाए। वेशक कांग्रेस के बिना भी विपक्षी मोर्चा हो लेकिन उसका उद्देश्य तो बताना होगा। आज जब दुनिया कह रही है कि भारत में भाजपा को सत्ता से हटाने के लिए सभी विपक्षी दलों को एक होना होगा और तब अकेले दम पर सबसे मजबूत विपक्षी दल कांग्रेस को अलग कर भाजपा के खिलाफ तीसरे मोर्चे की खिचड़ी किसे फायदा पंहुचाने के लिए है भाई? चोरी चोरी ऐसा खेल खेलने से बेहतर क्या यह नहीं हो कि अखिलेश और ममता माया आम आदमी पार्टी और ओवैसी साहब को भी साथ ले लें ताकि आपका खेल और आसान हो जाय। भारत के लोकतांत्रिक जनता का मूड जरा हटकर है और अलग अलग प्रदेशों में अलग अलग तरह का भी है,तो कुछ राजनीतिक दल यह कैसे तय कर सकते हैं कि फला व्यक्ति या फला राजनीतिक दल के नेतृत्व में एक जुट विपक्ष भाजपा का विकल्प हो सकता है? यहां इस बात पर भी गौर करना होगा कि जनता जब सरकार को सबक सिखाने की ठान लेती है तब वह अखिलेश या ममता का चेहरा नहीं निहारती। आखिर 2004 और 2009 के लोकसभा चुनाव में देश के सामने कौन सा करिश्मायाी चेहरा था? तब तो राहुल भी इस लायक नहीं थे। सोनिया भी राजनीतिक रूप से बहुत परिपक्व नहीं हो पाई थीं। तब वाजपेई जैसे करिश्माई और विद्वान व्यक्तित्व के नेतृत्व वाली पार्टी को पराजित होना पड़ा था। चूंकि आजकल देश की सबसे पुरानी और गए बीते हाल में भी सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस पर चैतरफा हमला जारी है। सो इस हमले में हिस्सेदारी निभाकर कुछ कथित विपक्षी दलें पर्दे के पीछे रहकर अपनी वफादारी सिद्ध करने की होड़ में हैं। एक हैं पीके! जो जनाब चुनाव प्रवंधन की अपनी शिनाख्त बदल कर राजनीति का चेहरा बनना चाहते हैं। बिहार में वे गली गली की खाक छान रहे हैं। उन्होंने भी गैर कांग्रेस विपक्षी मोर्चा का प्रयास किया था। उन्होंने शरद पवार से लगायत ममता और एकाध अन्य क्षेत्रीय क्षत्रपों से मिलकर गैर कांग्रेस विपक्षी मोर्चा की कसरत की थी। गैर कांग्रेस विपक्षी मोर्चा की राग अलापने वाले आखिर यह क्यों नहीं सोच पाते कि उत्तर से दक्षिण और पूरब से पश्चिम तक देश इसके लिए तैयार हैं भी या नहीं ? ममता हों या अखिलेश या कोई और, 29 प्रदेशों वाले इस देश के कितने प्रदेशों में इनकी स्वीकार्यता है?

**बोधि वृक्ष**

## *आईए सुनें भगवान इन्द्र देव की कथा*

मेघ के अधिष्ठाता देव इंद्र जी तथा जल के देव वरुण थे। ये दोनों भाई हुआ करते थे। इंद्र भगवान के कई सारे भाई थे जिनमें विवस्वान, अर्यमा, पूषा, त्वष्टा, सविता, भग, धाता, विधाता, वरुण, मित्र, इन्द्र और त्रिविक्रम आदि थे। ये सुर या देवताओं की श्रेणी में गिने जाते थे। भगवान इंद्र के स्तौले भाई असुर प्रवृत्ति के थे, जिनमें दो भाइयों हिरण्यकश्यप और हिरण्याक्ष का नाम प्रमुखता से लिया जाता हैं। इनके एक बहन भी मानी गई है जिनका नाम सिंहिका था। भारत में कही भी इंद्र की पूजा नहीं होती हैं, हिन्दू धर्म की मान्यताओं के अनुसार भगवान कृष्ण से पूर्व उत्तर भारत में इन्द्रोत्सव मनाया जाता था। मगर भगवान कृष्ण ने इसे बंद करवाकर गोपोत्सव, रंगपंचमी और होलीका की शुरूआत कर दी थी। कृष्ण के अनुसार ऐसे इंसान की पूजा व्यर्थ है जो ईश्वर के तुल्य न हो। अगर इंद्र के पिता की बात करे तो उनका नाम कश्यप माँ का नाम अदिति, सौतेले भाइयों की माँ का नाम दिति था। ऋषि कश्यप की 13 पत्नियाँ थी पहली रानी अदिति के पुत्र आदित्य कहलाये दिति के पुत्र दैत्य कहलाये। इसी तरह दनु के दानव, अरिष्टा के गन्धर्व, सुरसा के राक्षस और कुद्रू के नाग कहलाएं। बात करें इनकी पत्नी की तो इन्द्र की पत्नी शचि थी जो असुरराज पुलोमा की बेटी थी। विवाह के बाद इसे इंद्राणी कहा गया। इनके पुत्रों का उल्लेख वेदों में भी देखने को मिलता हैं।

***(समाप्त)***

**आइये सुनें महाभारत की कथाएं**

पुराणों के अनुसार ब्रह्मा जी से अत्रि, अत्रि से चन्द्रमा, चन्द्रमा से बुध और बुध से इलानन्दन पुरूरवा का जन्म हुआ। पुरूरवा से आयु, आयु से राजा नहुष और नहुष से ययाति उत्पन्न हुए। ययाति से पुरू हुए। पूरू के वंश में भरत और भरत के कुल में राजा कुरु हुए। कुरु के वंश में शान्तनु का जन्म हुआ। शान्तनु से गंगानन्दन भीष्म उत्पन्न हुए। उनके दो छोटे भाई और थे।

***(क्रमशः)***

# प्रेरणा पुंज हैं हिन्दू राष्ट्र विचारक डॉ. हेडगेवार



मृत्युंजय दीक्षित

***भारत*** के सबसे विशाल, समाजसेवी व राष्ट्रभक्त संगठन, 'राष्ट्रीय स्वयंसवेक संघ' के संस्थापक डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार का जन्म युगाब्द 4991 की चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को नागपुर के एक गरीब वेदपाठी परिवार में हुआ था। डॉ. हेडगेवार के पिता का नाम श्री बलिराम पंत व माता का नाम रेवतीबाई था। हेडगेवार जी का बचपन बहुत ही गरीबी में बीता किन्तु गरीबी के उस वातावरण में भी व्यायाम, कुश्ती, लाठी चलाना आदि में उनकी रुचि रही। बचपन में विभिन्न भवनों पर फहरा रहे यूनियन जैक को देखकर वे सोचते थे कि हमारे भारत वर्ष का हिन्दुओं का झंडा तो भगवा ही है क्योंकि भगवान राम और कृष्ण, शिवाजी, महाराणा प्रताप सभी की जीवन लीलाएं इसी झंडे की छत्रछाया में संपन्न हुई हैं और यहीं से उनके हृदय में यूनियन जैक को उतार फेंकने की योजना तैयार होने लगी। डॉ. हेडगेवार की प्रारम्भिक शिक्षा अंग्रेजी विद्यालय नीलसिटी में हुई, जहां उन्होंने महारानी विक्टोरिया के 60वें जन्मदिन पर बांटी गई मिठाई को कूड़ेदान में फेंक दिया था। सन 1901 में इंग्लैंड के राजा एडवर्ड सप्तम के राज्यारोहण के समय लोगों द्वारा खुशी मनाये जाने पर वो बहुत दुखी हुए। 1902 में प्लेग की महामारी के कारण उनके माता-पिता का देहावसान हो गया। हेडगेवार जी के बड़े भाई क्रोधी स्वभाव के थे। इसके कारण उन्होंने घर छोड़ दिया और अपने मित्रों के साथ रहने लगे। उन्होंने लोकमान्य तिलक के पत्र के लिए धन एकत्र करने का काम प्रारंभ किया और स्वदेशी वस्तुओं की दुकान खोलने में भी सहायता की। 19 सितम्बर 1905 को अंग्रेज सरकार ने बंगाल को विभाजित कर दिया जिसका पूरे देश में व्यापक विरोध हुआ। पूरा भारत वंदेमातरम के नारे से गूंज उठा था। डॉ. हेडगेवार ने नागपुर के किले से अंग्रेजों के झंडे उतारकर भगवा झंडा लगाने का प्रयास किया। विद्यालय में निरीक्षक के आने पर छात्रों ने वंदेमातरम के नारे लगाये। कुछ ही दिनों में डॉ. हेडगेवार नागपुर में तिलक के नाम से प्रसिद्ध हो गये। उन्होंने ने 1906 में दसवीं की परीक्षा उत्तीर्ण की। वह अपनी पढ़ाई के लिए ट्यूशन और एक विद्यालय में नौकरी करने लगे। सन 1908 में अंग्रेज सरकार ने उनके पीछे गुप्तचर लगा दिये। बड़े क्रांतिकरियों के साथ सम्पर्क में आने के लिए वह 1910 में कलकत्ता पहुंच गये। विद्यालय के पश्चात वह अन्य विद्यार्थियों से सम्पर्क करते थे। सन 1910 मे कलकत्ता में हुए दंगे के दौरान उन्होंने एक सुश्रूवा दल बनाया। यहां अनुशीलन समिति व प्रमुख क्रांतिकारियों से उनका सम्पर्क हुआ। जहां वो रहते थे, वहां एक गुप्तचर उनके पीछे लग गया। शंका होने पर उसकी तलाशी ली गई। उसके गुप्तचर होने कई प्रमाण मिले। इसके बाद उन्होंने अपनी वेशभूषा बदल दी। 1913 में उन्होंने दामोदर नदी की बाढ़ के समय पीड़ितों की खूब सेवा की। दो सितम्बर को एल एल एंड संस की पदवी प्राप्त की और डॉक्टर की उपाधि लेकर वापस नागपुर लौटे। 1915 से 1920 तक वो राष्ट्रीय आंदोलनों में अत्यंत सक्रिय रहे। प्रवास, सभा, बैठक आदि में सदा सक्रिय रहते थे। तरुणों में पूर्ण स्वतंत्रता की आकांक्षा को धधकाने में वे सदा तत्पर रहते थे। नागपुर में दोबारा प्लेग फैला। इस दौरान उनके भाई का निधन हो गया। इसके बाद डॉ. हेडगेवार ने जीवन भर अविवाहित रहकर राष्ट्र कार्य करने का निश्चय किया। डॉ. केशव गणेशोत्सव में उत्साह से भाग लेते थे और उत्साह भरने वाले भाषण देते थे। उन्होंने होमरूल आंदोलन में भी भाग लिया। वो क्रांति के लिए व्यक्ति, धन तथा शस्त्रास्त्र की व्यवस्था करते थे। उन्होंने राष्ट्रीय उत्सव मंडल की स्थापना की और उनके घर पर शरद पूर्णिमा मनाई गई। सन 1919 में उन्होंने लाहौर कांग्रेस में भाग लिया। 31 जुलाई को असहयोग आंदोलन आरम्भ हो गया। कुछ समय बाद डॉ. हेडगेवार, योगीराज अरविंद से मिलने पांडुचेरी गए।

**हेडगेवार जी के बड़े भाई क्रोधी स्वभाव के थे। इसके कारण उन्होंने घर छोड़ दिया और अपने मित्रों के साथ रहने लगे। उन्होंने लोकमान्य तिलक के पत्र के लिए धन एकत्र करने का काम प्रारंभ किया।**

**व्यक्तित्व**

**फोटो की दुनिया**



**ट्वीट-ट्वीट**

AAP @AamAadmiParty · 12h
BJP "World's Largest Party" है,
हमारी "World's Smallest पार्टी" है

दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी, सबसे छोटी पार्टी को कुचलने में लगी है।

इनके पास इतने काम हैं, ये वो कर लें

**फेसबुक वॉल से**

Madhav Mahesh
10 h

काँच के आसमानी टुकड़े
और उन पर बिछलती सूर्य की करुणा
तुम उन सबको सहेज लेती हो
क्योंकि तुम्हारी अपनी खिड़की के
आठों काँच सुरक्षित हैं
और सूर्य की करूणा
तुम्हारे मुँडेरों भी
रोज बरस जाती है।
-- अशोक वाजपेयी

# चावण्ड को ही राजधानी क्यों बनाया महाराणा ने?



डॉ. ललित पांडेय

***महाराणा*** प्रताप ने 1585 ई. में चावण्ड को ही अपनी राजधानी क्यों बनाया? इसका जवाब यह है कि यह स्थान सामरिक और सुरक्षा के लिहाज से सर्वश्रेष्ठ था। चावण्ड के आसपास के भू-भाग के सर्वेक्षण से भी यह धारणा अधिक बलवती होती है। चावण्ड को राजधानी बनाने से पहले महाराणा को इस इलाके में मुगलों से मुकाबला करना पड़ा था। तब महाराणा प्रताप ने बलुआ गांव के आसपास युद्धकालीन आवास बनाया। चावण्ड उदयपुर जिला मुख्यालय से 60 किलोमीटर की दूरी पर उदयपुर-अहमदाबाद राजमार्ग संख्या-8 पर गरगल नदी के बाएं किनारे पर बसा हुआ है। वर्तमान चावण्ड ग्राम से आधा किमी की दूरी पर दक्षिण दिशा में स्थित एक मगरी पर महाराणा ने अपनी नवीन राजधानी का निर्माण कराया था। इस स्थान के पुरातात्विक सर्वेक्षण के दौरान प्राप्त अवशेषों से ऐसा प्रतीत होता है कि मगरी की चोटी पर महल रहा होगा और मगरी की ढलान और तलहटी पर सामंतों के रहने के लिए भवन आदि बनाये गये होंगे। सर्वेक्षण के आधार पर यह कहना काफी तर्कसंगत प्रतीत होता है कि महल की पूर्व दिशा में प्रताप की आराध्या मां चामुण्डा की अत्यंत नयनाभिराम मूर्ति है तथा राजमहल के उत्तर में काफी बड़ी भवन संरचना के अवशेष मिलते है, जो संभवतः भामाशाह का आवास रहा होगा। इसके साथ ही यह संभावना भी काफी सशक्त है कि महल की एक किमी की परिधि में सामान्य प्रजा रहती होगी, क्योंकि यहां से खपरैलों के अवशेष बड़ी संख्या में मिले हैं। यहां पर एक कटावला का तालाब भी है जो खेती हेतु पानी का प्रधान स्रोत रहा था। आज भी यहां कि मिट्टी अत्यंत उर्वरा है जो उस समय में भी कृषि उपज की दृष्टि से महत्वपूर्ण था। इस गांव में उदैय की पहाड़ियां सामरिक दृष्टि से बेहद उपयोगी हैं। इनकी गुफाओं में आसानी से नहीं पहुंचा जा सकता। महाराणा के यहां रहने की वजह इस क्षेत्र के सर्वमान्य और प्रतापी भील सेना नायक जयसिंघ कोटड़िया का होना भी रहा होगा। कोटड़िया समृद्ध जमीदार था। उदैय की पहाड़ियों के चारों ओर निर्मित सुरक्षा दीवार, समीपस्थ अन्य तीन पहाड़ियों में सामंतों, सैनिकों और प्रजा के लिए निर्माण की पुष्टि क्षेत्र के सर्वेक्षण के दौरान प्राप्त भौतिक अवशेषों से भी होती है। इस क्षेत्र से तीन बावड़ियों का मिलना भी इस भू-भाग में बसावट को सिद्ध करता है। इन उदैय की पहाड़ियों में अपने निवास को सम्पूर्णरूप से सुरक्षित करने के प्रमाण इसकी समीपवर्ती धजोल और बठौड़ी की पहाड़ियों पर बनी सैनिक छावनियों से भी होती है। चावण्ड की उत्तर-पूर्व दिशा में लगभग 10 किमी की दूरी पर स्थित नठारा-की-पाल का अधिकांश भाग पहाड़ियों की श्रृंखलाओं से चहुंओर घिरा हुआ है। इस क्षेत्र का व्यापक सर्वेक्षण करने से इस क्षेत्र में बसासत के प्रमाण प्राप्त हुए हैं, इसकी पुष्टि बसावट के अवशेषों और स्थानीय भील समुदाय में प्रचलित जनश्रुतियों के आधार पर यह कहना उचित होगा कि इस क्षेत्र में महाराणा के समय बस्ती थी और यहां के भील मुखिया पूंजा कटारा के नेतृत्व में एक सैनिक टुकड़ी सदैव सहायता के लिए रहती थी। चावण्ड से दक्षिण-पश्चिम दिशा में लगभग आठ किमी की दूरी पर गांव पाल-लिम्बोदा स्थित है। यह गांव तीन ओर से पहाड़ियों से घिरा हुआ है तथा यह चावण्ड और उदैय की पहाड़ियों के मध्य स्थित होने से बहुत महत्वपूर्ण रहा होगा तथा युद्धकाल में महाराणा को आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने के अलावा सुरक्षा की दृष्टि से भी अत्यंत महत्व का रहा होगा। सन 2001 में भारतीय पुरातत्व विभाग की जयपुर शाखा के द्वारा डॉ. डिमरी के नेतृत्व में बीआर सिंह, राजेंद्र यादव और विपिन उप्पल आदि के दल ने यहां वैज्ञानिक तरीके से उत्खनन कराया जिससे यह पता चला कि सम्पूर्ण संरचना का निर्माण तीन अवस्थाओं में कराया गया होगा। यहां किये गये उत्खनन के आधार पर यह निष्कर्ष निकलता है कि इस निर्माण में पकी हुई मिट्टी की ईंटों, प्रस्तरखंडों को प्रयुक्त किया गया था।

**पुरातात्विक सर्वेक्षण के दौरान प्राप्त अवशेषों से ऐसा प्रतीत होता है कि मगरी की चोटी पर महल रहा होगा और मगरी की ढलान और तलहटी पर सामंतों के रहने के लिए भवन आदि बनाये गये होंगे।**

**इतिहास**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॅम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# कैंसर मरीजों का सरकारी अस्पताल में होगा मुफ्त इलाज : डॉ. हरेन



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार** लातेहार सदर अस्पताल में कैंसर मरीजों का भी इलाज शुरू हो गया है। उक्त बातें मंगलवार को स्वास्थ्य परिवार कल्याण विभाग झारखंड सरकार के स्वास्थ्य उप निदेशक डॉ. हरेन चंद्र महतो ने लातेहार सदर अस्पताल के पैलिएटिव वार्ड का निरीक्षण के दौरान कही। उन्होंने कहा कि कैंसर मरीजों को सरकारी अस्पतालों में मुफ्त में इलाज किया जाएगा।उन्होंने बताया कि लातेहार सदर अस्पताल लातेहार में दस बेड का पैलिएटिव वॉर्ड खोला गया है। मरीजों को भर्ती कर उनका इलाज किया जाएगा। इससे कैंसर के मरीजों को काफी राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि झारखंड में पहले चरण में 12 जिलों के सदर अस्पतालों का चयन किया गया है। इनमें लातेहार, बोकारो, देवघर, धनबाद, गुमला,रांची, दुमका, जामताड़ा, कोडरमा, पलामू, सरायकेला खरसावां तथा पश्चिमी सिंहभूम जिला शामिल हैं। उन्होंने कहा कि पैलिएटिव केयर कैंसर, एड्स, हृदय, गुर्दा फेल या कोमा के मरीजों को दर्द से राहत प्रदान करेगा। रोगियों को उनकी देखरेख के साथ-साथ उन्हें कुछ दवाएं भी दी जाएगी। जिससे उन्हें आराम मिलेगा। संक्रमण से बचाने के लिए कुछ एंटीबायोटिक दवाएं भी नियमित रूप से दी जाती हैं। जिससे उसकी परेशानी समय के साथ न बढ़े। असहनीय पीड़ा से गुजर रहे रोगी की देखभाल के लिए 24 घंटे स्टाफ उसकी सेवा में रहेगा। पैलिएटिव वार्ड के निरीक्षण के दौरान पैलिएटिव वार्ड में एसी युक्त लगाने का निर्देश सिविल सर्जन को दिया। लातेहार सिविल सर्जन डॉ. दिनेश कुमार ने कहा कि कैंसर के आखिरी स्टेज में असहनीय दर्द से जूझ रहे मरीजों को भर्ती कर देखभाल और इलाज किया जाएगा। इस मौके पर सिविल सर्जन डा. दिनेश कुमार, डा. नीलमणी कुमार, राजीव कुमार, राजदेव कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

## सशिविमं में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन



**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित यादव सरस्वती शिशु विद्या मंदिर विद्यालय में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यालय बालिका वर्ग के बीच रंगोली प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे बहनो ने तीन ग्रुप में भाग लिया। प्रथम ग्रुप अष्टम कक्षा की बहने जिसमें छोटी अंशु , अनिषा,प्रीति तथा द्वितीय ग्रुप सप्तम वर्ग की बहने सानिया, प्रिया, सुधा ,पम्मी,रिया तथा तृतीय वर्गि की पुष्पांजलि ,सपना ,रुनझुन ,प्रीति, आदिति, साक्षी ,सृष्टि ने भाग लिया। सभी के रंगोली बहुत ही आकर्षक रहे। जिसमें प्रथम अष्टम वर्ग एवं द्वितीय स्थान सप्तम एवं सष्ठ वर्क की बहने रही ।मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अवनिकान्त पाठक विद्यालय की शिक्षक एवं शिक्षिका के अलावे विद्यालय की भैया- बहन उपस्थित रहे।

## अनियमित बिजली आपूर्ति से परेशानी

**महुआडांड़।** महुआडांड़ में इन दिनों बिजली विभाग के द्वारा अनियमित रूप से बिजली की आपूर्ति की जा रही है जिसके वजह से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर इन दिनों मैट्रिक और इंटर की परीक्षायें चल रही है। बिजली नहीं रहने के कारण छात्र छात्राओं को पठन-पाठन काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। परीक्षा में बेहतर अंक लाने के लिए विद्यार्थी जी जान से मेहनत पढ़ाई कर रहे हैं। लेकिन बिजली विभाग की लापरवाही के कारण विद्यार्थियों को शाम के बाद पठन-पाठन को लेकर काफी मशक्कत झेलनी पड़ रही है। इस सदी में भी विद्याथीर्यों को रोशनी के लिए बिजली का नियमित रूप से ना मिलना बिजली विभाग के घोर लापरवाही है। वहीं बिजली की अनियमित आपूर्ति के कारण कई घरों का इनवर्टर तक डाउन हो गया है जिसके वजह से उपभोक्ता गण अंधेरे में रहने को विवश हो चुके हैं। यह हाल है महुआडांड़ में बिजली और बिजली विभाग का।

## डीसी से पारिश्रमिक का भुगतान कराने की मांग

**लातेहार।** जिले के चंदवा में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के निर्देश पर अंकुर कला जत्था के कलाकारों के द्वारा नुक्कड़ नाटक किया गया था। फरवरी 2022 में सामाजिक कुरीतियों निवारण योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रचार प्रसार कलाकारों ने किया था। लेकिन एक साल से अधिक समय बीत जाने के बाद भी जत्था के कलाकारों के पारिश्रमिक का भुगतान नहीं हो पाया है। संस्था के दल नायक अरविंद कुमार ने बताया कि संस्था के कलाकारों ने अलग अलग जगहों पर सामाजिक कुरीति निवारण योजना के तहत डायन प्रथा के उन्मूलन के लिए प्रचार प्रसार किया था। लेकिन अभी तक कलाकारों को पारिश्रमिक का भुगतान नहीं किया गया है। जत्था के कलाकारों ने डीसी भोर सिंह यादव से कलाकारों के पारिश्रमिक का भुगतान कराने की मांग की है।

### डीसी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक हुई

# योजनाओं को ससमय पूरा कर लोगों को दिलाएं लाभ




**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार** उपायुक्त श्री भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में दीनदयाल उपाध्याय, टाउन हॉल लातेहार में जिला स्तरीय समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) , मनरेगा अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की गति व धरातल पे हो रहे कार्यों की विस्तृत रूप से समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। उपायुक्त द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण 2016 से 2022 में प्राप्त लक्ष्य, लक्ष्य के विरूद्ध पूर्ण आवास व लंबित आवास, किश्त राशि का भुगतान आदि बिंदुओं की विस्तार से जानकारी ली गई। जिन पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना का कार्य धीमा है और पूर्ण हुए आवासों की संख्या कम है वहां के लाभुकों को शीघ्र आवास पूर्ण करने के लिए निर्देश दिया गया। समीक्षा बैठक में सभी पदाधिकारीयों/ कर्मचारियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए योजना बद्ध तरीके से काम करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की वित्तीय अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस योजना का लाभ जरूरतमंदों को समय पर मिले, यही प्राथमिकता होनी चाहिए। लंबित आवासों को शीघ्र पूरा करने का दिया गया निर्देश। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण (2016झ2022) की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी व प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी को लंबित आवासों को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही शेष योग्य लाभुकों को स्वीकृति देने के लिए निर्देशित किया गया। उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देशित किया कि क्षेत्र का भ्रमण करते हुए योजनाओं का भौतिक सत्यापन कर गुणवत्तापूर्ण कार्य कराना सुनिश्चित करेंगे। उपायुक्त ने शीघ्र अति शीघ्र लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी लाभुकों का लंबित भुगतान शीघ्र करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त जियो टैगिंग करने तथा लाभुकों के बीच जॉब कार्ड का वितरण करने का निर्देश दिया गया। उक्त योजना के तहत साथ ही नए आवासों को जल्द से जल्द स्वीकृत करने की बात कही गई। बैठक में जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी रोशन कुमार, उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप , परियोजना निदेशक, आईटीडीए विंदेश्वरी ततमा, अनुमंडल पदाधिकारी, लातेहार शेखर कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी, महुआडांड़ नीत निखिल सुरीन, जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती पूनम देवी, जिला परिषद उपाध्यक्ष अनिता देवी एवं जिला परिषद के सदस्य, जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रखंड प्रमुख , प्रखंड उप प्रमुख, प्रखंड समन्वयक, सभी मुखिया, रोजगार सेवक, पंचायत स्वयंसेवक, संबंधित अन्य उपस्थित थे।

# मंदिर में चोरी के आरोप में तीन गिरफ्तार, जेल

### चोरी का सामान बरामद हुआ



**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ** थाना अंतर्गत मंदिरों में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं का बालूमाथ पुलिस ने चोरी के समान के साथ दो चोर तथा समान खरीदने वाला को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया है ।दोनो के द्वारा बेचे गए पीतल कांसा के 26 पीस जिसमे बाल्टी झाल, गागर, थाली, प्लेट, कटोरी, घंटा दीया,पीतल एवं तांबा के टूटे फूटे समान बरामद किया गया है ।उक्त बातो की जानकारी थाना प्रभारी प्रशांत सिन्हा ने प्रेस वार्ता कर जानकारी देते हुवे बतलाया कि पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में मंदिरों में होरही चोरी की घटना का उद्भेदन हेतु चोरो को पकड़ने के लिए एक टीम गठित की गई थी ।कड़ी मेहनत से गठित टीम ने चोरी कांड में शामिल दो चोरो जिसमे रिजवान उर्फ ताड़ी उर्फ पिंटू पिता असगर उर्फ करिवा रहमत नगर बालूमाथ,इरफान अंसारी पिता कलीम अंसारी ग्राम जर्री बालूमाथ जबकि चोरी के समान खरीदने वाला सहदेव सोनी पिता हरिभजन साव ग्राम झाबर को खरीदे गए समान के साथ बरामद करते हुए गिरफ्तार किया है ।थाना प्रभारी प्रशांत सिन्हा ने यह भी बताया की गिरोह के एक और शातिर चोर की तलाश है। पुलिस के अनुसार, गिरोह एक महीने से बालूमाथ के रामघाट मंदिर, बुकरू पहाड़ी मंदिर, कसियाडीह शिव मंदिर, चेटर हनुमान मंदिर में चोरी कांडो में सक्रिय था।

## दो अभियुक्तों के घर पर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**बारियातू।** थाना क्षेत्र के अमरवाडीह पंचायत अंतर्गत पंकुरवा ग्राम के एनडीपीएस कांड के अभियुक्त के घर नियम संगत पुलिस ने इस्तेहार चिपकाया। बारियातू थाना प्रभारी मुकेश चौधरी ने बताया की ग्राम पंकुरवा निवासी त्रिवेणी गंझु पिता बढ़न गंझु व राजू गंझु पिता त्रिवेणी गंझु दोनों अभियुक्त के घर नियम संगत पुअनि दीपक नारायण सिंह सदलबल के साथ पहुँचकर इस्तेहार चिपकाया ।

## हाथियों ने तीन घरों को किया ध्वस्त



**गारु।** पलामू टाइगर रिजर्व के बारेसांढ के पहाड़कोचा और डांडकोचा गांव में जंगली हाथियों ने हमला कर तीन आदिम जनजाति परिवारों के घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया और घर में रखा अनाज चट कर गए। हाथी के आने पर परिजनों ने किसी तरह भाग कर जान बचाई। जानकारी के अनुसार यह गांव वन प्रक्षेत्र बारेसांढ़ के अंतर्गत आता है। हाथियों ने विश्वनाथ सिंह पिता स्वर्गीय जीतू सिंह ग्राम पहाड़ कोचा पंचायत मायापुर, संजय मुंडा पिता विपन मुंडा ग्राम पहाड़ कोचा पंचायत मायापुर और डांड़कोचा निवासी पीड़ित संजय ब्रिजिया के घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया। लोगों ने इसकी सूचना वन कार्यालय बारेसांढ़ को दिया। सूचना मिलते ही वन विभाग के कर्मी अग्रेतर कारवाई में जुट गए हैं। प्रभारी वनपाल परमजीत तिवारी ने पीड़ित परिवारों को 10-10 किलो चावल दिया और हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया।

# जी 10 ग्रेड कोयला की गुणवत्ता पर उठा सवाल

### कोयला ग्रेट की जांच की मांग

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ** बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत संचालित राजहरा एरिया के तेतरिया खाड़ कोल माइन परिसर के कांटा नंबर 1 के पास स्ट्रोक हो रहे कोयला के गुणवत्ता पर तेतरियाखाड़ डीओ होल्डरों ने कोयला के गुणवत्ता पर सवाल उठाया है। डीओ होल्डरों ने बताया कि जी 10 का कोयला माइंस जीएम द्वारा बताई जा रही है। जबकि डीओ होल्डर का कहना है कि कोयला बैंड पत्थर,काला पिला रंग का सभी प्रकार का कोयला हजारों टन स्ट्रोक किया गया है ।जो जी 10 ग्रेड योग्य बिल्कुल ही गुणवत्तापूर्ण नहीं है। इधर स्थानीय विस्थापित भू रैयतों ने हाइवा चलाने को लेकर सीसीएल का कोई साजिस बता रहे हैं। स्ट्रोक कोयला की गुणवत्ता का सीसीएल द्वारा जांच की डीओ होल्डर मांग कर रहे हैं। मांग करने वालों में से शिव नारायण साहू (डी ओ होल्डर अध्यक्ष तेतरिया), कृष्णा साहू (ट्रक ओनर एसोसिएशन अध्यक्ष तेतरिया) प्रदीप यादव, मनोज यादव, संजय यादव, प्रकाश यादव, देवनारायण यादव, रविंद्र यादव, रामपति साव सहित कई डीओ होल्डर के नाम शामिल हैं।



> 2 दिनों से प्रोडक्शन हो रही कोयला का लेबोरेटरी में ग्रेड के जांच के बाद ही सेल किया जाएगा और हाईवा को लेकर कोई साजिश नहीं है यह लोगों का भ्रम है
> पीओ अनिल कुमार सिंह
> तेतरिया माइंस

## योजना स्वीकृत नहीं होने पर आक्रोश

**टंडवा ( चतरा)।** टंडवा प्रखंड क्षेत्र में हो रहे कोल खनन व परिवहन से प्रभावित कबरा पंचायत में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) मद से लगभग 17 करोड़ रुपए के स्वीकृत किए गए 52 योजनाओं में कबरा पंचायत का एक भी योजना शामिल नहीं है। दूसरी ओर, जिले के अन्य प्रखंडों में इस मद से बड़े पैमाने पर योजनाओं की स्वीकृति दिए जाने के कारण लोगों में खाशा आक्रोश देखा जा रहा है।

# तिरंगा क्लब रामनवमी पूजा कमेटी का गठन, ओम प्रकाश बने अध्यक्ष

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह** बरवाडीह। तिरंगा क्लब बभन्डीह रामनवमी पूजा के सफल आयोजन एवं संचालन को लेकर मोहन प्रसाद की अध्यक्षता में पूजा कमिटी का पुनर्गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर कमिटी गठन करते हुए रामनवमी पूजा का सफलता पूर्वक संचालन हेतु ओमप्रकाश राम(दीपू)को अध्यक्ष चुना गया. वहीं उपेंद्र यादव , विशाल सोनी को उपाध्यक्ष, पवन चौधरी सचिव, गोविंद सोनी,अजीत कुमार, सत्यप्रकाश सिंह(बबन) उप सचिव बनाया गया. अमित कुमार(बिक्की) कोषाध्यश, रोहित रंजन, विनोद शर्मा को उप कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। वहीं प्रेम कुमार 'अधूरा' को संरक्षक दायित्व दिया गया। गौतम कुमार पांडे (बाबा), पीयूष रंजन(रॉकी), पिंटू कुमार(जग्गू) पंडाल प्रभारी, सुजीत कुमार (गंगलु), बिहारी सोनी, श्रवण सोनी, अरुण सोनी प्रसाद प्रभारी, पूजा प्रभारी रवि रंजन, पीयूष रंजन, कुमार सावन, मनीष कुमार, नीरज सोनी, कंचन सोनी , झंडा प्रभारी कृष्णा यादव, बीरेंद्र प्रसाद, सुरेंद्र ठाकुर,राजेन्द्र सोनी,मनोज सोनी, बच्चन ठाकुर, कंचन सोनी, झांकी प्रभारी नीरज सोनी,पंकज ठाकुर, अखंड प्रभारी कृष्ण कुमार यादव, कृष्णा यादव, राजेन्द्र सोनी, विशुन राम, कृष्णा सोनी, चंदा प्रभारी गोविंद सोनी एवं समस्त पूजा कमिटी को बनाया गया।

# बीडीओ ने जल बचाने की दिलाई शपथ




**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर** प्रखंड कार्यालय परिसर में मंगलवार को राष्ट्रीय जल दिवस पर प्रखंड सह अंचल कर्मियों, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से जुड़े कर्मियों के साथ साथ ग्रामीणों को जल संचयन को ले शपथ दिलाया गया। जल शपथ प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह द्वारा दिलाई गई। इस क्रम में पानी बचाने व उसका उपयोग विवेकपूर्ण करने के साथ-साथ जल का समुचित उपयोग करने की शपथ दिलाई गई ।कहा गया कि पानी की हर एक बूंद जीव जंतुओं के लिए काफी महत्वपूर्ण है। जल को बचाना हम सबका दायित्व है ।जल के बिना जीवन जीना मुश्किल है। वैसे में जल को बचाना सभी लोगों के लिए महत्वपूर्ण है। जल को बचाने को लेकर गांव गांव में प्रचार प्रसार करने के साथ-साथ प्रेरित करने का भी आह्वान किया गया।

## महासमिति ने चलाया स्वच्छता अभियान

**गिद्धौर (चतरा)।** रामनवमी व नवरात्रा को लेकर महा समिति के सदस्यों ने मंगलवार को स्वच्छता अभियान चलाई। इस क्रम में मुख्य चौक सहित विभिन्न स्थानों की सफाई किया गया ।स्वच्छता अभियान का नेतृत्व महा समिति के अध्यक्ष कपिल कुमार व सचिव बंसी दांगी कर रहे थे। जबकि ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया। बताया गया कि बुधवार से नवरात्रा प्रारंभ हो रहा है। जबकि चार दिवसीय चैती छठ 25 मार्च से नहाय खाय के साथ प्रारंभ हो रही है।

**मामला दर्ज** — **चतरा पुलिस को मिली बड़ी सफलता**

# अफीम और डोडा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। कुंदा** चतरा पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कुंदा पुलिस ने 31 केजी 250 ग्राम गिला अफीम व 22 केजी 700 ग्राम डोडा बरामद करने में सफलता हासिल की है। नशा और मादक पदार्थों की तस्करी मामले में चतरा पुलिस को एक बार फिर बड़ी सफलता प्राप्त हुई है चतरा जिले में पुलिस ने अफीम तस्करों के खिलाफ लगातार करवाई कर रही है इसके बावजूद अफीम तस्कर तस्करी से बाज नहीं आ रहे हैं। पुलिस अधीक्षक को अवैध रूप से गिला अफीम व डोडा खरीद बिक्री करने के उद्देश्य घर में रखे जाने की गुप्त सूचना मिली थी सूचना के आलोक में आवश्यक कार्रवाई करते हुए कुन्दा प्रखंड विकास पदाधिकारी खगेश कुमार के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन कर शंभू गंझु पिता धनु गंझु ग्राम बनियाडीह टोला सखुआ निवासी के घर से 28 केजी 700ग्राम अवैध अफीम व 22केजी 700 ग्राम डोडा के साथ दो व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया ।वही पुनः छापामारी के क्रम में इचाक ग्राम निवासी भोला यादव पिता महेशी यादव के घर से स्टील केन में रखा 2 केजी 550ग्राम अवैध गिला अफीम बरामद की गई, हालांकि तस्कर भोला यादव झाड़ी का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। कुन्दा पुलिस एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज कर गिरफ्तार शंभू गंझु पिता धनु गंझु व बिगन गंझु पिता शम्भु गंझु दोनों ग्राम बनियाडीह टोला सखुआ निवासी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। वहीं कांड में सम्मिलित अन्य लोगों के विरुद्ध सघन छापामारी की जा रही है। छापामारी अभियान में सहायक अवर निरीक्षक कुन्दा मदन कुमार सिंह, कुन्दा थाना सशस्त्र बल के जवान व सेट 83 मांझीपारा पीकेट के जवान शामिल थे।

### रामनवमी को लेकर नौ दिवसीय चैत नवरात्र कार्यक्रम का आयोजन

# श्रद्धालुओं ने निकाली कलश यात्रा



**नवीन मेल संवाददाता। मनिका** सिंजो शिव मंदिर के प्रांगण में रामनवमी पर्व को लेकर नव दिवसीय चैत नवरात्रि कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसे लेकर आज हजारों हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने जयकारे के साथ कलश यात्रा निकाली, कलश यात्रा पचपेड़ी चौक से हाई स्कूल होते हुए सेमराहाट नदी तक पहुंची जहां पर सभी ने कलश में जल भरा और पूजा अर्चना करने के बाद कलश का स्थापना किया गया। समिति के लोगों ने बताया कि राम नवमी के अवसर पर नव दिवसीय पूजा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें प्रतिदिन 7:00 बजे रात्रि में आरती और 8:00 से 10:00 रात्रि तक मानस प्रवचन कार्यक्रम पेश किया जाएगा जिसमें हमारे क्षेत्र के सभी श्रद्धालु सादर आमंत्रित है। लोग इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग ले और कार्यक्रम को सफल बनाएं। मौके पर दरोगी यादव, सुरेंद्र पासवान, विश्वनाथ पासवान, मिथिलेश पासवान, विशाल पासवान, ओम प्रकाश यादव, राजीव रंजन कुमार साहू, मुकेश कुमार गुप्ता, श्याम प्रकाश, सुनील प्रसाद, रघु पाल सिंह, विजय बहादुर सिंह, सकलदीप यादव, संजय सिंह, सुरेंद्र भारती ,समेत महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं की हजारों हजार की भीड़ लगी हुई थी।




## NEWS इन ब्रीफ

### भारत में 24 घंटे में 699 नए कोविड मामले, दो मौतें

**नई दिल्ली।** भारत में 24 घंटों में कोविड-19 के 699 नए मामले सामने आए हैं और दो मौतें हुईं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। वर्तमान में देश में 6,559 सक्रिय मामले है। दो मौतों के साथ देश में कोविड-19 से मरने वालों की संख्या बढ़कर 5 लाख 30 हजार 808 हो गई है। 24 घंटों में 435 रोगियों के ठीक होने से ठीक होने वालों की संख्या 4,41,59,617 हो गई है। इसकी दर 98.79 प्रतिशत है। इस बीच, दैनिक और साप्ताहिक सकारात्मकता दर क्रमशः 0.71 प्रतिशत और 0.91 प्रतिशत है।

### गडकरी को फिर मिली पुजारी के नाम की धमकी

**नागपुर।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को एक बार फिर जान से मारने की धमकी मिली है। नागपुर स्थित उनके जनसंपर्क कार्यालय में मंगलवार सुबह 3 धमकी भरे कॉल आए। उसके बाद पुलिस ने कार्यालय और आवास पर सुरक्षा बढ़ा कर जांच शुरू कर दी है। इससे पहले 14 जनवरी को गडकरी को रंगदारी की धमकी दी गई थी। इस बार भी जयेश पुजारी का नाम सामने आया है।

### अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हुआ केरल विस

**तिरुवनंतपुरम।** केरल विधानसभा सत्र मंगलवार को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया। मूल कार्यक्रम के अनुसार वर्तमान सत्र 30 मार्च को समाप्त होना था। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने आज सुबह विधानसभा सत्र को छोटा करने का प्रस्ताव पेश किया।

### जयपुर में माचिस की फैक्ट्री से छुड़ाए गए आठ बाल मजदूर

**जयपुर।** जयपुर के बिंदायाका औद्योगिक क्षेत्र में माचिस की एक फैक्ट्री से मंगलवार को कम से कम आठ बाल मजदूरों को बचाया गया है। बचाए गए 13 से 17 साल के बच्चों की तस्करी बिहार के मधेपुरा जिले में उनके पैतृक गांव से हीरा कुमार ने की थी। हीरा ने उन्हें पिंक सिटी में बेहतर जीवन और लाभकारी रोजगार देने का झांसा दिया था। बच्चों ने बचाव दल को बताया कि उन्हें माचिस की फैक्ट्री में 'तनावपूर्ण और अमानवीय स्थिति' में प्रतिदिन दो शिफ्टों में लंबे समय तक काम करने के लिए 'मजबूर' किया गया था।

## सरकार और विपक्ष के बीच नहीं थम रहा गतिरोध

# अब पूरा बजट सत्र धुलने के हैं आसार



### दोनों सदनों में बना गतिरोध टूटने का नहीं ले रहा नाम

### कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दल अडाणी मुद्दे की जांच के लिए जेपीसी गठन की कर रहे मांग

### राहुल गांधी के लंदन में दिए बयान पर माफी मांगने पर अड़ी है बीजेपी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

संसद में हंगामे की वजह से गतिरोध नहीं टूट पा रहा है। लोकसभा में जारी गतिरोध को तोड़ने के लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सर्वदलीय बैठक बुलाई जो बेनतीजा रही। बैठक में भी सत्ता पक्ष और विपक्ष अपने-अपने स्टैंड पर कायम रहे, जिससे कोई ठोस बात नहीं बढ़ पाई। सूत्रों के मुताबिक बैठक में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने दोनों पक्षों से संसद चलने देने की अपील की। बैठक में मौजूद एक विपक्षी सांसद ने बताया कि बिरला सदन चलाना चाहते हैं और उन्होंने गतिरोध खत्म करने के लिए दोनों पक्षों से अपनी-अपनी मांगों को फिलहाल किनारे रखने की अपील की। हालांकि, लोकसभा अध्यक्ष की अपील के बावजूद दोनों पक्ष अपने अपने रुख पर कायम रहे। लोकसभा अध्यक्ष ने सोमवार को भी अलग-अलग नेताओं से बातचीत कर गतिरोध खत्म करने की कोशिश की थी।

#### समय से पहले सत्र खत्म होने की चर्चा

सत्र के तय समय से पहले भी खत्म होने की चर्चा शुरू हो गई है। वर्तमान सत्र 6 अप्रैल तक चलना है। जहां तक सरकारी कामकाज का सवाल है, 23 मार्च को आम बजट पारित होने के बाद वित्त विधेयक को पारित करवाना सबसे बड़ा एजेंडा है। ऐसे में हंगामा इसी तरह जारी रहा तो सत्र को समय से पहले भी खत्म किए जाने की संभावना तेज हो गई है।

#### ठप पड़ा कामकाज

**संसद** में दोनों सदनों में कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दल जहां अडाणी मुद्दे की जांच के लिए जेपीसी के गठन की मांग पर अड़े हैं, वहीं बीजेपी राहुल गांधी से अपने लंदन में दिए गए बयान पर माफी की मांग पर अड़ी है। इसके चलते 13 मार्च से शुरू हुए बजट सत्र के दूसरे भाग में कामकाज बिलकुल ठप पड़ा है। इस सत्र में आम बजट पर चर्चा और उसे पारित करवाने समेत कुछ अहम सरकारी काम निपटाने होते हैं।

# विपक्षी नेताओं के लिए ईडी-सीबीआई चोकसी के लिए इंटरपोल नहीं : खड़गे

### कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने केंद्र पर किया तीखा हमला

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को इंटरपोल द्वारा अपनी रेड नोटिस सूची से भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी मेहुल चोकसी का नाम हटाए जाने के बाद केंद्र पर तीखा हमला किया। विपक्षी नेताओं के लिए ईडी-सीबीआई लेकिन मोदीजी के मेहुलभाई को इंटरपोल से राहत मिल गई। अगर वह अपने प्रिय मित्र के लिए संसद को पंगु बना सकते हैं, तो वह एक पुराने दोस्त को मदद से कैसे मना कर सकते हैं, जिसकी उन्होंने पांच साल पहले देश से भागने में मदद की थी। पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के साथ 11,356.84 करोड़ रुपये के ऋण धोखाधड़ी मामले में आरोपी मेहुल चोकसी को इंटरपोल ने अपनी 'रेड' नोटिस सूची से हटा दिया था। चोकसी को दिसम्बर 2018 में रेड कॉर्नर नोटिस सूची में जोड़ा गया था। सूत्रों के अनुसार, भारत सरकार के अधिकारियों ने इंटरपोल के कदम पर आपत्ति जताई लेकिन इसका कोई फायदा नहीं हुआ। यह केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के लिए एक झटका है, जो उसके निर्वासन की प्रतीक्षा कर रहे थे। हालांकि मामले की जांच कर रहे अधिकारियों ने कहा कि इससे चोकसी के एंटीगुआ से प्रत्यर्पण पर कोई असर नहीं पड़ेगा। चोकसी इस समय कैरेबियाई द्वीप राष्ट्र में है और भारतीय अधिकारियों ने एंटीगुआ के अधिकारियों से उसे प्रत्यर्पित करने के लिए कहा है ताकि उस पर मुकदमा चलाया जा सके।



#### पीएम ने खड़ी की जुमलेबाजी की इमारत

**कांग्रेस** ने बीजेपी आईटी सेल पर पलटवार करते हुए आरोप लगाया कि पीएम मोदी ने देश में जुमलेबाजी की इमारत खड़ी कर दी। बीजेपी आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय और कांग्रेस के बीच ट्वीट को लेकर ठन गई है। कांग्रेस पार्टी ने इस ट्वीट को लेकर केंद्र की मोदी सरकार को खरी-खोटी सुनाते हुए लोगों के समक्ष झूठ परोसने का आरोप लगाया है। पार्टी ने कहा है कि पीएम मोदी ने देश में जुमलेबाजी की इमारत खड़ी की है। महिला कांग्रेस की प्रमुख नीता डिसूजा ने पीएम मोदी पर तंज करते हुए एक वीडियो ट्वीट किया। अमित मालवीय ने ट्वीट कर राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए एक वीडियो के माध्यम से कहा था कि वो देश में भारत जोड़ो और विदेश में भारत को तोड़ने का काम कर रहे हैं। इस वीडियो में कांग्रेस के हाथ पर भी टिप्पणी की है।

# अमृतपाल क्यों नहीं हुआ गिरफ्तार?

### नाराज हाईकोर्ट ने पंजाब सरकार से पूछा: 80 हजार पुलिस के जवान क्या कर रहे थे?

**एजेंसी। चंडीगढ़**

खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह अबतक पुलिस की पकड़ से दूर है। अब पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने पंजाब सरकार की कड़ी फटकार लगाई है। हाईकोर्ट ने ऑपरेशन अमृतपाल सफल न होने पर नाराजगी जताते हुए पूछा कि पंजाब पुलिस के 80 हजार जवान क्या कर रहे? अबतक अमृतपाल सिंह फरार है। ये पंजाब पुलिस की खुफिया नाकामी है। पुलिस का खुफिया तंत्र पूरी तरह से फेल है। पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट में अब चार दिन बाद इस मामले पर सुनवाई होगी। कोर्ट ने पंजाब सरकार से मामले की स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का आदेश दिया है। पंजाब पुलिस के महानिरीक्षक सुखचैन सिंह गिल ने बताया, अमृतपाल सिंह के चार सहयोगियों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) लगाया गया है। अमृतपाल सिंह के चाचा हरजीत सिंह पर भी कड़े कानून के तहत मामला दर्ज किए जाने की संभावना है। जबकि अमृतपाल सिंह के चार सहयोगियों दलजीत सिंह कलसी, भगवंत सिंह, गुरमीत सिंह और प्रधानमंत्री बाजेका को असम की डिब्रूगढ़ जेल में रखा गया है, उनके चाचा को भी वहां ले जाया जा रहा है।

#### अमृतपाल पर एनएसए

खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह पर पंजाब पुलिस ने एनएसए (राष्ट्रीय सुरक्षा कानून) लगा दिया है। यह जानकारी पंजाब सरकार ने हाई कोर्ट को दी। इससे पहले पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को अमृतपाल सिंह मामले में फटकार लगाई थी।

### सड़क हादसे में 14 गायों की मौत

**हैदराबाद।** तेलंगाना के नलगोंडा जिले में मंगलवार को एक प्राइवेट बस ने मवेशियों के झुंड को टक्कर मार दी, जिससे 14 गायों की मौत हो गई। हादसा बुगाबाविगुडेम गांव के पास अडांकी-नारकेटपल्ली हाईवे पर हुआ। हादसे में 6 गाय भी घायल हो गईं। चेन्नई से हैदराबाद आ रहे बस ने मवेशियों के झुंड को सड़क पार करते समय टक्कर मार दी। मवेशी के मालिक का आरोप है कि बस चालक की लापरवाही के कारण दुर्घटना हुई और वाहन बहुत तेज गति से चल रहा था। किसान ने कहा कि वह खुद को बचाने के लिए एक तरफ हट गया।

# बजट फाइल रात 9:25 बजे मिली 10:05 बजे वापस भेजी गई : एलजी

### उपराज्यपाल कार्यालय ने आप के दावे का किया खंडन

### आप ने प्रस्तावित बजट पेश करने पर रोक लगाने का किया था दावा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) सरकार द्वारा सोमवार को दावा किए जाने के बाद कि गृह मंत्रालय ने मंगलवार को प्रस्तावित बजट पेश करने पर रोक लगा दी है, उपराज्यपाल कार्यालय ने इस दावे का खंडन किया और कहा कि फाइल एलजी सचिवालय में सोमवार की रात 9:25 बजे प्राप्त किया गया। उप राज्यपाल वी.के. सक्सेना ने रात 10:05 बजे मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को वापस भेज दिया। एलजी हाउस के एक अधिकारी ने कहा कि सक्सेना ने कुछ टिप्पणियों के साथ वार्षिक वित्तीय विवरण 2023-2024 को मंजूरी दी थी और फाइल 9 मार्च को मुख्यमंत्री को वापस भेज दी गई थी। इसके बाद दिल्ली सरकार ने गृह मंत्रालय को पत्र भेजकर राष्ट्रपति की मंजूरी मांगी थी। अधिकारी ने कहा कि गृह मंत्रालय ने 17 मार्च को दिल्ली सरकार को अपनी टिप्पणियों से अवगत कराया।

सक्सेना ने अपनी स्वीकृति में कहा: 78,800 करोड़ रुपये के प्रस्तावित बजट आकार के मुकाबले, पूंजीगत घटकों पर व्यय 21,816 करोड़ रुपये इंगित किया गया है, जो बजट का केवल 27.68 प्रतिशत है। इसके अलावा, इसमें ऋण चुकौती के लिए 5,586.92 करोड़ रुपये भी शामिल हैं, जो, यदि बाहर रखा जाता है, तो पूंजीगत घटक को घटाकर 16,230 करोड़ रुपये कर दिया जाएगा, जो कि बजट का केवल 20 प्रतिशत है।

## FILMY हलचल

### कामाख्या मंदिर में रानी मुखर्जी ने लिया देवी मां का आशीर्वाद



**बॉलीवुड** एक्ट्रेस रानी मुखर्जी मंगलवार को 45 साल की हो गईं। इस मौके पर देवी का शुक्रिया अदा करने और अपनी फिल्म 'मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे' के लिए उनका आशीर्वाद लेने के लिए असम के कामाख्या मंदिर गईं। एक्ट्रेस ने कहा कि यह जरूरी है कि अपने सबसे खास दिनों में किसी के सबसे करीब होना चाहिए। रानी ने आईएएनएस को बताया: यह मेरे जन्मदिन के लिए है, क्योंकि मुझे लगता है कि ये जन्मदिन बहुत खास रहा है, क्योंकि सभी दिनों और महीनों में फिल्म (मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे) मार्च को रिलीज हुई, जो मेरा जन्मदिन का महीना है और जिस तरह का प्यार मुझे मिल रहा है मेरे जन्मदिन पर, ऐसा लग रहा है कि मेरे करियर में फिर से एक नई शुरुआत हुई है।

### जो होना होगा, होगा : धमकियों से रत्ती भर भी नहीं डरे हैं सलमान



एक न्यूज चैनल पर गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई ने हाल ही में बॉलीवुड एक्टर सलमान खान को जान से मारने की धमकी दी थी। इसके बार एक्टर को धमकी भरा ईमेल मिला था। वहीं, सलमान को लगातार मिल रही धमकियों ने उनकी फैमिली, फ्रेंड्स और फैंस को उनकी सुरक्षा को लेकर टेंशन में डाल दिया है। हालांकि, सलमान खान अपनी इन धमकियों को लेकर बिल्कुल भी परेशान नहीं हैं। ई टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक परिवार के एक करीबी ने खुलासा किया, 'सलमान धमकी को सबसे ज्यादा लापरवाही से ले रहे हैं या हो सकता है कि वह लापरवाही बरत रहे हैं ताकि उनके पैरेंट्स परेशान ना हो। इस फैमिली के हम-साथ-साथ-है रूल का सबसे अच्छा हिस्सा ये है कि कोई भी अपने डर को चेहरे पर नहीं दिखाता है। बाहर से सलीम साहब (सलमान के पिता सलीम खान) बहुत शांत रहते हैं लेकिन पूरे परिवार को पता है कि सलीम साहब की इस धमकी से रातों की नींद उड़ गई है। सलमान के फैमिली फ्रेंड का कहना है कि धमकी के बाद सलमान खान कड़ी सुरक्षा के खिलाफ थे। सलमान को लगता है कि वह जितना ज्यादा ध्यान खतरे पर देंगे, उतना ही अटेंशन सिकर को लगेगा कि वह जो चाहता था वो करने में सफल हो गया है। इसके अलावा सलमान एक भाग्यवादी हैं। उनका कहना है कि जो जब होना होगा तब होगा। हालांकि, परिवार के दबाव की वजह से उन्होंने अपनी ईद रिलीज किसी का भाई किसी की जान के पोस्ट-प्रोडक्शन के काम को छोड़कर सभी आउटिंग में कटौती की है।

### इब्राहिम ने बढ़ाया बहन सारा अली खान का हौसला, कहा- धमाकेदार होगी 'गैसलाइट'



**इब्राहिम** अली खान ने सपोर्टिव भाई होने के नाते सारा अली खान का हौसला बढ़ाया और कहा है कि उन्हें इस बात में कोई शक नहीं है कि उनकी आने वाली फिल्म 'गैसलाइट' धमाकेदार होगी। सारा ने इंस्टाग्राम पर वाइट ड्रेस में कई फोटोज शेयर की और लिखा, वाइट ड्रेस पहने, गैसलाइट का इंतजार कर रही हूं, उम्मीद है कि फिल्म में आपको डर लगेगा, लेकिन यह ग्रेट नाइट होगी, इसलिए आराम से बैठिए। इब्राहिम ने कमेंट सेक्शन में लिखा: यह धमाकेदार होगा, मुझे इसमें कोई शक नहीं है कि रात में इसे देखने के दौरान मुझे प्यारी बहन की थोड़ी याद आएगी। लेकिन तब तक नहीं, जब तक मैं इसमें खो नहीं जाता और आपको इतनी कसकर गले नहीं लगा लेता। आपने गैसलाइट में बेहतरीन काम किया है। सारा और इब्राहिम अभिनेता सैफ अली खान और उनकी पहली पत्नी अमृता सिंह के बच्चे हैं।

### कंगना रनौत ने कॉलेज के दिनों की थ्रोबैक फोटो की पोस्ट



**बॉलीवुड** एक्ट्रेस कंगना रनौत ने अपने कॉलेज के दिनों की कुछ पुरानी तस्वीरें शेयर कीं और अपने आउटफिट डिजाइन करने के बारे में एक किस्सा भी साझा किया। कंगना ने अपने इंस्टाग्राम पर अपने पोस्ट में लिखा: चंडीगढ़ डीएवी हॉस्टल में यह मेरा पहला दिन था और मेरी प्रिंसिपल सचदेवा मैम ने मुझे मेरी ड्रेस के कारण नोटिस किया। उन्होंने मुझे फोन किया और पूछा कि तुम कहां से हो? मैंने शर्माते हुए कहा हिमाचल से, उन्होंने पूछा 'ये ड्रेस कहां से ली?' मैंने कहा 'मैंने डिजाइन की और गांव के दर्जी ने बनाया', उसने मुस्कुराकर मुझे गले से लगा लिया और कहा कि तुम एक दिन मूवी स्टार बनोगी।

## सख्ती पीएमएलए मामले में ईडी ने की कार्रवाई

# 20.16 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क




**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को कहा कि उसने पीएमएलए मामले में इंजाज इंटरनेशनल की 20.16 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियों को कुर्क किया है, जिसका प्रतिनिधित्व उसके सहयोगी मिस्बाहुद्दीन एस. और सुहैल अहमद शरीफ करते हैं। ईडी ने कहा कि आरोपियों ने अपराध की आय हासिल की और उसे विभिन्न अचल संपत्तियों के रूप में जमा किया। ईडी ने प्राइज चिट्स एंड मनी सर्कुलेशन स्कीम्स (बैनिंग) एक्ट, इंडियन पीनल कोड और चिट फंड्स एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत इंजाज इंटरनेशनल और उससे जुड़े समूह के खिलाफ पुलिस द्वारा दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पीएमएलए जांच शुरू की।

ईडी द्वारा की गई जांच से पता चला कि इंजाज इंटरनेशनल और उसके सहयोगियों ने धोखाधड़ी के इरादे से 2015 से 2017 के दौरान बड़ी संख्या में निवेशकों से उनके निवेश के खिलाफ अवास्तविक रिटर्न का अनुमान लगाकर धन एकत्र किया और बाद में उन्हें ऐसे निवेशों से धोखा दिया और आम लोगों का पैसा कभी वापस नहीं किया। ईडी ने कहा : इंजाज इंटरनेशनल के बैंक खाते से धन का भारी विचलन हुआ था और इन निधियों को बाद में अपराध की आय को कम करने के लिए भागीदार संस्थाओं के बैंक खातों में स्थानांतरित कर दिया गया था और उन्हें बेदाग संपत्तियों के रूप में पेश किया जा रहा था। इस प्रकार पहचान की गई अचल संपत्तियों में आवासीय फ्लैट, आवासीय भूमि और गैर-कृषि भूमि शामिल है।

# 24 मार्च को निकलेगी सरहुल की शोभायात्रा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रकृति पर्व सरहुल की तैयारी जोरों पर है। इसको लेकर झारखंड के विभिन्न इलाकों में सरना स्थल व अखड़ा की सफाई की जा रही है। रांची शहर सरना झंडों से पट गया है। लोगों में खासा उत्साह है। 23 मार्च को विधि-विधान से उपवास, जल रखायी, पारंपरिक पूजा के बाद भविष्यवाणी होगी। यह भविष्यवाणी सरना धर्मावलंबियों के नव वर्ष के लिए होगी। इसमें अच्छी वर्षा के साथ बेहतर फसल की कामना होगी। 24 मार्च को 300 से अधिक अखड़ा से शोभायात्रा निकलेगी, जो सिरमटोली सरना स्थल तक पहुंचेगी। पारंपरिक वेशभूषा, वाद्ययंत्र और सरहुल गाते हुए लोग शोभायात्रा में शामिल होंगे। वहीं, 25 मार्च को फूलखोंसी के साथ सरहुल पर्व का समापन होगा।



चैत द्वितीया यानी 23 मार्च से सरहुल के धार्मिक अनुष्ठान शुरू होंगे। सरना स्थल पर विशेष पूजा होगी। इस दिन युवक और पाहन मिलकर तलाब, खेत व नदी से केकड़ा और मछली पकड़ कर लाते हैं। इन्हें अरवा धागा से बांधकर सुरक्षित रख दिया जाता है। हतमा सरना स्थल के जगलाल पाहन ने बताया कि जब धान की बुआई की जाती है, तब इनका चूर्ण बनाकर गोबर में मिलाया जाता है और धान के साथ बोया जाता है। इसके पीछे की मान्यता है कि जिस तरह केकड़े के असंख्य बच्चे होते हैं, उसी तरह धान की बालियां भी असंख्य होंगी। इसी दिन शाम में नदी व तालाब से दो घड़े में पाहन और सेंघारा पानी भरकर सरना स्थल पर रखेंगे। पानी के घड़े में अरवा चावल और सखुआ के फूल भी डाले जायेंगे। पवित्र सरना स्थल पर पारंपरिक विधि-विधान के साथ पांच मुर्गा-मुर्गी को सिंदूर, घुवन, दिया दिखाकर और अरवा धागा से बांध कर रख दिया जायेगा। जगलाल पाहन ने सरहुल के बारे में बताया कि प्राचीन काल में जब हमारे पूर्वज जंगल में विचरण करते थे तब दिनभर विचरण के बाद शाम को विश्राम का ठिकाना ढूंढ़ा जाता था। इस क्रम में जंगल में मिलने वाले कंद-मूल और जानवर का शिकार कर भोजन करते थे। ऐसे में जंगल में बहुतायत में पाये जाने वाले साल यानी सखुआ वृक्ष के नीचे आश्रय बनाते थे। साल के वृक्ष को आकार में बड़ा और सुरक्षित माना गया। पेड़ का तना यानी धड़ लोगों को विभिन्न मौसम से बचाव करता था। साथ ही जंगली जानवरों से सुरक्षा देता था. इसके अलावा साल वृक्ष की डाली, फल और फूल को जीवनयापन में उपयोगी पाया। फल से बनने वाले सरये तैयार कर सखुआ के पत्ते में खाते थे। पतली डालियां जलावन में और मोटी डाली आश्रम तैयार करने में इस्तेमाल होने लगे। साल के वृक्ष हर परिस्थिति में उपयोगी होने के कारण पूर्वजों ने इसे पूजना शुरू कर दिया। यह कारण है कि सरहुल के दिन साल वृक्ष के साथ प्रकृति की पूजा की जाती है। प्रकृति के इस पर्व के लिए रांची शहर के बाजार इन दिनों सरहुल झंडे से पटे हैं। बाजार में 30 इंच से लेकर 30 फीट के सरहुल झंडे मिल रहे हैं। सबसे ज्यादा मांग एक मीटर वाले सरहुल झंडे की है। इसकी कीमत 30 रुपये से शुरू है। वहीं, शहर के विभिन्न बड़े अखड़ा के लिए पांच फीट से लेकर 30 फीट तक के सरहुल झंडे तैयार किये गये हैं। इनकी कीमत 300 रुपये से 2000 रुपये तक है।

## डाकघरों में दो दिनों से ठप है बैंकिग कार्य आम लोग परेशान

**रांची।** राजधानी रांची के डाकघरों का लिंक दो दिनों से फेल है। लिंक फेल होने से डाकघर के खाताधारक परेशान है। वहीं, बैंकिग संबंधित सभी कार्य दो दिनों से बाधित चल रहे हैं। डाकघर के कर्मचारी भी लिंक फेल का बोर्ड लगा कर बैठें हैं। जिन भी खाताधारक को बैंकिग संबंधी कोई जरूरी काम है वह दो दिनों से सभी डाकघरों के चक्कर काट रहे हैं। खाताधारक लिंक वापस आने की उम्मीद में हैं। जनरल पोस्ट ऑफिस के रांची ब्रांच में पिस्का मोड़ से आई बिंदु देवी बताती है कि वह बैंक में जमा रुपए निकलवाने के लिए आयी थी। डाकघर के कर्मचारियों ने लिंक फेल होने की बात कही। जरूरी काम था इसलिए काफी इंतजार किया। लेकिन अब डाकघर वाले बोल रहे हैं कि कल ही लिंक आ पायेगा। वहीं, रातू रोड से आयी श्वेता वर्मा बताती है कि वह बैंक से पैसे निकालने के लिए आयी थी लेकिन पहले ही उन्होंने लिंक फेल का लगा यह बोर्ड देख लिया। वह वापस कल डाकघर आकर पैसे निकालेंगी।

## सीएम से मिलीं मिस यूनाइटेड नेशन्स अर्थ एंजेल मेरिना तिर्की




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को मिस यूनाइटेड नेशन्स अर्थ-2022 की विजेता एंजेल मेरिना तिर्की ने शिष्टाचार मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि अगले महीने 19 से 28 तारीख तक मनीला (फिलीपींस) में आयोजित होने वाले क्वीन ऑफ इंटरनेशनल टूरिज्म- 2023 में वह भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। मुख्यमंत्री ने उन्हें इस इवेंट में बेहतर परफॉर्मेंस और उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उल्लेखनीय है कि एंजेल मेरिना तिर्की रांची के नामकुम की रहने वाली हैं। उन्होंने बिशप वेस्टकाट स्कूल, नामकुम से मैट्रिक, सेंट जेवियर्स कॉलेज, रांची से इंटरमीडिएट और एमिटी यूनिवर्सिटी, झारखंड से ग्रेजुएशन की डिग्री ली हैं। वह पिछले वर्ष मई में नई दिल्ली में आयोजित मिस यूनाइटेड नेशन्स अर्थ -2022 में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए ताज हासिल की थी। एंजेल के पिता अल्फ्रेड तिर्की एक्स आर्मी मैन हैं।

## सड़क दुर्घटना में कार सवार तीन युवकों की मौत, एक रेफर

**रांची।** जिले के चांडिल थाना क्षेत्र अंतर्गत जरियाडीह में बीते सोमवार की देर रात ढाई बजे हुई सड़क दुर्घटना में शादी समारोह से लौट रहे कार सवार तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जाता है कि अज्ञात वाहन की कार से जोरदार टक्कर होने से यह हादसा हुआ। जानकारी के अनुसार चांडिल थाना क्षेत्र के पाटा निवासी शिबूराम मार्डी, बबलू सोरेन, सागुन टुडू और विलोम हांसदा सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को चांडिल पुलिस ने एंबुलेंस से जमशेदपुर स्थित एमजीएम अस्पताल में भेजा, जहां शिबूराम और सागुन टुडू को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया जबकि बबलू सोरेन की इलाज के दौरान मौत हो गई। दुर्घटना में घायल विलोम हांसदा को टीएमएच रेफर कर दिया गया।

# आरक्षण में कटौती नहीं करेंगे बर्दाश्त

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जिलावार आरक्षण रोस्टर द्वारा पिछड़ी जातियों के साथ सरकार भेदभाव कर रही है, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को कुछ लोग गलत सलाह दे रहे हैं, ओबीसी के साथ भेदभाव करना सरकार को कितनी महंगी पड़ेगी इस बात का अहसास शायद सरकार में बैठे लोगों को नहीं है। यह सरासर पिछड़ों के साथ नाइंसाफी है। यह ओबीसी कभी भी बर्दाश्त नहीं करेगा। जब सरकार ओबीसी को 27% आरक्षण देने को लेकर संविधान की नौवीं अनुसूची में सूचीबद्ध करने को लेकर केंद्र सरकार को भेजती है फिर राज्य में पिछड़ी जातियों की जनगणना कराने से सरकार क्यों भाग रही है। उक्त बातें मूलवासी सदान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने मंगलवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कही। उन्होंने पिछड़ी जातियों की जनगणना, आर्थिक, राजनीतिक, शैक्षणिक, स्थिति सर्वेक्षण तुरंत कराने की मांग सरकार से की है। प्रसाद ने बताया कि रघुवर सरकार में पिछड़ी जातियों का सर्वेक्षण व जनसंख्या आंकड़ा संग्रहित करने का निर्णय 2019 में हुआ था और इसके लिए कार्मिक विभाग ने पत्र भी निर्गत किया था। प्रसाद ने बताया कि इस संदर्भ में प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग झारखंड रांची के पत्रांक 26 दिनांक 2/01/ 2019 को ही पत्र निर्गत कर दिया है। प्रसाद ने कहा की सुप्रीम कोर्ट ने भी पिछड़ी जातियों का जातीय गणना ट्रिपल टेस्ट कराने की बात कही है तत्पश्चात आबादी के अनुसार पिछड़ी जातियों को आरक्षण दिया जा सकता है और राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने भी झारखंड में पिछड़ी जातियों के आबादी के अनुरूप तमिलनाडु सरकार के तर्ज पर 36 से 50% तक आरक्षण देने की अनुशंसा राज्य सरकार से की है। इसके बाद भी राज्य सरकार के द्वारा पिछड़ी जातियों का जातीय जनगणना और उनके आर्थिक सामाजिक राजनीतिक स्थिति का सर्वेक्षण नहीं कराना दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रसाद ने कहा कि सरकार ने सिमडेगा गुमला लोहरदगा खूंटी लातेहार प.सिंहभूम और दुमका के इन सात जिलों में ओबीसी के आरक्षण शुन्य रखा है और रांची में 8 साहिबगंज पाकुड़ सरायकेला मैं 7% जामताड़ा में नौ और गढ़वा में 12% आरक्षण दिया गया है जबकि सरकार का ही निर्णय है कम से कम 14% ओबीसी को आरक्षण देना है।




प्रसाद ने पिछड़ी जातियों की जनगणना और सर्वेक्षण तुरंत कराने का सरकार से मांग किया है और और सरकार ने 7 जिलों में ओबीसी का आरक्षण को शुन्य करने का जो निर्णय लिया है उसको तत्काल वापस लेते हुए आबादी के अनुरूप आरक्षण देने की मांग की है।

मोर्चा अध्यक्ष ने ईडब्ल्यूएस आरक्षण पर कहा झारखंड में जब तक अपना नियोजन नीति सरकार नहीं बनाती है तब तक इसका लाभ मूलवासी सदान से आने वाले ईडब्ल्यूएस के स्वर्णों को कोई लाभ नहीं मिलेगा। प्रसाद ने कहा कि झारखंड में संयुक्त बिहार में बने नियम कानून से ही झारखंड में सारे काम हो रहे हैं लेकिन नियोजन नीति के मामले में ऐसा नहीं हुआ क्योंकि 3 मार्च 1982 में संयुक्त बिहार में बने नियोजन नीति खतियान आधारित है। ऐसी परिस्थिति में झारखंड सरकार संयुक्त बिहार में बने नियोजन नीति 3 मार्च 1982 को ही लागू करे। जब -तक झारखंड सरकार कोई ठोस अपना नियोजन नीति नहीं बना लेती है। मूलवासी सदानों और पिछड़ों के अधिकारों को लेकर अप्रैल माह से पूरे राज्यभर में और आंदोलन तेज करने की बात कही।

## कोर्ट की खबरें

### एनआईए जांच कराने का आदेश निरस्त



**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मंगलवार को राज्य सरकार की ओर से एनआईए जांच की अनुशंसा संबंधी निर्णय लेने में 55 दिन का समय लेने को आधार बनाते हुए केंद्र सरकार द्वारा एनआईए जांच का आदेश दिए जाने को चुनौती दिए जाने वाली फूलेश्वर गोप क्रिमिनल रिट को खारिज कर दिया है। याचिकाकर्ता का कहना है कि बेड़ो थाना कांड संख्या 67/ 2016 को एनआईए से जांच कराने की अनुशंसा करने में राज्य सरकार ने 55 दिनों का समय लिया है, जबकि एनआईए एक्ट के तहत सात दिनों में राज्य सरकार को निर्णय लेना होता है। याचिकाकर्ता का यह भी कहना था कि इस मामले में एनआईए ने प्रथम पूरक चार्जशीट में उसे गवाह बताया है, जबकि दूसरी पूरक चार्जशीट में उसे आरोपित बना दिया है। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया है कि राज्य सरकार ने महीनों बाद एनआईए जांच से कराने का आंतरिक निर्णय लिया है। इसलिए केंद्र सरकार की ओर से इस मामले की जांच एनआईए को देने का आदेश दिया जाना गलत है। इसलिए बेड़ो थाना कांड संख्या 67/ 2016 की जांच एनआईए को हैंडओवर करने के आदेश निरस्त किया जाना चाहिए।

### राहुल गांधी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट में मंगलवार को अमित शाह पर टिप्पणी मामले में राहुल गांधी की याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में वादी राहुल गांधी की ओर से हस्तक्षेप याचिका दाखिल की गई, जिसका जवाब देने के लिए प्रतिवादी प्रताप कुमार की ओर से अधिवक्ता गौतम कुमार एवं विनोद साहू ने समय लिया। अब मामले की अगली सुनवाई 18 मई तक राहुल गांधी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक जारी रहेगी। यह मामला राहुल गांधी द्वारा वर्ष 2019 में कांग्रेस के अधिवेशन में तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ टिप्पणी करने से जुड़ा है। इसमें राहुल गांधी ने कहा था कि कांग्रेस में कोई हत्यारा राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं बन सकता है। कांग्रेसजन किसी हत्यारा को राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वीकार नहीं कर सकते हैं, यह भाजपा में ही पॉसिबल है।

# कोर्ट ने डीसी से भूमि का खतियान मांगा

**नवीन मेल संवाददाता।**

रांची। झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र और जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की खंडपीठ में मंगलवार को रांची के विभिन्न जलशयों एवं तालाबों के अतिक्रमण से संबंधित मामले की सुनवाई हुई। अदालत ने रांची डीसी से हिनू नदी के आसपास की भूमि का खतियान मांगा है। साथ ही अदालत ने रांची नगर निगम और सरकार से कांके डैम के आसपास अतिक्रमण हटाने के लिए उठाये गए कदमों की जानकारी मांगी है। अदालत अब तीन अप्रैल को याचिका पर सुनवाई करेगी। रांची के बड़ा तालाब और जिला के आसपास के जलस्त्रोतों को संरक्षित करने, इसके अलावा इसके आसपास हो रहे अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की गयी है। जनहित याचिका में कहा गया है कि बड़ा तालाब, कांके डैम व धुर्वा डैम की सैकड़ों एकड़ जमीन अतिक्रमणकारियों ने हड़प ली है। वहां मल्टी स्टोरेज बिल्डिंग का निर्माण किया जा रहा है, जिसका काफी बुरा असर जलाशयों पर पड़ रहा है।

## रांची के मोरहाबादी मैदान में 15 अप्रैल से लगेगी नाइट मार्केट

**रांची।** राजधानी रांची शहर के मोरहाबादी मैदान में 15 अप्रैल से नाइट मार्केट की शुरूआत होगी। यह मार्केट मैदान के उत्तरी छोर पर होटल पार्क प्राइम के समीप लगेगा। नाइट मार्केट के शुभारंभ को लेकर नगर निगम द्वारा तैयारी कर ली गयी है। यहां की खाली जमीन पर पेवर ब्लॉक लगा दिया गया है। बैठने के लिए बेंच-डेस्क व शेड का निर्माण कराया गया है। रात में इस जगह पर अंधेरा न हो, इसके लिए स्टैंड लाइट व गार्डेन लाइट लगा दिये गये हैं। नाइट मार्केट में दुकान के आवंटन के लिए निगम द्वारा कई शर्त रखी गयी है। यहां दुकान लगाने के लिए दुकानदार को प्रतिमाह पांच हजार रुपये निगम को देने होंगे। दुकानें शाम छह बजे से रात 11 बजे तक लगेंगी। इसके बाद दुकानों को सामान पैक कर अपने साथ ले जाना होगा।

## पृष्ठ एक के शेष

**भाजपा विधायकों ने लगाए...**

विधायक दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि कहां पर रामनवमी मनाने पर रोक लगी है। क्या राम जी ने इनको सपने में आकर कहा है। बिना डीजे के भी जुलूस निकल सकता है। क्या भगवान ने कहा है कि डीजे बजाकर ही जुलूस निकाला जाए। हजारीबाग के विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि ये गूंगी बहरी सरकार है और केवल वोट बैंक का राजनीति कर रही है। सरस्वती पूजा में भी ऐसा हुआ था। अब रामनवमी में भी ऐसा किया जा रहा है। हजारीबाग डीसी के प्रेस कांफ्रेंस का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि लाउडस्पीकर, ताशा, ढोल-बाजे और गाना बजाने की अनुमति है, लेकिन चलंत डीजे नहीं बजा सकते हैं। जब आपने गाना बजाने की अनुमति दे दी है तब आपको डीजे बजाने देने से क्या चिढ़ है। कहीं न कहीं यह दूसरे समुदाय को खुश करने की कोशिश है। ये हिंदुओं की आस्था से खिलवाड़ कर रहे हैं। इस पर विधायक रणधीर सिंह ने कहा कि भगवान श्री राम के ऊपर राजनीति नहीं होनी चाहिए। जबसे झारखंड में जेएमएम कांग्रेस और राजद के गठबंधन वाली सरकार आई है तब से हर वर्ष हजारीबाग में आयोजित होने वाले रामनवमी के जुलूस पर अलग-अलग तरह से प्रतिबंध लगाकर हिंदुओं को दबाने का प्रयास किया जा रहा है, जो भाजपा कभी होने नहीं देगी। विधायकों ने हजारीबाग में आयोजित होने वाले विश्व प्रसिद्ध रामनवमी की शोभायात्रा के दौरान डीजे नहीं बजाने और वृहद स्तर पर पर जुलूस न निकालने के सरकार के आदेश को अविलंब रद्द करने की बात कही।

**हेमंत सोरेन ने गदा उठाकर...**

जाना है। पुल के दोनों ओर हरमू नदी को 100-100 मीटर सीमेंट से ढाल कर ढंका जाएगा। बायीं ओर ढ़की नदी के ऊपर के रास्ते को भविष्य में आगे बढ़ाकर तिवारी बेंचर पेट्रोल पंप के पास निकाला जाना है। फिलहाल, यह मार्ग मंदिर के बगल और पीछे बनने वाले पार्क तक ही जायेगा। इस मार्ग से लोग पार्क आना-जाना करेंगे। मंदिर और इसके आसपास के सौंदर्यीकरण का एक उद्देश्य यह भी है कि लोग रामनवमी के अलावा वर्ष भर हरियाली भरे माहौल में सुकून के पल गुजार सकें।

**ये सुविधाएं भी होंगी :** यहां पार्किंग एरिया, लॉन, बच्चों के खेलने का क्षेत्र पार्क आउटडोर जिम, सर्विस ब्लॉक टेंपल प्लाजा, ग्रीन वॉल और कियोस्क की भी सुविधा श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध होगी।

**रामनवमी पर रहेंगे सुरक्षा...**

बाडी प्रोटेक्टर एवं लाइट किट के साथ रिपोर्ट करना होगा। जिलों में जवानों को दंगारोधी सुरक्षा उपकरणों के साथ प्रतिनियुक्त किया जायेगा। रामनवमी के बाद 31 मार्च को संबंधित वाहिनी, रेंज रिजर्व और प्रशिक्षण केंद्रों में जवान वापस आ जाएंगे। अतिरिक्त तैनाती में जैप की 10 कंपनियों, आईआरबी की तीन कंपनी, 16 ईको, रैपिड एक्शन फोर्स की छह कंपनियां को भी लगाया गया है। राज्य के सभी जिलों के चिन्हित अति संवेदनशील क्षेत्रों में रैपिड एक्शन फोर्स की तैनाती की जाएगी। झारखंड पुलिस प्रवक्ता एवी होमकर ने बताया कि रामनवमी को लेकर पूरे राज्य में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सभी जिलों में अतिरिक्त बल लगाए गए हैं। सभी एसपी को पर्व को लेकर कई दिशा-निर्देश भी दिए गए हैं।

**गलत जानकारी देने पर...**

से पुष्कर फार्मा से रू. 24.60 की दर पर खरीदा। मंत्री के नजदीकी और उनके दल के प्रदेश स्तर के एक नेता के पास कर्नाटका एंटिबॉयोटिक्स का झारखंड राज्य का सीएनएफ है। कर्नाटका एंटीबॉयोटिक्स ने रांची की यूनिक फार्मा से एक एग्रीमेंट किया है, जिसके अनुसार उसे 12 से 15 प्रतिशत कमीशन दवाओं की बिक्री पर कंपनी देगी। यूनिक फार्मा का राज्य के स्वास्थ्य मंत्री से क्या संबंध है और कर्नाटका एंटिबॉयोटिक्स ने इसके माध्यम से मंत्री को कितना उपकृत किया है, यह जांच का विषय है। भारत सरकार के उर्वरक मंत्रालय एवं स्वास्थ्य मंत्रालय के निर्देशानुसार जिन दवाओं को खरीदने की सलाह राज्य एवं केंद्र सरकार के संबंधित विभाग को दिया गया है, उनका निर्माण वे स्वयं करेंगे परंतु पारासिटामोल सिरप कर्नाटका एंटिबॉयोटिक्स ने एमबोलिक लैब प्राईवेट लिमिटेड, कुंबलगुडू, बेंगलुरू की कंपनी से बनवाया गया है और झारखंड सरकार को बेचा है। इसी तरह से गोवा एंटिबॉयोटिक्स (जो भारत सरकार की कंपनी है), ने क्रमशः अजमेर के विष्णु चौधरी की कंपनी से तथा भोपाल के उपकरण फार्मा में निर्मित आयुर्वेदिक दवाइयां सरकार को ऊंची कीमत पर बेची हैं। स्वास्थ्य विभाग के तत्कालीन संयुक्त निदेशक (औषधि), सुरेंद्र प्रसाद ने पकड़ा कि भारत सरकार की कंपनियां जिन दवाओं की आपूर्ति कर रही हैं, उनका जांच प्रतिवेदन उनका नहीं बल्कि जिन प्राइवेट निर्माताओं से इन्हें उन्होंने खरीदा है, का है, जिसे उनके पास जमा किया गया है। उनका यह कथन सही साबित हो गया तो स्वास्थ्य विभाग की ओर से उनसे स्पष्टीकरण पूछा गया। उनकी शक्ति छीन ली गई। अब वे सेवानिवृत हो गये हैं। उपर्युक्त के आलोक में स्वास्थ्य मंत्री के विरूद्ध अवमानना की कार्रवाई चलाने का अनुरोध है।

**पलामू में नक्सलियों ने पांच...**

लेवी के लिए इस वारदात को अंजाम दिया गया है। पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने कहा है कि एसडीपीओ सुजीत सिंह के नेतृत्व में पुलिस जिला बल, जैप और आईआरबी के साथ मिलकर इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया है। उधर, लंबे अरसे बाद हुई इस नक्सली वारदात से क्षेत्र में दहशत है।

**पलामू में 50 हजार की...**

जाने की तैयारी थी। लेकिन, ट्रक चालक पप्पू राम रास्ता भटक जाने कारण पांडू चला गया था। वापस लौटने के क्रम में विश्रामपुर थाना से गरीब 500 मीटर की दूरी पर एक नाली में ट्रक फंस गया। गिरफ्तार चालक राजस्थान के बाड़मेर जिले का रहने वाला है। अवैध शराब का कारोबारी संदीप कुमार बताया जा रहा है, जिसके माध्यम से शराब बिहार भेजा जा रहा था। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

**दुनिया की सबसे अहम पार्टी...**

है कि बीजेपी को लेकर जो समझ अमेरिकियों के दिमाग में है, वो तुलनात्मक रूप से काफी कम है। इसके पीछे कारण यहां के लोगों का भारतीयों की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पृष्ठभूमि की जानकारी नहीं होना है। लेख में कहा गया है कि बतौर संगठन बीजेपी को खड़ा करने में हिंदुत्व की अवधारणा रखने वाले समाजिक चिंतकों की कई पीढ़ियों का हाथ है। इसमें लिखा है-मुस्लिम ब्रदरहुड की तरह बीजेपी पश्चिमी उदारवाद के कई विचारों और प्राथमिकताओं को खारिज करती है। यहां तक कि यह आधुनिकता की प्रमुख विशेषताओं को भी अपनाती है। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की तरह, बीजेपी एक अरब से अधिक आबादी वाले देश को वैश्विक महाशक्ति बनाने की उम्मीद करती है। इजराइल में लिकुड पार्टी की तरह, भाजपा लोकलुभावन बयानबाजी और पारंपरिक मूल्यों के साथ मूल रूप से बाजार समर्थक आर्थिक रुख को जोड़ती है। यहां तक कि यह उन लोगों के गुस्से को भी चैनलाइज किया, जिन्होंने यूरोपीय सोच और राजनीतिक रूप से ईलीट क्लास से तिरस्कृत और बहिस्कृत महसूस किया।

लेख में बीजेपी को लेकर लेफ्ट लिबरल की उस सोच को भी काउंटर किया है, जिसमें अल्पसंख्यकों को लेकर इस पर सांप्रदायिक सोच रखने के आरोप लगते हैं। लेख में कहा गया है कि कुछ लेफ्ट लिबरल डेनमार्क की तर्ज पर नरेंद्र मोदी के भारत को देखने की कोशिश करते हैं। लेकिन, भारत की सामाजिक और आर्थिक स्थिति डेनमार्क से काफी जुदा है।

लेखक के अनुसार, भारत एक कॉम्पिलिकेटेड जगह है और यहां कई तरह की कहानियां भी हैं। भारत के पूर्वोत्तर बीजेपी ने ईसाई बहुल राज्यों में राजनीतिक तौर पर महत्वपूर्ण सफलताएं हासिल की हैं। लगभग 20 करोड़ की आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार को शिया मुसलमानों का मजबूत समर्थन प्राप्त है। जातिगत भेदभाव से लड़ने के प्रयासों में आरएसएस के कार्यकर्ताओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। लेखक ने अमेरिकी थिंक टैंक को बीजेपी और आरएसएस के साथ मिलकर वैश्विक स्तर पर काम करने की बात कही है। तर्क है कि बदलते परिवेश में बीजेपी और आरएसएस एक बड़ी सच्चाई है। उन्होंने न सिर्फ चीन से जारी तनाव को बैलेंस करने बल्कि आर्थिक रूप से भी बेहतर माहौल बनाने में मदद की वकालत की है।

**श्रम विभाग का अनुदान मांग...**

बिजली व्यवस्था सुधरे। पानी की समस्या दूर की जाए। सरकार जमीन पर काम नहीं कर रही। बिजली की व्यवस्था सुधारे। ढुल्लू महतो ने कहा कि रघुवर सरकार में एक घंटे में तार गिरने पर काम होता था, अब पांच-पांच दिन लग जाते हैं। ऊर्जा विभाग के अधिकारी मामले को देखें।

**कोयला का हो रहा अवैध खननः** ढुल्लू महतो ने कहा कि धनबाद में कोयला का अवैध खनन हो रहा है। एक ही जगह पर अवैध खनन में 300 आदिवासी मारे गए, लेकिन उन्होंने आवाज उठाई तो उन्हें जेल भेज दिया। ढुल्लू महतो ने कहा कि आगे भी वह आवाज उठाएंगे तो उन्हें सरकार जेल भेज देगी। ढुल्लू महतो ने कहा कि रोजाना सिर्फ धनबाद से 1000 ट्रक अवैध कोयला निकलता है। कोयले का कारोबार बाहर के शक्तिशाली लोग कर रहे हैं, कभी धनबाद में झामुमो के लोग आवाज उठाते थे, 50 से अधिक लोगों की हत्या तब हुई थी, लेकिन अब सरकारी संरक्षण में कोयले की तस्करी हो रही है।

**दुर्गा सोरेनल विश्वविद्यालय समेत दो...**

नहीं हुई है। 75 प्रतिशत आरक्षण का पालन निजी विश्विद्यालयों में होगा या नहीं। विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि निजी विश्वविद्यालय सर्टिफिकेट बेचने का अड्डा बन गया है। जवाब में प्रभारी मंत्री मिथलेश ठाकुर ने कहा कि झारखंड में उच्च शिक्षा का नामांकन दर 17 प्रतिशत है, जबकि राष्ट्रीय दर 23 प्रतिशत है। निजी विश्वविद्यालय के खुलने से हम राष्ट्रीय दर तक पहुंच सकते हैं। दुर्गा सोरेन विश्वविद्यालय को शिवम ट्रस्ट के द्वारा खोला जा रहा है। उन्होंने कहा कि अभी राज्य में 16 निजी विश्वविद्यालय चल रहे हैं। सरकार ने सभी विश्वविद्यालयों की जांच कराई है। दो विश्वविद्यालय सरकार के मापदंड का पालन नहीं कर रहा है। अगली कैबिनेट में इन दोनों की मान्यता रद्द की जाएगी।


कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू
(खेल शाखा)
Phone no- 06562 224033 email id:- palamukhel@gmail.com

आदेश
P.R. No. - 281547

पर्यटन मद अन्तर्गत जल क्रीड़ा एवं साहसिक क्रीड़ा के उपकरणों के क्रय हेतु प्रकाशित Experience of Intrest (EOI) P.R. No. - 281547 प्रकाशित किया गया था। उक्त प्रकाशित Experience of Intrest (EOI) को अपरिहार्य कारणों से तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाता है।

जिला खेल पदाधिकारी, पलामू — उप विकास आयुक्त, पलामू — उपायुक्त, पलामू

PR 293230 Palamu (22-23)_D

Office of the Civil Surgeon cum CMO, Ramgarh
(Health Department)

शुद्धि पत्र

इस कार्यालय के द्वारा प्रकाशित Selection of Agency for Selection of Agency for Empanelment of Service Provider for Management of Undernourished Children and Mobile Telemedicine Van at Village Level, Ramgarh District in Jharkhand State जिसका PR 292237 Health Med Edu and Family Welfare (22-23).D है को निम्नलिखित रुप से संशोधित किया जाता है।

| क0 | विवरणी | पूर्व में प्रकाशित तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | Bid submission closing date | 01:00 PM on 24-03-2023 | 01:00 PM on 25-03-2023 |
| 2 | Bid opening date | 02:00 PM on 25-03-2023 | 03:00 PM on 28-03-2023 |

नोट :– शेष नियम एवं शर्ते यथावत रहेंगें।

ह0/–
असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, रामगढ़

PR 293258 Health Med Edu and Family Welfare (22-23)_D

# भारत ने नेपाल को 4-1 से हराया

### सैफ अंडर-17 महिला फुटबॉल प्रतियोगिता

**एजेंसी। ढाका**

भारत की अंडर-17 टीम ने सैफ अंडर-17 महिला फुटबॉल प्रतियोगिता में अपने अभियान की शुरुआत पहले मुकाबले में नेपाल को 4-1 से हराकर की। भारत ने आक्रामक शुरुआत करते हुए पहले 20 मिनट में ही तीन बार गेंद को नेपाल के गोल में पहुंचा दिया लेकिन दो मौके ऑफ साइड होने के कारण बेकार चले गए। मैच के 10वें मिनट में शिलजी शाजी ने गोल कर भारत को बढ़त दिलाई। शाजी ने 40वें मिनट में दूसरा गोल दागा। पूजा ने एक मिनट बाद ही स्कोर 3-0 कर दिया। शाजी ने अपना तीसरा गोल दागते हुए भारत को 4-1 से जीत दिला दी।




# बजरंग और विनेश विदेश में करेंगे ट्रेनिंग

### टॉप्स ने दी मंजूरी, बजरंग किर्गिजिस्तान तो विनेश पोलैंड में लेंगी ट्रेनिंग

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय खेल मंत्रालय की टारगेट ओलम्पिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) ने पहलवानों बजरंग पुनिया और विनेश फोगाट के किर्गिजिस्तान और पोलैंड में अंतर्राष्ट्रीय ट्रेनिंग कैम्प के आग्रह को मंजूरी दे दी है। बजरंग ने किर्गिजिस्तान के चोलपोन-एटा में 16 दिन की ट्रेनिंग का आग्रह किया था जबकि विनेश ने पोलैंड के स्पाला में ओलम्पिक प्रीपरेशन सेंटर में 11 दिन की ट्रेनिंग का आग्रह किया था। वित्तीय सहायता में एथलीट के एयर टिकट, कैम्प के खर्चे जिसमें ट्रेनिंग, रुकने और ठहरने का खर्च शामिल होगा और विविध खर्चे जैसे एयरपोर्ट ट्रांसफर, बीमा और आंतरिक यात्रा तथा जेब खर्च भत्ता शामिल होंगे। टॉप्स विनेश की जोड़ीदार संगीता फोगाट और फिजियोथेरेपिस्ट अश्विनी जीवन पाटिल तथा बजरंग के कोच सुजीत मान, फिजियोथेरेपिस्ट आनंद कुमार और स्ट्रेंथ एन्ड कंडीशनिंग विशेषज्ञ काजी किरण मुस्तफा हसन का खर्चा भी उठाएगा।



## NEWS इन ब्रीफ

### चेन्नई टर्बोस ने एलीट प्रो बास्केटबॉल लीग में जीता खिताब

**नई दिल्ली।** चेन्नई टर्बोस ने जयपुर जायंट्स को 100-82 से हराकर एलीट प्रो बास्केटबॉल लीग में खिताब जीत लिया। विजेता चेन्नई टर्बोस को 10 लाख रुपये का नगद पुरस्कार मिला जबकि उप विजेता जयपुर जायंट्स को दो लाख रुपये से संतोष करना पड़ा। चेन्नई टीम के अरविंद अनंदुरई ने सबसे मूल्यवान खिलाड़ी का पुरस्कार जीता और उन्हें एक लाख रुपये का नगद पुरस्कार मिला। चंडीगढ़ कॉन्कर्स के अगु स्टेनली ने डंक प्रतियोगिता जीती जबकि हैदराबाद हुप्स के मनदीप सिंह ने तीन अंकों का शूट आउट जीता। चेन्नई ने पूरे टूर्नामेंट में अपराजित रहते हुए खिताब जीता।

### कुमार संगकारा दोहरी भूमिका में बने रहेंगे

**जयपुर।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के उद्घाटन सीजन के विजेता राजस्थान रॉयल्स ने सोमवार को घोषणा की है कि कुमार संगकारा क्रिकेट निदेशक और मुख्य कोच की दोहरी भूमिका में बने रहेंगे और टूर्नामेंट के 2023 सीजन के लिए ट्रेवर पेनी द्वारा सहायता प्रदान की गई। संगकारा के पूर्व राष्ट्रीय साथी, श्रीलंकाई गेंदबाजी दिग्गज लसिथ मलिंगा भी फ्रेंचाइजी के साथ तेज गेंदबाजी कोच के रूप में बने हुए हैं।

### एक दिवसीय क्रिकेट का आक्रामक ब्रांड बनना चाहते हैं : दास

**ढाका।** बांग्लादेश के एक दिवसीय उप-कप्तान लिटन दास ने कहा है कि आयरलैंड के खिलाफ चल रही तीन मैचों की सीरीज के लिए सिलहट इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम (एसआईसीएस) की पिचों पर खेलने से उन्हें विश्व कप की तैयारियों में मदद मिलेगी। लिटन ने सोमवार को बारिश के कारण दूसरे वनडे मैच के रद्द होने के बाद संवाददाताओं से कहाः जब आप लगातार 300-350 रन बना रहे होते हैं तो इसका मतलब है कि आप अच्छी क्रिकेट खेल रहे हैं। हम इसे क्रिकेट का आक्रामक ब्रांड बनाना चाहते हैं और अगर हमारा बल्लेबाज बड़े टूर्नामेंट में रन बना सकता है, तो इसे इस तरह से बनाया जाएगा।

# खिताबी जीत

## युवान नांदल ने जीता 38वें प्रीमियर सरवाक कप टेनिस टूर्नामेंट का खिताब


**एजेंसी। मोहाली**

राउंड ग्लास टेनिस अकादमी (आरजीटीए) के एथलीट युवान नांदल ने सारावाक मलेशिया में 38वें प्रीमियर सारावाक कप (ग्रेड 1) में लड़कों का एकल खिताब जीत लिया है। यह टूर्नामेंट 13 मार्च से 19 मार्च तक आयोजित किया गया था। इसमें दुनिया भर के कुछ सर्वश्रेष्ठ जूनियर खिलाड़ियों को शामिल किया गया था। भारतीय टेनिस के एक होनहार स्टार युवान नांदल ने फाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त आर्यन शाह को सीधे सेटों में 6-3, 6-4 से हराकर ट्रॉफी जीती। फाइनल के अपने रास्ते पर उन्होंने कोरियाई डोंग्युन ह्वांग, जापान के रेया हतोरी और ऑस्ट्रेलिया के चार्ली कैमस और पावले मरिंकोव को हराया। इस जीत के साथ युवान ने अपनी उपलब्धियों की सूची में एक और प्रतिष्ठित खिताब जोड़ लिया है।

**टूर्नामेंट में दुनिया भर के कुछ सर्वश्रेष्ठ जूनियर खिलाड़ियों को किया गया था शामिल**

**युवान नांदल ने फाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त आर्यन शाह को सीधे सेटों में 6-3, 6-4 से हरा कर ट्रॉफी जीती**

**अपनी उपलब्धियों में एक और खिताब जोड़ा**



### जाने-माने कोच आदित्य सचदेवा युवान को कर रहे हैं प्रशिक्षित

जाने-माने कोच और राउंडग्लास टेनिस अकादमी के तकनीकी निदेशक, आदित्य सचदेवा युवान को अकादमी में प्रशिक्षित कर रहे हैं और उन्होंने अपने कौशल को सुधारने और अपने खेल को बेहतर बनाने में मदद की है। कोच सचदेवा ने कहाः राउंडग्लास टेनिस अकादमी में हर कोई युवान की जीत से बहुत खुश है और यह जीत दीर्घकालिक एथलीट विकास के हमारे दृष्टिकोण के अनुरूप है, जिसमें हम एटीपी दौरे के लिए युवा खिलाड़ियों के पोषण के महत्व पर जोर देते हैं। आरजीटीए में कोर्ट के अंदर और बाहर दोनों जगह हम अपने एथलीटों के समग्र विकास को प्राथमिकता देते हैं, हमारा मार्गदर्शक सिद्धांत एथलीटों के मनोवैज्ञानिक कल्याण और खुशी पर विचार करना है, जो कोर्ट पर उनके प्रदर्शन के साथ-साथ हमारी योजनाओं का अभिन्न अंग है।

# सूर्यकुमार को पहली कुछ गेंदों पर सतर्क रहना होगा : फिंच

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान आरोन फिंच ने पहले दो वनडे में भारतीय बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव के आउट होने का विश्लेषण करते हुए कहा है कि सूर्य को अपनी पारी की शुरुआती गेंदों में सतर्क रहना होगा। सूर्य का ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज में काफी मुश्किल समय रहा है। उन्हें दोनों बार बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने पारी की पहली गेंद पर ही आउट किया है। सूर्य दो मैचों में दो गोल्डन डक बना चुके हैं।

फिंच ने स्टार स्पोर्ट्स से कहाः सूर्यकुमार को स्टार्क से दो खूबसूरत गेंद मिली। लेकिन वह जानते हैं कि वह कहां गेंद डालने वाले हैं। उन्हें अपनी पहली कुछ गेंदों में ज्यादा सतर्क होना होगा। फिंच ने आगे कहाः भारतीय ओपनर शुभमन गिल भी खुद से निराश होंगे, क्योंकि वह अपनी शानदार फॉर्म को वनडे सीरीज में नहीं भुना पा रहे हैं।

उन्होंने कहाः मुझे लगता है कि शुभमन गिल ने एक-दो खराब शॉट खेले हैं जिसने उन्हें निराश किया होगा, खास तौर यह देखते हुए कि वह इतनी शानदार फॉर्म में हैं। यदि आप अच्छी गेंद पर आउट हो जाएं तो आप उसे स्वीकार कर सकते हैं लेकिन जब आप इतनी अच्छी फॉर्म में हों और इस तरह से आउट हो जाएं तो निराशा होती है।

## वनडे में सूर्यकुमार को छठे नंबर पर आजमा सकते हैं : दिनेश कार्तिक

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के अनुभवी विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक का मानना है कि सूर्यकुमार यादव का वनडे में खेलना 'गैर-परक्राम्य' है, जबकि वह दाएं हाथ के बल्लेबाज को छठे नंबर के बल्लेबाज के रूप में आजमाते हुए देखना चाहेंगे। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच दोनों एक दिवसीय मैचों में, सूर्यकुमार को मुंबई और विशाखापत्तनम में सामना की गई पहली ही गेंद पर बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क की इनस्विंगरों ने पगबाधा आउट कर दिया। एक दिवसीय मैचों में अपनी पिछली नौ पारियों में, सूर्यकुमार ने केवल 110 रन बनाए हैं, इस बात पर संदेह है कि क्या वह 50 ओवर के प्रारूप में अपने टी-20 ब्लिट्जक्रेग को दोहरा सकते हैं। वह टी-20 में भी उन दो गेंदों पर आउट हो जाते। ऐसा नहीं है क्योंकि यह वनडे है, वह आउट हो रहा है। आपको यह समझना होगा कि यह प्रारूप के बावजूद उच्च गुणवत्ता वाली गेंदबाजी है। कार्तिक ने क्रिकबज के हवाले से कहाः उन्होंने अब दो वनडे खेले हैं और इससे पहले वह लगातार नहीं खेले थे। श्रेयस अय्यर पसंदीदा नंबर चार थे और सही भी थे और सूर्या बैकअप विकल्प थे। जहां हमें सूर्या के साथ रहने की जरूरत है। कार्तिक ने सुझाव दिया कि वह सूर्यकुमार को छठे नंबर पर बल्लेबाजी करते देखना चाहेंगे और हार्दिक पांड्या को नंबर चार का स्थान देना चाहेंगे, श्रेयस अय्यर की उपलब्धता पर अभी तक कोई स्पष्टता नहीं है, जो पीठ की चोट से जूझ रहे हैं।



# एलएलसी मास्टर्स : एशिया लायंस ने जीता खिताब

### वर्ल्ड जायंट्स को सात विकेट से हराया

**एजेंसी। दोहा**

एशिया लायंस ने सलामी बल्लेबाज उपुल थरंगा और तिलकरत्ने दिलशान के बेहतरीन अर्धशतकों की बदौलत वर्ल्ड जायंट्स को 23 गेंद शेष रहते सात विकेट से हराकर लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) मास्टर्स का खिताब जीत लिया है। दोहा के एशियन टाउन क्रिकेट स्टेडियम में सोमवार देर रात खिताबी मुकाबले में 148 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी एशियन लायंस को थरंगा और दिलशान ने तेज शुरूआत दिलाई और 9.6 ओवर में 115 रन जोड़े। इस साझेदारी को ब्रेट ली ने थरंगा को बोल्ड कर तोड़ा। थरंगा ने 28 गेंदों में पांच चौकों और तीन छक्कों की मदद से 57 रन बनाए। एशिया लायंस को आखिरी दस ओवर में सिर्फ 33 रन चाहिए थे। दिलशान को समित पटेल ने आउट कर दिया जब जीत के लिए 41 गेंदों में केवल 16 रन चाहिए थे। दिलशान ने 42 गेंदों में आठ चौकों की मदद से 58 रन बनाए। मोहम्मद हफीज और मिस्बाह उल हक ने नौ-नौ रन बनाकर नाबाद रहते हुए अपनी टीम को जीत दिलाई।

इससे पहले इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए वर्ल्ड जायंट्स ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 147 रन बनाए। जायंट्स के लिए जैक्स कैलिस ने नाबाद 78 रन बनाए। उन्होंने 54 गेंदों का सामना किया और पांच चौके और तीन छक्के लगाए। कैलिस ने रॉस टेलर के साथ चौथे विकेट के लिए 11.1 ओवर में 92 रन की साझेदारी भी की। टेलर ने 33 गेंदों में तीन चौकों की मदद से 32 रन बनाए। इन दोनों के अलावा लेंडल सिमंस ने 17 रन बनाए। एशिया लायंस के लिए स्पिनर अब्दुल रज्जाक ने दो और तिसारा परेरा ने 1 विकेट लिया। थरंगा, जिन्होंने एशिया लायंस को फाइनल में ले जाने के लिए इंडियंस महाराजा के खिलाफ भी 50 रन बनाए थे, उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया। वहीं, अब्दुल रज्जाक को मैन ऑफ द मैच चुना गया।




### अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल का मणिपुर में होगा आगाज

**इंफाल।** भारतीय फुटबॉल को कई बेहतरीन खिलाड़ी देने वाला मणिपुर बुधवार से यहां शुरू होने वाले तीन देशों के टूर्नामेंट के जरिए पहली बार अंतरराष्ट्रीय मुकाबले की मेजबानी करेगा।

# आईपीएल 2023 के लिए कमेंटेटर्स पैनल की घोषणा

### कैलिस, युसूफ और श्रीसंत करेंगे पदार्पण

**एजेंसी। मुंबई**

आईपीएल 2023 के आधिकारिक प्रसारक स्टार स्पोर्ट्स ने मंगलवार को स्टार खिलाड़ियों से सुसज्जित कमेंट्री पैनल की घोषणा की जिसमें 22 गज की पिच की सुशोभित करने वाले खिलाड़ी शामिल होंगे। टी-20 विश्व कप जीतने वाले दो कप्तान पॉल कोलिंगवुड और आरोन फिंच कप्तानों का दृष्टिकोण रखेंगे। फिंच नौ आईपीएल फ्रेंचाइजी की तरफ से खेले हैं। उनके साथ इंग्लैंड और आईपीएल के पूर्व लीजेंड केविन पीटरसन शामिल होंगे। डैनी मॉरिसन आईपीएल 2023 की स्टार स्पोर्ट्स कवरेज में महत्वपूर्ण साबित होंगे। पूर्व आईपीएल कोच जैक्स कैलिस स्टार स्पोर्ट्स पैनल में अपना पदार्पण करेंगे। केकेआर के मेंटर रहे पूर्व ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज डेविड हसी और सीएसके के लीजेंड मैथ्यू हेडन कैलिस और पीटरसन के साथ जुड़ेंगे। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व लेग स्पिनर इमरान ताहिर स्पिन गेंदबाजी पर अपना दृष्टिकोण रखेंगे। पूर्व आईपीएल कोच टॉम मूडी, डेनियल वेटोरी और साइमन कैटिच रणनीति और खेल का विश्लेषण करेंगे। पैनल में भारत के लीजेंड ओपनर सुनील गावस्कर और वीरेंदर सहवाग तथा पूर्व महिला क्रिकेटर मिताली राज भी शामिल होंगी।

# टीम के प्रदर्शन से प्रभावित हैं जीजे के मेंटर और कोच

### उद्घाटन संस्करण में नॉक आउट चरण से बाहर हो गई गुजरात जायंट्स की टीम

**एजेंसी। मुंबई**

अडाणी गुजरात जायंट्स ने महिला प्रीमियर लीग के उद्घाटन संस्करण में अपने शानदार प्रदर्शन से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया है। हालांकि, शुरूआती मैचों के दौरान कुछ चोटों के कारण जायंट्स ऐतिहासिक टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण की दौड़ से बाहर हो गया।

अडाणी गुजरात जायंट्स की टीम के लिए मुख्य कोच के रूप में अपने पहले कार्यकाल के बारे में बात करते हुए राचेल हेन्स ने कहाः यह निश्चित रूप से मेरे लिए एक अद्भुत टीम के लिए मुख्य कोच के रूप में एक रोमांचक और समृद्ध अनुभव था। निःसंदेह हमारे लिए कठिन क्षण थे, लेकिन टीम ने शानदार प्रदर्शन किया और हर मैच के दौरान काफी जज्बा दिखाया। हम सभी इस उद्घाटन सत्र से अपने साथ कई सकारात्मक और जीवन की महत्वपूर्ण सीख लेकर जा रहे हैं। हेन्स ने कहाः पहले मैच के अंत से पहले हमारे प्रमुख खिलाड़ियों को चोट लगी और खेलने के संयोजन के मामले में फेरबदल करना पड़ा, जो आसान फैसला नहीं था, लेकिन इससे हर खिलाड़ी को अपनी क्षमता दिखाने का मौका मिला। हम इससे खुश हैं।

## पीएचएल आठ जून से होगी पहले सीजन की शुरुआत

# पहली टीम बनी महाराष्ट्र आयरनमैन

### 8 जून से शुरू होकर 25 जून 2023 तक चलेगा पीएचएल

**एजेंसी। मुंबई**

प्रीमियर हैंडबॉल लीग (पीएचएल) के उद्घाटन सीजन की शुरुआत होने वाली है और उससे पहले ही आज टूर्नामेंट के सीजन 1 का हिस्सा बनने वाली पहली टीम के रूप में महाराष्ट्र आयरन मैन की घोषणा की गई। टीम का स्वामित्व महाराष्ट्र के अग्रणी खिलाड़ियों में से एक-पुनीत बालन स्टूडियो प्राइवेट लिमिटेड के पुनीत बालन के पास होगा। प्रीमियर हैंडबॉल लीग का उद्घाटन सत्र 8 जून, 2023 को शुरू होगा और यह 25 जून, 2023 तक चलेगा।

पुनीत बालन की अध्यक्षता वाली पुनीत बालन समूह की कीमत लगभग 3500 करोड़ रुपये है। प्रसिद्ध ख्याति प्राप्त बालन एक युवा और गतिशील उद्यमी और परोपकारी व्यक्ति हैं, जो नए जमाने के कुछ खेल निवेशकों में से एक हैं। ओलंपिक खेलों के जुनूनी बालन अल्टीमेट खो-खो, अल्टीमेट टेबल टेनिस और टेनिस प्रीमियर लीग जैसी लीगों में कई टीमों के मालिक हैं और उन्हें खेल के अलावा मनोरंजन और रियल एस्टेट के क्षेत्र में निवेश के साथ समकालीन दूरदर्शी भी माना जाता है।

बालन ने भारतीय टेनिस स्टार अंकिता रैना और रुतुजा भोसले को भी प्रायोजित किया है, ताकि उन्हें दुनिया भर के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए मौके मिल सके और उन्हें आवश्यक वित्तीय सहायता प्रदान की जा सके। अपनी फ्रेंचाइजी के बारे में बात करते हुए बालन ने कहाः खेल भारत की संस्कृति का एक अनिवार्य हिस्सा है और अब, पीएचएल के साथ काम करते हुए, मुझे यकीन है कि हम देश में हैंडबॉल के खेल को और बढ़ावा देने में सक्षम होंगे।




### भारतीय इलाकों में हैंडबॉल काफी लोकप्रिय

**भारतीय** इलाकों में हैंडबॉल पहले से ही काफी लोकप्रिय है, लेकिन अब समय आ गया है कि हम इसे सामने लाएं। राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर, महाराष्ट्र ने हमेशा टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन किया है और हमें यकीन है कि हम महाराष्ट्र आयरन मैन के साथ राज्य से नई प्रतिभाओं को तलाशने में सक्षम होंगे। ब्लू स्पोर्ट पिछले कुछ वर्षों से लगातार काम कर रहा है और मुझे लगता है कि वे लीग को एक नई ऊंचाई पर ले जाना चाहते हैं। मैं जून में लीग की शुरुआत का इंतजार कर रहा हूं। ब्लूस्पोर्ट एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक और सीईओ मनु अग्रवाल ने कहाः हमें खुशी है कि बालन एक फ्रेंचाइजी के मालिक के रूप में हमारे साथ जुड़े हैं। एक सच्चे खेल उत्साही और एक खिलाड़ी, उनके पास हमारे जैसा ही दृष्टिकोण है और वह देश में हैंडबॉल खेल को एक नई पहचान देना चाहते हैं। मैं इस रोमांचक लीग में बालन का स्वागत करना चाहता हूं और हम पूरे भारत में प्रशंसकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार हैं।